# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 1 अप्रैल 2025




सलकनपुर में सुरक्षा नियमों की 'अनदेखी'

## रोपवे के ऊपर बैठे दिखे लोग, संचालक बोले- रूटीन चेकिंग कर रहे थे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

नवरात्रि के दौरान प्रसिद्ध मां विजयासन देवी मंदिर सलकनपुर में सुरक्षा नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। रविवार को सामने आए वीडियो में कुछ लोग रोपवे के ऊपर बैठे नजर आ रहे हैं। बुधनी के एसडीओपी रवि शर्मा ने इस मामले की पुष्टि की है। रोपवे संचालक ने पुलिस को बताया कि ये उनके कर्मचारी थे, जो रोपवे की रूटीन चेकिंग कर रहे थे। हालांकि, पुलिस ने इस पर आपत्ति जताई क्योंकि कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण और हेलमेट के रोपवे ▶▶शेष पेज 4 पर

■ पुलिस ने रोपवे संचालक को दी चेतावनी

### हर घंटे होती है जांच

रोपवे प्रभारी राजू श्रीवास्तव का कहना है कि अभी नवरात्रि मेले के चलते सुबह 4 से रात 10 बजे तक रोपवे चलता है। प्रतिदिन लगभग 900 श्रद्धालु रोपवे के माध्यम से आते-जाते हैं। आने-जाने के लिए 120 रुपए किराया है। रोप वे पर एक बोगी में 6 लोग बैठते हैं। मेले में हर घंटे रोपवे की जांच की जाती है कि कहीं कोई जाम या दिक्कत तो नहीं है।

जंगल में हाल ही में लगाए गए ट्रैकिंग कैमरों में 10 बाघ कैप्चर हुए

सेंचुरी में बाघों की संख्या 10 हुई इसमें 5 वयस्क मादा, 3 वयस्क नर एवं 2 शावक

# खिवनी अभयारण्य में बढ़ा 'बाघों का कुनबा'



सुशील मालवीय ▶▶इछावर

अच्छी खबर

खिवनी अभयारण्य में सुकून देने वाली एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, अभयारण्य में कई दुर्लभ प्रजाति के वन्य प्राणियों के साथ ही बाघों का कुनबा भी बढ़ रहा है। जंगल में हाल ही में लगाए गए ट्रैकिंग कैमरों में 10 बाघ कैप्चर हुए हैं। इनमें 5 व्यस्क मादा, 3 व्यस्क नर व 2 शावक शामिल हैं। सेंचुरी में बाघों की संख्या बढ़ने से प्रबंधन काफी उत्साहित है। यह अभयारण्य सीहोर और देवास जिले के 134.778 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।

### खिवनी अभयारण्य की बढ़ती अहमियत



खिवनी अभयारण्य बाघों के रहने और प्रजनन का अहम इलाका बनता जा रहा है। यह पहले से ही रातापानी टाइगर रिजर्व और ओंकारेश्वर वन क्षेत्र के लिए एक मजबूत बाघ स्रोत क्षेत्र रहा है। अब राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और ग्लोबल टाइगर फोरम यहां के संसाधनों का और गहराई से अध्ययन कर इनके विकास की योजना बनाएंगे। बाघों की बढ़ती तादाद से साफ है कि जंगल और वन्यजीव सुरक्षित हैं। 1980 के दशक में ज्यादा कटाई की वजह से जो जंगल उजड़ गए थे, वे अब फिर से अपनी असली शक्ल में लौट रहे हैं। आने वाले समय में यहां गौर, चीतल और सांभर जैसे शाकाहारी जानवरों को भी बसाने की योजना बन सकती है, जिससे यह इलाका और भी समृद्ध होगा।

खुशखबर : कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही तेजी से शुरू हो जाएगा क्रियान्वयन

# मप्र में जल्द शुरू होगी नई परिवहन सेवा गांवों से शहरों को जोड़ने का प्लान तैयार

20 साल बाद फिर 'पहल'

1962 में राज्य सड़क परिवहन निगम का गठन हुआ था। 2005 में 756 करोड़ रुपए के घाटे की वजह से इसे बंद कर दिया गया

राज्य सड़क परिवहन निगम (सपनि) जब बंद हुआ था, तो उस वक्त इसमें करीब 11 हजार 500 अधिकारी-कर्मचारी थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र में 20 साल बाद एक बार फिर से हर गांव-शहर के लिए नई परिवहन सेवा जल्द ही शुरू होने जा रही है। इसका मसौदा पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री की बैठक में इसे सैद्धांतिक सहमति दे दी गई। कैबिनेट से मंजूरी के बाद क्रियान्वयन शुरू हो जाएगा। नई परिवहन सेवा में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी। प्रदेश के सात बड़े संभागों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं रीवा) में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित होंगी।

इसीतरह सभी जिलों में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति भी गठित की जाएगी। मप्र में पहली बार 1962 में राज्य सड़क परिवहन निगम का गठन हुआ था। इसका उद्देश्य आम जनता को सस्ती और सुलभ यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराना था। हालांकि वर्ष 2005 में 756 करोड़ रुपए के घाटे की वजह से इसे बंद कर दिया गया। इसके बाद लोगों की सुविधा को देखते हुए सरकार ने 2010 तक अनुबंध के आधार पर बसें चलाई। किंतु यह भी कारगर साबित नहीं हुआ और 30 जून 2019 को राज्य सड़क परिवहन निगम ▶▶शेष पेज 4 पर

### यह होगा ढांचा

- ▶▶ नई परिवहन सेवा में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी
- ▶▶ मुख्यालय स्तर पर एक राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी
- ▶▶ भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं रीवा में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित होंगी
- ▶▶ सभी जिलों में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति भी गठित की जाएगी

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा पर सैद्धांतिक सहमति बनी



### बसों की जरूरतों और जरूरी संख्या के लिए सर्वे कराए जा रहे

परिवहन सचिव सिंह ने बताया कि सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों की आय अर्जन के स्रोत निर्माण के लिए भी इस योजना में विशेष इंतजाम किए जाएंगे। नवीन योजना में सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता से परमिट देगी। इन बसों पर प्रभावी नियंत्रण सरकार का ही होगा। नवीन योजना में यात्रियों एवं बस ऑपरेटर्स के लिए एप और कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए एक डैशबोर्ड होगा। नवीन परिवहन सेवा के संचालन के लिए प्रदेश के सात बड़े संभागों में यात्री बसों की जरूरतों और जरूरी संख्या के लिए सर्वे कराए जा रहे हैं। सर्वे के परिणाम जल्द ही प्राप्त हो जाएंगे।



### सर्वे के फीडबैक के आधार पर सरकार योजना में आगे बढ़ेगी

*सिंह ने बताया कि सर्वे के फीडबैक के आधार पर सरकार इस योजना के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ेगी। नवीन परिवहन योजना का सबसे अधिक लाभ यात्रियों को होगा। बस ऑपरेटर्स को भी बेहतर माहौल मिलेगा। उन्हें कन्टीन्यू बिजनेस देने का प्रावधान भी इस नवीन परिवहन सेवा योजना में की गई है, जिससे आपरेटर्स की बस सेवाएं बाधित न हो और यात्रियों को भी कोई परेशानी न हो।*

### सीएम ने ली उच्चस्तरीय बैठक

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई परिवहन सेवा शुरू करने को लेकर उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण, शहरी और इंटरसिटी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू की जाएगी। योजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। सबके साथ विस्तृत विचार-विमर्श, सुझाव एवं सहमति के बाद शीघ्र ही इस योजना प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए कैबिनेट की बैठक में लाया जाएगा। यह बैठक मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई। मुख्यमंत्री ने नवीन परिवहन सेवा (मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा) के संबंध में शुरुआती चर्चा के लिए आयोजित उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, नगरीय विकास एवं प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव अनुराग जैन बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं प्रशासन संजय कुमार शुक्ल, सचिव परिवहन मनीष सिंह, सचिव (मुख्यमंत्री) सिबी चक्रवर्ती एवं संचालक जनसंपर्क अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। परिवहन सचिव मनीष सिंह ने नवीन परिवहन सेवा योजना की विस्तार से जानकारी दी।*



इटारसी के पास सवा घंटे खड़ी रही ट्रेन

## अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में लगी आग, जली बोगी को अलग कर रवाना हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

जिले में इटारसी के पास चलती ट्रेन की बोगी में आग लग गई। ये घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे इटारसी और बानापुरा के बीच में खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की है। घटना अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में हुई है।

अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी। धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद खंबा नंबर 724/12 के पास ट्रेन गार्ड ने धुआं निकलते देखा। जिसके बाद ट्रेन को अचानक रोका गया। ट्रेन के रुकने और आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। आग लगने के बाद ट्रेन करीब सवा घंटे तक खड़ी रखी। बाद में आग वाले कोच को अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया। आग लगने की इस घटना के कारण खंडवा से इटारसी आने वाला रेलवे डाउन ट्रैक पर यातायात बंद हो गया। जिसे शाम 6 बजे शुरू कर दिया गया है। ट्रेन के सबसे आखिरी में जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी। यह बोगी स्टील के बर्तन के कार्टूनों से भरी थी। इस कारण आग के साथ काफी धुआं उठने लगा। जिसके बाद जनरेटर कोच में काम करने वाले कर्मचारी भी तुरंत बाहर निकले। सूचना के बाद दमकल ▶▶शेष पेज 4 पर

**ट्रेन के सबसे आखिरी में जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी थी**



**यह बोगी स्टील के बर्तन के कार्टूनों से भरी थी**


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ पंजाब
शाम 7.30 बजे से


तृतीया:मां चंद्रघंटा



पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता।।


हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम आदेश पारित किया


## भ्रूण की विसंगतियों से महिला 26 हफ्ते का गर्भ गिरा सकेगी

**महिलाओं को प्रजनन की स्वतंत्रता, शारीरिक स्वायत्तता और पसंद के अधिकार पर फैसला**

एजेंसी ▶▶मुंबई

एक 32 वर्षीय गर्भवती की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम आदेश पारित किया है। इस फैसले में कोर्ट ने बच्चे को जन्म देने के अधिकार पर अहम टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति रेवती मोहित डेरे और जस्टिस नीला गोखले की खंडपीठ ने महिला को अपनी पसंद के निजी अस्पताल में गर्भपात की अनुमति दी है।

हालांकि, अस्पताल को एक हलफनामा दाखिल कर अदालत को बताना होगा कि हॉस्पिटल में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत सभी जरूरतें पूरी करने का इंतजाम है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में महिलाओं को प्रजनन की स्वतंत्रता, शारीरिक स्वायत्तता और पसंद के अधिकार पर विशेष जोर दिया है। दो जजों की ▶▶शेष पेज 4 पर



### 24 हफ्ते से अधिक का गर्भ गिराने पर कानूनी प्रावधान

*महिला ने अपनी याचिका में यह सुनिश्चित करने की मांग की थी कि गर्भपात की प्रक्रिया में भ्रूण की हृदय गति को कम किया जाए, जिससे बच्चा जीवित पैदा न हो। इस पर कोर्ट ने सरकारी अस्पताल- जेजे हॉस्पिटल के मेडिकल बोर्ड को गर्भपात के सबसे उपयुक्त तरीके पर राय देने का निर्देश भी दिया। बता दें कि एमटीपी एक्ट के प्रावधानों में निजी अस्पतालों में 24 हफ्ते से अधिक समय का गर्भ अदालत की अनुमति के बिना नहीं गिराया जा सकता।*

पहले भी पीएम के साथ किया काम

## प्रधानमंत्री मोदी की निजी सचिव बनीं निधि तिवारी, वाराणसी में भी रह चुकी हैं तैनात

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नई निजी सचिव मिली हैं। 2014 बैच की आईएफएस अधिकारी निधि तिवारी को यह जिम्मेदारी दी गई है। निधि तिवारी पहले भी कई अहम जिम्मेदारियां निभा ▶▶शेष पेज 4 पर

▶▶ विदेश नीति में निभाया अहम रोल



### डोभाल को करती थीं रिपोर्ट

*आईएफएस निधि तिवारी ने विदेश मंत्रालय (एमईए) में निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के प्रभाग में भी काम किया है। विदेश मंत्रालय का यह प्रभाग राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल को रिपोर्ट करता है।*

आईएमडी का अनुमान : इस बार सामान्य से अधिक रहेंगे गर्मी के दिन

## प्रदेश में बारिश शुरू, आज कुछ जगह गिरेंगे ओले, भोपाल में 'हल्की' बारिश की उम्मीद

खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर सहित कुछ जिलों में सोमवार देर शाम तक बारिश हुई यहां ओले भी गिरेंगे भोपाल, नर्मदापुरम बैतूल, हरदा, बुरहानपुर खंडवा, खरगोन बड़वानी, अलीराजपुर झाबुआ आदि जिलों में आंधी- बारिश होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम के तेवर बदल रहे हैं। सोमवार को खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर सहित कुछ जिलों में बारिश हुई, जबकि भोपाल, रायसेन सहित आसपास के हिस्सों में दिनभर बादल छाए रहे। यहां देर रात से मंगलवार सुबह तक बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र के अनुसार 4 अप्रैल तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश दर्ज होगी। अलग-अलग जिलों के लिए बारिश ▶▶शेष पेज 4 पर




**आज यहां बारिश- ओले का यलो अलर्ट**

मंगलवार रात तक नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा आदि जिलों में आंधी के साथ बारिश का येलो अलर्ट है। शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, रायसेन आदि जिलों में भी बारिश होगी।

### तापमान में मामूली घट-बढ़

*सोमवार को बादल और कुछ जिलों में बारिश के बाद तापमान में बदलाव रहा, जबकि शेष प्रदेश में पारा ज्यादा नहीं बदला। प्रदेशभर में दिन का पारा सामान्य से औसतन दो डिग्री अधिक रहा, जबकि रात का नॉर्मल से एक डिग्री तक अधिक रहा है। दिन का औसत तापमान 37 और रात का 18 डिग्री तक रहा। भोपाल में रात का पारा 3.6 डिग्री बढ़कर 19.6 डिग्री रहा। यह सामान्य के करीब है। मंगलवार से तापमान में और अधिक बदलाव आएगा।*

# माता मंदिर: खजूर के पेड़ से प्रकट हुईं थीं शीतला माता, करती हैं सभी की मुरादें पूरीं

## राजधानी का टीटी नगर स्थित माता मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र, नवरात्रि पर लगती है भीड़

शक्ति रूपेण संस्थिता
देवी मंदिरों की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नए शहर के माता मंदिर क्षेत्र में बना प्राचीन शीतला माता मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। मंदिर में मां शीतला पिंडी के स्वरूप में हैं। वहीं, यहां मां काली, मां दुर्गा भी विराजमान हैं। नवरात्रि के साथ साल भर यहां भक्तों की भीड़ रहती है। सबसे प्राचीन दुर्गा मंदिर में शीतल वस्तु अर्पित करने से मुराद पूरी होती है। मुराद पूरी होने पर कई श्रद्धालु, ओम, स्वास्तिक, हाथ का पंजा, पीतल का घंटा आदि लगाते हैं।

### मंदिर के नाम से है क्षेत्र की पहचान



नवाबी शासनकाल के इस मंदिर की विशेषता यह है कि मातारानी की प्रतिमा आज भी खजूर के पेड़ में विराजित है। शुरुआत में मंदिर छोटा था, इसके बाद मां काली की प्रतिमा विराजित की गई। वर्तमान में मंदिर प्रांगण में भगवान राम व शनिदेव का दरबार है। मंदिर के कारण आसपास का इलाका माता मंदिर के नाम से जाना जाता है। मंदिर के पास का चौराहा भी माता मंदिर के नाम से जाना जाता है। मंदिर की देखरेख करने वाले राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि यहां पर आम दिनों में 150 से 200 की संख्या में भक्त पहुंचते हैं। नवरात्रि में यह संख्या दोगुनी हो जाती है, तो वहीं मुख्य सड़क पर होने कारण आने-जाने वाले वाहन चालक व लोग दूर से मां शीतला, काली के दर्शन कर रहे हैं। रोजाना चार से पांच लोग नई गाड़ी खरीदने पर मंदिर में पूजा कराने आते हैं।



### सपना देकर प्रकट हुई थीं माता रानी

*मंदिर के मुख्य पुजारी पं. राजीव चतुर्वेदी बताते हैं कि मंदिर का इतिहास नवाबी दौर के भी पहले का है। यहां शीतला माता खजूर के पेड़ के नीचे प्रकट हुई थी। उन्होंने उनके परदादा को रात में सपना दिया था, जिसके बाद वहां पर खुदाई कराई गई। तो मां रानी खजूर के पेड़ के नीचे से प्रकट हुईं। बाद में मढ़िया बनाकर पूजा अर्चना होने लगी। यहां आने वाले लोगों की मुरादें पूरी होने लगीं। किसी को संतान, तो किसी को अच्छी नौकरी मिली। इसके आसपास के क्षेत्र को माता मंदिर के नाम से ही पहचाना जाता है।*

### एक्सीडेंट में नहीं आई अब तक किसी को चोट



मंदिर के पुजारी विजय चतुर्वेदी ने बताया कि यह मंदिर मुख्य मार्ग पर स्थित है। यहां से वाहनों की आवाजाही लगातार होती रहती है, लेकिन मंदिर के सामने जितनी भी बार हादसे हुए हैं, उनमें किसी को भी चोट नहीं आई। उन्होंने बताया कि एक बार एक युवक बस की चपेट में आ गया था। गाड़ी पूरी तरह डैंमेज हो गई थी, लेकिन चालक को खरोंच भी नहीं आई।

### कई साल से आ रही हूं



माता रानी के दर्शन करने आईं ममता पटेल ने बताया कि वे कई साल से माता रानी के दर्शन करने आ रही हैं। उनके घर-परिवार की माता रानी में बड़ी अस्था है। मां से जो भी मांगते हैं, माता रानी हर मुरादें पूरी करती हैं।

---

## चैत्र नवरात्रि का दूसरा दिन: मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा


# देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, देर रात तक होते रहे कई धार्मिक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन शहर के देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ता रहा। सुबह छह से देर रात तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठान होते रहे। भक्तों ने विधि-विधान से मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी का पूजन किया। मंदिरों में जय मां भवानी, जय माता दी, जय मां जगदंबे के जयकारे सुनाई दिए। इधर, शहर में 12 स्थानों पर पंडालों में विराजित की गईं मां दुर्गा की भी पूजा-अर्चना करने श्रद्धालु पहुंचे।


पंडित विनोद गौतम व जगदीश शर्मा ने बताया कि देवी ब्रह्मचारणी को भगवती दुर्गा, शिवस्वरूपा, गणेशजननी, नारायणी, विष्णुमाया और पूर्ण ब्रह्मस्वरूपिणी नाम से भी पूजा जाता है। इनकी पूजा से सयंम और शक्ति मिलती है। जिससे हर काम पूरा करने में मदद मिलती है। देवी ब्रह्मचारणीके तप से कड़ी मेहतन करने की हिम्मत मिलती है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के चंद्रघंटा के स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाएगी।

### घरों पर भी मां के भक्तों ने की पूजा-अर्चना



*साधकों ने घरों में देवी की पूजा की, इसके साथ ही मंदिरों में भी शाम तक देवी के नाम के जयकारें लगते रहे। मंदिरों में सुबह और शाम को भक्तों की भीड़ रही। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कर्फ्यूवाली माता मंदिर सोमवारा, टीटी नगर माता मंदिर, सलकनपुर वाली बिजासेन मंदिर समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान मंदिरों में विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई।*

### चैत्र नवरात्रि के पहले दिन ब्रह्माजी ने संसार का किया निर्माण, मनोरथ सिद्धी का होता है विशेष महत्व



चैत्र मास की नवरात्रि के पहले दिन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गुड़ी पड़वा के पर्व के दिन ही ब्रह्माजी ने संसार का निर्माण किया था। नवरात्रि में शक्ति साधना कर कृपा प्राप्ति का सरल उपाय दुर्गा सप्तशती का पाठ है। दुर्गा सप्तशती के पाठ के कई विधि विधान है। भक्त एक दीप जला कर माता रानी से मनोकामना करते हैं। इस दौरान भक्तों को शुद्ध मन व निर्मल भाव से पूजन पाठ करना चाहिए। इससे ही माता रानी प्रसन्न होती है। किसी तरह के चढ़ावा की जरूरत नहीं होती है। श्रद्धालु धर्म, सत्य, सेवा और संस्कार के मार्ग पर चलकर राष्ट्र की उन्नति और समाज की समृद्धि के कामों को लेकर संकल्प ले सकते हैं।

**पंडित नरेन्द्र दीक्षित**, पुजारी सिद्धि पीठ श्री अर्जी वाले हनुमान मंदिर, नेहरू नगर

### मानस भवन में 10 अप्रैल से हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन

**भोपाल।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रतिष्ठा आयोजन के तहत 10 से 12 अप्रैल तक मानस भवन में श्री हनुमान जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इस महोत्सव में प्रसिद्ध रामकथा मर्मज्ञ पंडित श्यामजी मनावत का हनुमत कथा पर त्रिदिवसीय प्रवचन होंगे। 10 और 11 अप्रैल को शाम छह बजे प्रवचन होंगे। 12 अप्रैल को श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर सिद्ध रघुनाथ मंदिर में सुबह 10 बजे से सुंदरकांड का पारायण होगा।

### भोजपुरी समाज का चार दिनी चैती छठ नहाए खाए के साथ आज से

**भोपाल।** भोजपुरी समाज का चार दिनी चैती छठ नहाए खाए के साथ शुरू कल से शुरू होगा। भोजपुरी एकता मंच अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा का शुभारंभ नहाए खाए के साथ 1 अप्रैल से शुरू होगा। वहीं श्रद्धालु 2 अप्रैल को खरना, 3 अप्रैल को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे और 4 अप्रैल को उगते हुए अर्घ्य अर्पित कर छठ महापर्व का समापन होगा। मुख्य आयोजन शीतल दास के बगिया में होगा।

# गणगौर व्रत रखकर महिलाओं ने माता रानी से पति की लंबी आयु की कामना की

## सामूहिक पूजा कर महिलाओं ने तालाब में किया प्रतिमाओं का विर्सजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





राजधानी में सोमवार को गणगौर तीज धूमधाम से मनाई गई। सामूहिक रूप से महिलाएं एकत्रित होकर गणगौर माता की पूजा की और वत रखकर पति की लंबी आयु की कामना की। कई महिलाओं ने माता रानी से अपने पति व बच्चों के अच्छे स्वस्थ्य के लिए आशीर्वाद मांगा। हालांकि तिथि के क्षय होने के चलते अधिकांश महिलाएं मंगलवार को गणगौर व्रत रख पूजन पाठ करेंगी।

सोमवार को सुबह से ही बाजार महिलाओं की चहल-पहल देखने को मिल रही थी। महिलाएं गणगौर की प्रतिमाएं सहित सुहाग की सामग्रीय की खरीदारी करती नजर आईं। वहीं पूजन के बाद गणगौर का विसर्जन शीतलदास की बागिया में करने पहुंची। कुछ महिलाओं ने घरों पर ही गमले में विसर्जन किया। राजधानी के शीतलदास बागिया, खटलापुरा, कटारा हिल्स, बागसेवनियां, रोशनपुरा आदि जगहों पर महिलाएं ने सामूहिक रूप से व्रत व पूजन करने के साथ भजन कीर्तन आदि करती नजर आई। सभी महिलां सोलह श्रृंगार करके आईं थीं। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीय को यह व्रत मनाया जाता है। तृतीय तिथि के क्षय होने के चलते कई महिलाएं ने सोमवार को व्रत किया। गणगौर पर्व के लिए सुहागन महिलाओं ने इस दिन सुबह से व्रत रखकर मिट्टी की गणगौर की पूजा-अर्चना कर सुहाग सामग्री अर्पित की एवं पकवानों का भोग लगाया। इस दिन मां गौरी एवं शिव जी की पूजा का विधान है। कथानुसार मां पार्वती ने चैत्र मास की तृतीया को भगवान शिव के पार्थिव रूप की विधि-विधान से पूजा की थी, जिस पर भगवान शिव ने प्रसन्न होकर वरदान दिया था कि जो सुहागन स्त्री इस रूप में उनकी पूजा-अर्चना करेगी तो उसके सुहाग की लम्बी आयु होगी। इसी मान्यता के चलते गणगौर पर्व मनाया जाता है। इसमें सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, तो कुंवारी लड़कियों ने योग्य पति की कामना को लेकर यह व्रत किया।



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


नमाज की सूचना तोप से गोले दागकर दी गई

### शहर काजी मुश्ताक अली नदवी ने नौजवानों से कहा

1 कैरेक्टर और क्वालिटी पैदा करो, नशे से दूरी रखो, हलाल कमाई पर ध्यान दो

2 हलाल और हराम में फर्क करना सीखो। रोजमर्रा के खर्चों को कम करो

3 बच्चों की अच्छी तालीम पर खास ध्यान दो



ताज उल मस्जिद में नमाज

ड्रोन फोटो- सौजन्य : अरुण पिल्लई

## सबने मांगी अमन-चैन की दुआ
# 'खुशियों' भरी ईद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में सोमवार को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया गया। सोमवार सुबह से ही लोग नमाज पढ़ने ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे। भोपाल की ताज उल मस्जिद, जामा मस्जिद और मोती मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी ईद की ▶▶ शेष पेज 4 पर



हाथ में काली पट्टी बांधते नमाजी

### वक्फ बिल के विरोध काली पट्टी बांधकर पहुंचे नमाजी

राजधानी भोपाल के ईदगाह और अन्य मस्जिदों में नमाज पढ़ने पहुंचे मुस्लिम धर्मावलंबी बांह पर काली पट्टी बांधकर पहुंचे। उन्होंने वक्फ अमेंडमेंट बिल का विरोध किया। दरअसल, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम समुदाय से काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण और मौन विरोध प्रदर्शन की अपील की थी। बोर्ड ने कहा था कि अगर ये बिल पारित हो गया तो मस्जिद, दरगाह, मदरसे, कब्रिस्तान और कई अन्य संस्थान उनके हाथ से चले जाएंगे।



### फिलिस्तीन के समर्थन में बैनर लिए नजर आए कुछ नमाजी

नमाज के बाद सोमवार को राजधानी भोपाल में कुछ युवा हाथों में बैनर लेकर फिलिस्तीन के समर्थन में नजर आए। इस दौरान फिलिस्तीन के समर्थन में कुछ लोगों ने दुआ भी पढ़ी। दरअसल, पुराने भोपाल की ऐतिहासिक मोती मस्जिद में भी नमाज के बाद फिलिस्तीन के समर्थन और वहां हो रहे हमलों के खिलाफ विशेष दुआ की गई। ईदगाह और मोती मस्जिद में नमाज के बाद युवाओं ने फिलिस्तीन का समर्थन करते हैं, जैसे संदेशों वाले पोस्टर लहराए। इस घटना का एक 6 सेकंड का वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, हरिभूमि इसकी पुष्टि नहीं करता है।

## जब पिता जीवित हो तो उत्तराधिकार के बारे में बात करना अनुचित : फडणवीस
# 2029 में हम मोदी को चौथी बार 'पीएम के रूप' में देखेंगे

एजेंसी ▶▶ नागपुर

पीएम नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकार की अटकलों को महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खारिज कर दिया। फडणवीस ने कहा कि पीएम मोदी आने वाले कई वर्षों तक देश का नेतृत्व करते रहेंगे। फडणवीस ने दावा किया कि 2029 में हम मोदी को चौथी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखेंगे।

महाराष्ट्र सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के उत्तराधिकारी की तलाश करने की कोई आवश्यकता नहीं है। पीएम मोदी हमारे नेता हैं और आगे भी बने रहेंगे। नेता के सक्रिय रहते हुए उत्तराधिकार पर चर्चा करना भारतीय संस्कृति में अनुचित माना जाता है। गौर हो कि शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दावा किया कि पीएम मोदी का उत्तराधिकारी महाराष्ट्र से आएगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर

संजय राउत का दावा पीएम मोदी का उत्तराधिकारी महाराष्ट्र से आएगा

फडणवीस बोले- पीएम मोदी हमारे नेता हैं और आगे भी रहेंगे



### संजय राउत ने किया था यह बड़ा दावा

राउत ने दावा किया कि पीएम मोदी रविवार को नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय इसलिए पहुंचे थे ताकि वे संदेश दे सकें कि वह सेवानिवृत्त हो रहे हैं। राउत ने कहा कि आरएसएस देश के राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव चाहता है। उन्होंने दावा किया कि वह (मोदी) संभवतः सितंबर में अपना सेवानिवृत्ति आवेदन लिखने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पीएम के रिप्लेसमेंट के बारे में किसी भी चर्चा की जानकारी नहीं : भैयाजी जोशी

उधर, नागपुर में पत्रकारों से बातचीत में वरिष्ठ आरएसएस नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि उन्हें (पीएम के) रिप्लेसमेंट के बारे में किसी भी चर्चा की जानकारी नहीं है। बता दें कि प्रधानमंत्री बनने के 11 साल बाद रविवार को पीएम मोदी पहली बार नागपुर स्थित संघ मुख्यालय पहुंचे थे। यहां उन्होंने संघ को भारत की अमर संस्कृति का वटवृक्ष बताया। नरेंद्र मोदी आरएसएस मुख्यालय जाने वाले देश के दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं। आरएसएस के एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

## यह भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक : भैयाजी जोशी
# शिवाजी महाराज ने अफजल खान का मकबरा बनवाया था

एजेंसी ▶▶ नागपुर

मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की कुछ दक्षिणपंथी संगठनों की मांग के बीच आरएसएस के वरिष्ठ नेता सुरेश 'भैयाजी' जोशी ने सोमवार को कहा कि इस मुद्दे को बेवजह उठाया गया है।

'भैयाजी' जोशी ने कहा कि हमारे पास छत्रपति शिवाजी महाराज का आदर्श है, उन्होंने अफजल खान का मकबरा बनवाया था। यह भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक है। मकबरा बना रहेगा और जो भी वहां जाना चाहेगा, वह जाएगा। इस महीने की शुरुआत में आरएसएस के मुख्य प्रवक्ता सुनील अंबेकर ने 17वीं सदी के मुगल सम्राट औरंगजेब को 'अप्रासंगिक' करार दिया था। आरएसएस के नेता ने नागपुर में एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं ▶▶ शेष पेज 4 पर

जिसकी भी आस्था है, वह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में स्थित उसकी कब्र पर जाएगा

राज ठाकरे बोले- इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए



### नागपुर में भड़क गई थी हिंसा

मनसे प्रमुख ने कहा था कि बीजापुर के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और यह छत्रपति शिवाजी महाराज की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता था। कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पवित्र पुस्तक की पंक्तियां लिखी चादर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मुगल शासक 'शिवाजी नामक एक विचार को मारना' चाहता था: राज ठाकरे

हाल ही में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख (मनसे) राज ठाकरे ने रविवार को औरंगजेब की कब्र को लेकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की निंदा करते हुए कहा था कि इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से ऐतिहासिक जानकारी के लिए वॉट्सएप फॉरवर्ड पर भरोसा न करने के लिए कहा था। ठाकरे ने यह भी कहा कि मुगल शासक 'शिवाजी नामक एक विचार को मारना' चाहता था लेकिन असफल रहा और वह महाराष्ट्र में मरा।

## खबर संक्षेप

### भैरूंदा में लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत



**सीहोर।** जिले का भैरूंदा सिविल अस्पताल में महिला डॉक्टर और नर्सों की लापरवाही के कारण दो मासूम बेटियों के सर से मां का साया ही छिन गया। डिलेवरी के लिए लाई गई महिला और उसके नवजात बच्चे ने दम तोड़ दिया। अब जिम्मेदार मामले को दबाने में लगे हुए हैं। परिजनों का आरोप है कि 12 घंटे तक डॉक्टर, नर्स गुमराह करते रहे कि डिलेवरी होनी वाली है, 12 बजे महिला और उसके नवजात बच्चे ने दम तोड़ दिया।

### चारधाम यात्रा के लिए पंजीयन 10 लाख पार



**देहरादून।** चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन आधार आधारित पंजीकरण का आंकड़ा 10 लाख पार हो चुका है। इसमें केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक 3.29 लाख तीर्थयात्री पंजीकरण कर चुके हैं। यात्रा शुरू होने के बाद 40 प्रतिशत पंजीकरण ऑफलाइन किए जाएंगे। 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए 20 मार्च से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू किया था।

### दिनदहाड़े नाबालिग लड़की का अपहरण



**ग्वालियर।** चेतकपुरी से एक नाबालिग लड़की के दिनदहाड़े अपहरण करने की सूचना से हड़कंप मच गया। उसे कार सवार दो युवकों ने अगवा किया। ट्रैफिक पुलिस ने किया कि अगवा लड़की को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही दोनों बदमाशों को रॉक्सी पुल चौराहे से पकड़कर संबंधित थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस नाबालिग लड़की और दोनों लड़कों से पूछताछ कर रही है और उनके परिजनों को भी बुलाया है।

## कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने किया ऐलान
# मेरे बेटे ने अवैध खनन किया तो राजनीति से 'संन्यास' ले लूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवैध रेत खनन मामले में लगातार लग रहे आरोपों के बीच कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना सामने आए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। कंषाना ने अपने बेटे पर लगे आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अगर जांच में यह साबित हो गया कि मेरे बेटे ने अवैध रेत खनन किया है, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। कृषि मंत्री पर आरोप हैं कि उनके बेटे के नाम से एक डंपर अवैध रेत से ▶▶ शेष पेज 4 पर



कृषि मंत्री के बेटे बंकू के नाम से पकड़ा गया था डंपर

### मानहानि का केस दर्ज करेंगे

मंत्री ने कहा कि वे इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराएंगे और आरोप लगाने वालों के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरी पार्टी और मुझे बदनाम करने की एक साजिश है। मैं इसकी उच्च स्तरीय जांच कराऊंगा और जो लोग इस साजिश का हिस्सा हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा।

## सागर में ट्रक-ट्रैक्टर और बाइक में भिड़ंत
# ओवरटेक करते समय ट्रक के सामने आई बाइक, दो की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सानौधा थाना क्षेत्र में ट्रक, ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला-पुरुष की मौत हो गई। ट्रक, ट्रैक्टर को ओवरटेक कर रहा था तभी सामने से बाइक आ गई और आपस में भिड़ंत हो गई। हादसा सोमवार दोपहर गढ़ाकोटा रोड पर चौधरी पेट्रोल पंप के पास हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। सानौधा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ गढ़ाकोटा रोड पर हादसा

## रीवा में ईद के दिन भीषण हादसा
# बाइक सवारों को रौंदता चला गया ट्रक, 4 युवकों की मौत



ईद के मौके पर बाइक पर घूमने के लिए निकले रीवा लौटते समय हुई टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

रीवा में चार युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। चारों युवक ईद के मौके पर घर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### घटना के बाद ट्रक ड्राइवर फरार

हादसे की जानकारी होते ही मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। मृतक में तीन युवक रीवा के बाणसागर के पोखरी टोला के रहने वाले थे। वहीं, एक युवक किटवरिया का रहने वाला था। मृतकों की पहचान मोहम्मद अफरीद मंसूरी, मोहम्मद जुम्मन, ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पीड़िता मिश्रा के साथ मुंबई में 4 साल लिव-इन रिलेशनशिप में रही थी
# मोनालिसा को फिल्म ऑफर करने वाला सनोज मिश्रा 'रेप' के आरोप में हुआ गिरफ्तार



तीन बार गर्भपात कराने के लिए भी मजबूर किया था



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाकुंभ 2025 में वायरल हुई मोनालिसा को अपनी फिल्म में भूमिका ऑफर करने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा को बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद यह गिरफ्तारी हुई है। निर्देशक पर एक महिला ने आरोप लगाया है कि उन्होंने कई वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया। दरअसल, दिल्ली पुलिस के मुताबिक 6 मार्च 2024 को निर्देशक के खिलाफ बलात्कार, मारपीट, गर्भपात कराने और धमकी देने सहित कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद 30 मार्च को 45 वर्षीय सनोज मिश्रा को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया और उन्हें नबी करीम पुलिस स्टेशन में हिरासत में रखा गया। तब निर्देशक पर एक 28 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया था कि सनोज चार साल से उसका शारीरिक शोषण कर रहे हैं। फिल्म अभिनेत्री बनने की ख्वाहिश रखने वाली इस महिला ने दावा किया कि वह मिश्रा के साथ मुंबई में लिव-इन रिलेशनशिप में रही थी। महिला के अनुसार शोषण के दौरान निर्देशक ने उसे तीन बार गर्भपात कराने के लिए भी मजबूर किया।

### फिल्मों में हीरोइन बनाने का लालच दिया

पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि पहले तो सनोज मिश्रा ने शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद उसे फिल्मों में काम करने का लालच और धमकी देकर चुप रहने को कहा। बाद में वह शादी के वादे से भी मुकर गए। हालांकि बाद में महिला ने बयान बदलते हुए कार्रवाई न करने की मांग की थी।


## पहले कहा था- राजीव गांधी दो-दो बार फेल हुए, ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री क्यों बनाना था?
# कांग्रेस नेता अय्यर अब बोले- देश की दो तिहाई आबादी 'हिंदू राष्ट्र' के पक्ष में नहीं

दो-तिहाई हिंदुस्तानी जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत हिंदू हैं जिन्होंने उन सियासी शक्तियों को सहारा नहीं दिया कि इस देश को कभी हिंदू राष्ट्र बनाया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि नफरत की राजनीति के बावजूद देश की दो-तिहाई आबादी हिंदू राष्ट्र के पक्ष में नहीं है। इसके साथ ही अय्यर ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां सभी का खुले दिल से स्वागत होता है और सभी को गले लगाया जाता है। एक-दूसरे के साथ सद्भाव के साथ रहना चाहिए।

अय्यर ने कहा कि मैं उस भारत से बोल रहा हूं, जहां की सरजमीं सबका स्वागत करती है। सब इस देश में खुशी से रहें, एक-दूसरे के साथ सब अमन से रहें और एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखना चाहिए। इस पर कोई नफरत ▶▶ शेष पेज 4 पर



### राजीव गांधी की शैक्षणिक योग्यता पर खड़े किए थे सवाल

इससे पहले कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने देश के पूर्व पीएम और कांग्रेस नेता राजीव गांधी की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा था। इंदिरा गांधी का नाम सभी जानते हैं। जब राजीव गांधी (प्रधानमंत्री) बने तो लोगों ने सोचा और मैंने खुद सोचा कि यह एयरलाइन पायलट हैं। दो बार फेल हो चुके हैं। उन्होंने आगे कहा था- मैं उनके साथ कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़ा था। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में वह (राजीव) फेल हो चुके हैं। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में फेल होना बहुत ही मुश्किल है। वहां फर्स्ट डिवीजन पास होना आसान है। क्योंकि, यूनिवर्सिटी अपनी छवि बरकरार रखने के लिए कोशिश करती है कि सभी कम से कम पास हो जाएं। फिर वह गए इंपीरियल कॉलेज ऑफ लंदन, वहां दोबारा फेल हुए। मैंने सोचा कि ऐसे व्यक्ति को क्या प्रधानमंत्री बनना है?

# महेश्वर में अहिल्या बाई पर मंचित नाटक सीएम के साथ अतिथियों ने भी देखा



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने 300 वर्ष पहले जनकल्याण के जो काम किए और सभी संकटों को पार कर सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए हैं, वे आज हम सब के लिए प्रेरणादायक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को लोकमाता देवी अहिल्या की नगरी खरगोन जिले के महेश्वर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्याबाई की पुण्य गाथा' नाटक के मंचन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुषी जैन द्वारा देवी अहिल्या बाई की जीवनगाथा पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने महेश्वर में देवी अहिल्या की जीवनगाथा पर नाटक मंचन के लिए विश्व मांगल्य सभा की सराहना की। डॉ. यादव ने अतिथियों के साथ सम्पूर्ण नाटक का मंचन देखा।

### खास बातें

- 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्या की पुण्य गाथा' नाटक का मंचन
- अहिल्या बाई की जीवनगाथा पर लिखी पुस्तक का विमोचन

### संपूर्ण देश में किए जन-कल्याण के कार्य




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई ने होल्कर साम्राज्य के साथ ही सम्पूर्ण देश में जन-कल्याण के कार्य किए हैं। मुगल काल में सनातन संस्कृति को नष्ट करने का काम किया गया, लेकिन नर्मदा पुत्री देवी अहिल्याबाई ने सनातन संस्कृति की रक्षा का काम किया। उन्होंने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिरों की पुनर्स्थापना का कार्य किया है। देवी अहिल्या ने देश भर में नदी घाटों का निर्माण कराया, गरीबों की दिल खोलकर मदद की, रोजगार के लिए महेश्वरी साड़ियों का निर्माण कराया, व्यापार को प्रोत्साहन दिया, किसानों की मदद की और न्याय एवं सुशासन के अनेकों कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

### नाटक देगा आमजन को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा: होसबाले

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर महेश्वर में नाटक का मंचन किया जा रहा है। यह नाटक अहिल्याबाई के कार्यों से आमजन को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देगा। देवी अहिल्या ने मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया है। हमारे देश में देवी अहिल्या, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, रानी चैनम्मा जैसी नारी शक्ति ने शासक के रूप में इस धरती का संचालन किया है। यह हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का आदर्श है। इस अवसर पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, मध्यप्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, होल्कर स्टेट के युवराज यशवंत राव होल्कर, विश्व मांगल्य सभा की अध्यक्ष रेखा खंडेलवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

राज्यपाल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल 'सदाकाल गुजरात' कार्यक्रम में हुए शामिल

### अभा गुजराती समाज के कार्यक्रम 'सदाकाल गुजरात' में बोले राज्यपाल

# गुजराती संस्कृति में अद्भुत समरसता यह मप्र की संस्कृति में रच बस गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गुजराती में कहा कि गुजराती संस्कृति में समरसता का अद्भुत भाव है। गुजरातियों में मेलजोल और आपसी भाईचारे का व्यवहार होता है। उन्होंने कहा कि 'जहां बसे गुजराती, वहां बसे सदाकाल गुजरात' कहावत को गुजरातियों ने हमेशा चरितार्थ किया है। मप्र की संस्कृति में भी गुजराती समाज रच, बस गया है। गुजराती समाज का मध्यप्रदेश के विकास में विशेष योगदान है। राज्यपाल पटेल रवीन्द्र भवन में अखिल भारतीय गुजराती समाज के कार्यक्रम 'सदाकाल गुजरात' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत को बनाने में मप्र की जनता के साथ गुजराती समाज लगातार सहयोग और सहभागिता कर रहा है। राज्यपाल पटेल ने केंद्र और राज्य सरकार के सामाजिक सहभागिता पर आधारित कार्यक्रमों को सफल बनाने में अखिल भारतीय गुजराती समाज संस्था के सहयोग और सक्रियता की सराहना की।




### गुजरात देश का ग्रोथ इंजन : सीएम पटेल

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल ने गुजराती में कहा कि गुजराती संस्कृति गर्व का प्रतीक है। आजादी के आन्दोलन में देश को गुजरात ने ही महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के रूप में मजबूत नेतृत्व दिया है। अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने गुजरात राज्य की भौगोलिक चुनौतियों को अवसरों में बदल कर गुजरात को देश का ग्रोथ इंजन बनाने वाले प्रधानमंत्री मोदी की कार्यकुशलता, नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति की सराहना की।

### गुजरात पर ईश्वर की विशेष कृपा : डिप्टी सीएम शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि गुजरात राज्य पर ईश्वर की विशेष कृपा है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा गुजरात और मप्र का इतिहास, भूगोल, संस्कृति एक समान है। मप्र में रहने वाला प्रत्येक गुजराती, गुजरात की संस्कृति का ब्रांड एम्बेसडर है। संघवी ने कहा कि वर्तमान और भावी पीढ़ी को गुजरात दर्शन जरूर कराए।



### पौधरोपण कर गुजराती समाज से की भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने स्टेट हैंगर परिसर में आम का पौधा लगाया। इस अवसर पर गुजराती समाज भोपाल के संजय पटेल, हर्षद, प्रिया पाटीदार, चेतन पटेल, रेनका मेहता और अन्य पदाधिकारियों ने गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल से सौजन्य भेंट की। गुजरात के मुख्यमंत्री से राहुल कोठारी एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों ने भी भेंट कर उनका स्वागत किया।

### नर्मदा मैया ने किया है मप्र-गुजरात को समृद्ध

- भोपाल आए गुजरात के सीएम पटेल का सीएम यादव ने किया स्वागत
- दोनों राज्यों के बीच सहयोग की सुदृढ़ परम्परा : भूपेंद्र पटेल

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नर्मदा मैया ने मध्यप्रदेश और गुजरात को समृद्ध बनाने का कार्य किया है। मध्यप्रदेश में अनेक नगरों में बड़ी संख्या में गुजराती बंधु निवास करते हैं। गुजरात के साथ ही मध्य प्रदेश से भी अन्य देशों तक जाकर गुजराती समाज के उद्यमियों और प्रोफेशनल्स ने परिश्रम से स्थान बनाया है। इससे पहले डॉ. यादव ने



सोमवार की शाम स्टेट हैंगर भोपाल पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात के गृहमंत्री हर्ष संघवी के आगमन पर उनका पुष्प-गुच्छ और अंगवस्त्र से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने पटेल और संघवी को राजा भोज की प्रतिमा भी भेंट की।

### 'सदाकाल गुजरात-भोपाल' से संबंधों में नया आयाम

गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वागत से भाव-विभोर होकर कहा कि उन्हें यहां आकर आत्मीयता का अहसास हुआ है। गुजरात और मध्यप्रदेश के बीच परस्पर सहयोग की सुदृढ़ परम्परा है। 'सदाकाल गुजरात-भोपाल' के माध्यम से इन संबंधों में नया आयाम जुड़ रहा है। पटेल इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए भोपाल आए हैं। गुजरात और मध्यप्रदेश के संबंधों में एक नया आयाम सदाकाल गुजरात कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ रहा है। गुजरात से बाहर बसने वाले गुजरातियों के योगदान को सम्मानित करने के लिए सदाकाल गुजरात-भोपाल का कार्यक्रम किया गया।

---

## जल संवर्धन के साथ उसका संरक्षण आज की महती आवश्यकता

- अभियान में अधिक से अधिक हो जन-भागदारी
- नवीन जल संरचनाओं के निर्माण के साथ पुरानी जल संरचनाओं का हो जीर्णोद्धार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में सभी प्रमुख त्यौहार भी प्रदेशवासियों को साथ लेकर मनाने की शुरुआत की गई है। अब 30 मार्च से प्रारंभ हुए राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान में भी जन-भागीदारी को प्राथमिकता के साथ जोड़ा गया है। जल संकट को दूर करने बारिश के जल को अधिक से अधिक संग्रहण करने 30 मार्च से प्रांत व्यापी 'जल गंगा संवर्धन' अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट निर्माण में भी प्रदेश की जनता को जोड़ते हुए उनसे सुझाव आमंत्रित किए गए। डॉ. यादव ने नागरिकों से मानवता ही नहीं, समूची प्रकृति का जीवन अस्तित्व बचाए रखने के लिए पानी की बूंद-बूंद बचाने का आह्वान किया है।

### राज्य स्तरीय शुभारंभ महाकाल की नगरी उज्जैन से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'जल गंगा संवर्धन' अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ महाकाल की नगरी उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट से किया गया। इसमें राज्यपाल मंगुभाई पटेल और केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान प्रति दिन छोटी-बड़ी जल संरचनाएं निर्मित कर लोकार्पित की जाएंगी।

### अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें

मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

---

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने आचार्य बालकृष्णन से सिकल सेल पर की चर्चा

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आयुर्वेद में सिकल सेल उपचार अनुसंधान प्रयासों में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से सहयोग की अपेक्षा की है। राज्यपाल ने पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव आचार्य बालकृष्ण से महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के दीक्षांत समारोह में चर्चा के दौरान इस विषय पर विचार विमर्श किया गया।

राज्यपाल पटेल ने आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय सिकल सेल मिशन के तहत किए जा रहे उपचार और पुनर्वास प्रयासों के बारे में भी बताया। गौरतलब है कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव बालकृष्ण को महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन ने मानद उपाधि से सम्मानित किया है।

### अपना दल (एस) प्रदेश में संगठन मजबूत करेगा

**भोपाल।** अपना दल (एस) की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा प्रदेश ने हाल ही में औद्योगिक नगरी इंदौर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसमें प्रदेशभर के जिलाध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह बैठक केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच, डॉ. अखिलेश पटेल के मार्गदर्शन के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सशक्त नेतृत्व पर विचार विमर्श करना था। बैठक के दौरान प्रदेश संगठन को मजबूत करने और पार्टी के विस्तार की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में, प्रदेशभर में पार्टी संगठन को सशक्त करने और वार्ड स्तर पर अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त किया जाएगा, ताकि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाया जा सके।

## प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों, ग्राम पंचायतों में आज से बंद हो जाएंगी शराब दुकानें

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा पर होगा अमल
- महेश्वर में हुई मंत्रिमंडल बैठक में लिया था निर्णय

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों एवं ग्राम पंचायतों में की गई शराब बंदी की घोषणा पर मंगलवार एक अप्रैल से अमल शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा को 24 जनवरी को लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी महेश्वर में हुई केबिनेट ने मंजूरी दी थी।

निर्णय अनुसार उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर और अमरकंटक की सम्पूर्ण नगरीय सीमा में एवं सलकनपुर, कुण्डलपुर, बांदकपुर, बरमानकलां, बरमानखुर्द और लिंगा की ग्राम पंचायत सीमा में समस्त मदिरा दुकानों एवं बार को बंद किया जाएगा। प्रदेश के इन 19 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को पूर्णतः पवित्र घोषित करते हुए एक अप्रैल 2025 से पूर्ण शराब बंदी कर दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नशामुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया। यह कदम जन-आस्था और धार्मिक दृष्टि से श्रद्धा के 19 नगरीय क्षेत्र एवं ग्राम पंचायतों में प्रभावशाली होगा। जिन धार्मिक स्थान पर शराब बंदी का निर्णय लिया उसमें एक नगर निगम, 6 नगर पालिका, 6 नगर परिषद और 6 ग्राम पंचायतें हैं। जिन प्रमुख नगरों में शराबबंदी लागू की जा रही है, उनमें बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन, नर्मदा नदी का उद्गम अमरकंटक, महेश्वर, ओरछा रामराजा मंदिर क्षेत्र, ओंकारेश्वर, मंडला में सतधारा क्षेत्र, मुलताई में ताप्ती उद्गम क्षेत्र, पीतांबरा देवीपीठ दतिया, जबलपुर भेड़ाघाट क्षेत्र, चित्रकूट, मैहर, सलकनपुर, सांची, मंडलेश्वर, बान्द्राभान, खजुराहो, नलखेड़ा, पशुपतिनाथ मंदिर क्षेत्र मंदसौर, बरमान घाट और पन्ना शामिल हैं। एक अप्रैल से इन सभी क्षेत्र में पूर्ण शराब बंदी रहेगी।

## बैतूल में एमपी ट्रांस्को के कार्मिकों ने सीखीं सीपीआर समेत जीवन रक्षक तकनीक

### करीब 30 मेंटनेंस, ऑपरेटिंग एवं सुरक्षा कर्मियों ने लिया कार्यशाला में हिस्सा, वीडियो से समझाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) स्थानीय जिला चिकित्सालयों और मेडिकल कॉलेजों के सहयोग से मध्यप्रदेश में एमपी ट्रांसको के कर्मियों के लिए 'सीपीआर एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकों' पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला बैतूल में आयोजित की गई।

प्रशिक्षण कार्यशाला में कंपनी के बैतूल स्थित सबस्टेशन एवं अति उच्चदाब संधारण बैतूल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को मेडिकल आफिसर डॉ. रानू वर्मा ने व्यवहारिक और उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। कंपनी के कार्मिकों एवं समाज के लिए बहुउपयोगी एवं जीवनरक्षक इस कार्यशाला के सफल आयोजन में एमपी ट्रांसको के करीब 30 मेंटनेन्स, ऑपरेटिंग एवं सुरक्षा कर्मियों ने हिस्सा लिया। सीपीआर प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए जाने वाले मानव पुतले एवं कुछ वीडियो की सहायता से सीपीआर तकनीक का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक प्रतिभागी विषय विशेषज्ञ की निगरानी में मानव पुतले पर सीपीआर तकनीक का अभ्यास करे।

### पशुपालन राज्य मंत्री पटेल ने किया निरीक्षण

## बुल मदर फार्म के निरीक्षण में अधिक दुग्ध उत्पादन के लिए पशुओं को साइलेज खिलाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने सोमवार को बुल मदर फार्म एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला, भोपाल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने विभिन्न नस्लों गिर, थारपारकर एवं राठी नस्ल की गायों को देखा और फार्म पर किए जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में डॉ. राजू रावत, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम एवं डॉ. अमिताब बैनर्जी, प्रबंधक, बुल मदर फार्म से चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री पटेल ने मदर फार्म एवं भ्रूण प्रत्यारोपण प्रयोगशाला के शेड की छतों पर सोलर पैनल लगवाने के निर्देश दिए, जिससे बिजली उत्पादन कर आय बढ़ाई जा सके। साथ ही आईवीएफ के आवर्ती व्यय के लिए राशि उपलब्ध कराने हेतु परियोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक डॉ. राजू ने बताया कि विभागीय मंत्री की ओर से पूर्व में भ्रमण के दौरान बुल मदर फॉर्म के सुदृढ़ीकरण एवं नए पशु लाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में प्रोजेक्ट तैयार कर लिया गया है, जिसे भारत सरकार को भेजे जाने के लिए बैठक में रखा जाएगा। इसीप्रकार अधिक दुग्ध उत्पादन के लिए पशुओं को साइलेज खिलाने के निर्देश भी दिए गए थे। इस संबंध में पशुपालन विभाग की ओर से निविदा की कार्रवाई कर साइलेज के दाम प्राप्त किए गए हैं। उन्हीं दामों पर पशुओं के लिए साइलेज क्रय करने की कार्रवाई की जा रही है।

## दैवेभो की नई वेतन दरें घोषित 275 रुपए प्रति माह बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के श्रम आयुक्त ने प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों के लिए 1 अप्रैल 2025 से 31 सितंबर 2025 तक के लिए नई वेतन दरें घोषित कर दी हैं। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि श्रम आयुक्त ने प्रदेश के शासकीय एवं अर्धशासकीय विभागों में काम करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों के लिए 1 अप्रैल 2025 से अब अकुशल श्रमिक का वेतन प्रतिमाह 12,125 रुपए और अर्धकुशल श्रमिक का वेतन प्रतिमाह 13,121 रुपए किया गया है। कुशल श्रमिक का वेतन प्रतिमाह 14,8,44 रुपए और उच्च कुशल श्रमिक का वेतन प्रतिमाह 16,469 रुपए निर्धारित किया है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों को उक्त वेतन के साथ-साथ रविवार का अवकाश भी मिलेगा। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों के वेतन में 1 अप्रैल 2025 से प्रतिमाह 275 रुपए की वृद्धि करने को ऊंट के मुंह में जीरा के समान बताया है।

- मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने इस वेतन वृद्धि को ऊंट के मुंह में जीरा के समान बताया

### व्यापक योजना तैयार, कार्यकर्ता पंचायत का होगा आयोजन

# कांग्रेस को एकजुट करने पटवारी सुनेंगे कार्यकर्ताओं के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए एक नई पहल करने जा रहे हैं। इसके लिए व्यापक योजना तैयार कर ली गई है। इसे अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह से शुरू करने की तैयारी है, जिसका नाम कार्यकर्ता पंचायत के नाम से होगा। पटवारी का मानना है कि इससे गुटबाजी पर भी लगाम लगेगी। दिल्ली की बैठक से लौटने के बाद पटवारी ने कार्यकर्ता पंचायत के नाम से हर जिले में जाने की तैयारी की है, ताकि निचले स्तर के कार्यकतार्ओं और नेताओं से वे उनके मन की बात जान सके। इतना ही नहीं, पटवारी अब कांग्रेस को एकजुट करने और निचले स्तर के कार्यकर्ताओं के मन की बात सुनने के लिए हर जिले के दौरे का प्लान बना रहे हैं। इसके तहत वे कार्यकर्ताओं के बीच जाएंगे और उनकी शिकायतों को लेकर बात करेंगे। विदित हो कि स्वयं पटवारी कांग्रेस में गुटबाजी को कैंसर बता चुके हैं, जिसको लेकर उन्हें अपने ही नेताओं की आलोचना का शिकार होना पड़ा है।

### पीसीसी में चल रही तैयारी



पार्टी से जुड़े कोई न कोई कार्यक्रम लगातार चलने के कारण कांग्रेस अभी कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की दिशा में रणनीति नहीं बना पा रही थी, इसीलिए अब कांग्रेस के आला नेताओं ने हर जिले में जाने का प्लान तय किया गया है। इसकी तैयारी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में चल रही है कि किन जिलों का दौरा पहले हो। इस अभियान के तहत पटवारी कार्यकर्ताओं से उस जिले या क्षेत्र में कांग्रेस की मौजूदा परिस्थिति की जानकारी भी लेंगे। जिस तरह से कांग्रेस को करारी हार का सामना विधानसभा और लोकसभा में करना पड़ा। उसके कारण क्या रहे, इस पर भी चर्चा की जाएगी।

### सरकार का झूठ और जनता पर करों का बोझ

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने टैक्स को लेकर एक बार फिर मोहन यादव सरकार को घेरा है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनकी कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। बजट सत्र में मुख्यमंत्री ने बड़े गर्व से दावा किया था कि कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है, बजट में कोई टैक्स नहीं बढ़ाया गया है, लेकिन 1 अप्रैल 2025 से शुरू होने वाली हकीकत उनके इस झूठ को बेनकाब करती है। यह सरकार न केवल जनता को गुमराह कर रही है, बल्कि गरीबों और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने की साजिश रच रही है। उन्होने कहा कि हकीकत यह है कि 1 अप्रैल से प्रॉपर्टी की गाइडलाइन बढ़ाई जा रही है, जिससे पंजीयन शुल्क और जीएसटी में भारी वृद्धि होगी। इसका सीधा असर गरीबों पर पड़ेगा, जो अब छोटे प्लॉट भी नहीं खरीद पाएंगे। सरकार की 2 लाख रुपए की सब्सिडी का ढोंग भी बेकार हो जाएगा, क्योंकि बढ़े हुए शुल्क के कारण गरीब इसका लाभ नहीं उठा सकेंगे। इतना ही नहीं, प्रॉपर्टी की कीमत बढ़ने से नगर निगम के संपत्ति कर, सफाई कर, प्रकाश कर और जल कर में भी भारी बढ़ोतरी होगी। क्या यह जनता को लूटने की खुली छूट नहीं है? इसके साथ ही, 1 अप्रैल से बिजली की दरों में 3.5% की वृद्धि होने जा रही है। बिजली स्लैब बदलने से गरीब और मध्यम वर्ग के बिजली बिल आसमान छूएंगे। प्रमुख मार्गों पर टोल टैक्स भी बढ़ेगा, जिससे आम नागरिकों और व्यवसायियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। कई अन्य वस्तुओं और सेवाओं पर भी टैक्स बढ़ने की तैयारी है।



राजधानी के ईदगाह हिल्स स्थित ईदगाह में सुबह 7 .15 बजे करीब सवा लाख नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की। इस दौरान इतनी भीड़ को संभालने के लिए सुरक्षा-व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद थी। इसके साथ ही नमाजियों के प्रवेश और निर्गम द्वार अलग-अलग बनाए गए थे। (विस्तृत समाचार पेज 12 पर)

ओल्ड कैंपियन स्कूल में मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ, राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी होगा

## आज से स्कूल चलें हम...अभियान

◆ नव प्रवेशी बच्चों का सीएम डॉ. यादव करेंगे स्वागत

◆ राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी विद्यार्थियों का होगा सम्मान

◆ मुख्यमंत्री करेंगे शिक्षा पोर्टल 3.0 का भी शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक अप्रैल को राजधानी के अरेरा कॉलोनी स्थित शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ओल्ड कैंपियन) में सुबह 9 बजे स्कूल चलें हम अभियान-2025 का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप भी मौजूद रहेंगे। स्कूल चलें हम कार्यक्रम के डिजिटल प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारण भी होगा।

■ **सुबह 9 बजे होगा शुभारंभ डिजीटल प्लेटफॉर्म पर होगा सीधा प्रसारण**



ओल्ड कैंपियन स्कूल में सोमवार को समारोह की तैयारियां चलती रहीं।




### प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं

नव प्रवेशी विद्यार्थियों का सीएम स्वागत करेंगे। राष्ट्रीय स्तर के खेलों के विद्यार्थियों का सम्मान होगा। सीएम विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्राइमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

### एजुकेशन पोर्टल 3.0 से होगा पूरा काम

प्रवेशोत्सव के माध्यम से समस्त शासकीय-अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश की कार्यवाही एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर स्टूडेंड डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली पर की जा रही है। एजुकेशन पोर्टल में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्यों को शामिल किया गया है।

### स्कूलों में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम कल

स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन दो अप्रैल को स्कूलों में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे। इसके अलावा 3 अप्रैल को पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद आयोजित किए जाएंगे। 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जाएगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गए हैं। उन्हें बताया जाएगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी।

### बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाएगा

प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में एक अप्रैल को शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जाएंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नए शैक्षणिक-सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जाएं। विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जाएगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाएगा। कक्षा 1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जाएगा।

### 8 डिपो के माध्यम से किताबें होंगी वितरित

संभाग स्तर पर 8 डिपो के माध्यम से किताबें उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। कक्षा 1 से कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए करीब 5 करोड़ 60 लाख पुस्तकें, एक करोड़ 2 लाख फाउंडेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमरेसी (एफएलएन) अभ्यास पुस्तिकाएं और करीब 26 लाख ब्रिज कोर्स की पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

छोला इलाके की उड़िया बस्ती में भड़की आग, पहुंचे मंत्री सारंग

## निगमायुक्त से बोले-जिम्मेदार पद पर हो, फिर भी फोन क्यों नहीं उठाते?

*रहवासियों की सूचना के दो घंटे बाद पहुंची दमकलें तो मंत्री सारंग ने निगम कमिश्नर को फोन पर लगाई फटकार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की छोला स्थित उड़यि‍ा बस्ती के एक मकान में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। रहवासियों के फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद भी दमकलें 2 घंटे देरी से पहुंची। सूचना पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग मौके पर पहुंचे और मौके का जायजा लिया। उन्होने मौके से ही नगर निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायण को फोन पर कड़ी फटकार लगाई।

मौजूद रहवासियों ने मंत्री सारंग को बताया कि आग लगने के बाद वे लगातार निगम अधिकारियों और दमकल विभाग से संपर्क करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन कोई त्वरित सहायता नहीं मिली। इसके बाद लोगों ने स्वयं आग बुझाने का प्रयास किया तब आग नियंत्रित हुई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। लोगों का कहना है कि आग पर तत्काल काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की झुग्गियां चपेट में आ सकती थी। लिहाजा लोगों की सतर्कता से बड़ी घटना टल गई।

**रहवासियों ने बताया कि वे लगातार दो घंटे से फायर बिग्रेड को दे रहे हैं सूचना, पर कोई सहायता नहीं मिली**



उड़िया बस्ती में जले हुए घरों का मुआयना करते मंत्री विश्वास सारंग।

**फायर ब्रिगेड की सेवाओं को और दुरुस्त किया जाए...**



रहवासियों की शिकायत पर मंत्री सारंग ने कड़ी नाराजगी जताई और मौके पर ही नगर निगम कमिश्नर को फोन कर फटकार लगाई। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जिम्मेदार पद पर होकर आप फोन क्यों नहीं उठाते हो? मंत्री सारंग ने अफसरों को निर्देश दिए कि ऐसे आपातकालीन हालात में तुरंत कार्रवाई की जाए और फायर ब्रिगेड की सेवाओं को और दुरुस्त किया जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ति परिवारों को हरसंभव सहायता दी जाएगी।

### तीन दिन पूर्व सांसद हुए थे कमिश्नर पर नाराज

*तीन दिन पूर्व नगर निगम कमिश्नर के एक बैठक में शामिल नहीं होने से नाराज सांसद आलोक शर्मा बैठक छोड़कर चले गए। निगम कमिश्नर ने उनका भी फोन नहीं उठाया था। सांसद ने नगर निगम अधिकारियों के रवैये पर इसे भोपाल की जनता और जनप्रतिनिधियों का अपमान करार दिया था। वहीं निगम कमिश्नर ने सफाई दी थी कि उन्हे बैठक की सूचना नही थी।भोपाल सांसद ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की मीटिंग ली। हालांकि कमिश्नर के नहीं पहुंचने पर बैठक स्थगित कर दी।*

## आंबेडकर नगर-पटना के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

भोपाल रेल मंडल संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना पर स्टॉपेज लेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और गर्मियों में यात्रा की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए दो विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें अप्रैल से जून तक विशेष किराए पर चलेंगी। डॉ. आंबेडकर नगर से पटना के लिए यह ट्रेन हर गुरुवार शाम 18:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन शाम 18:30 बजे पटना पहुंचेगी। यह सेवा 3 अप्रैल से 26 जून तक जारी रहेगी। वापसी में यह ट्रेन हर शुक्रवार पटना से रात 20:20 बजे रवाना होगी और अगले दिन 23:20 बजे डॉ. आंबेडकर नगर पहुंचेगी। यह ट्रेन भोपाल रेल मंडल संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना पर स्टॉपेज लेगी।

### स्टॉपेज एवं कोच सुविधा

यह ट्रेन इंदौर, फतेहाबाद चंद्रावतीगंज, उज्जैन, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, में रुकेगी। दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। इसमें सेकेंड एसी, थर्ड एसी, थर्ड एसी इकोनॉमी, स्लीपर और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच होंगे।

अभी गर्मी, उमस का दौर, आज से बारिश के साथ चल सकती है आंधी

## शहर में वाहनों की दौड़-भाग के बीच भी पॉल्यूशन मॉडरेट लेबल पर, अब बारिश से आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सोमवार को सुबह से ही आसमान पर बादलों का डेरा रहा। दिनभर बादल आते जाते रहे, इस बीच गर्मी का पारा कुछ नीचे आया। इस बीच दिन भर सामान्य दिनों की तरह वाहनों का आवागमन रहा, लेकिन एअर पॉल्यूशन का स्तर फिर भी मॉडरेट स्तर पर थमा रहा है। सोमवार रात से मंगलवार और बुधवार तक होने वाली बारिश अब हवा में मौजूद धूल के कणों को और धोएगी, जिससे प्रदूषण का स्तर संतोषजनक लेबल पर पहुंचने की उम्मीद है।

मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के ऑनलाइन मॉनीटरिंग सिस्टम पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार सोमवार शाम तक शहर के अलग अलग इलाकों में हवा में प्रदूषण का स्तर मॉडरेट रहा है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बारिश से हवा में मौजूद धूल पानी के साथ धुल जाती है, जिससे पॉल्यूशन कम हो जाता है। प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा के अनुसार अभी शहर में एअर पॉल्यूशन मॉडरेट है, बारिश के बाद कम हो जाएगा।

### खास बातें

- प्रदूषण स्तर संतोषजनक लेबल पर पहुंचने की उम्मीद
- बादल, बारिश से गिरेगा शहर का पारा लेकिन उमस होगी महसूस



हथाईखेड़ा डैम के पास दोपहर 3 बजे का नजारा।

### कहां कितना प्रदूषण दर्ज

शहर में टीटी नगर क्षेत्र में एक्यूआई(एअर क्वालिटी इंडेक्स) 171 रहा। यह राजधानी में फिलहाल सबसे प्रदूषित इलाका रहा। कलेक्टोरेट इलाके में एक्यूआई 126 और पर्यावरण परिसर क्षेत्र में यह 118 पर दर्ज हुआ है। सोमवार को हवाओं की रफ्तार सामान्य से अधिक रहने से भी प्रदूषण में कमी रही है। इससे पहले रविवार को भी शहर का एक्यूआई इसी के आसपास दर्ज हुआ है।

### दो दिन रहेगी कुछ राहत

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार मंगलवार से बुधवार के बीच शहर में दिन के समय गर्मी से कुछ राहत रहेगी। बादल, बारिश से तापमान में कमी आएगी, लेकिन बारिश में कमी होने पर उमस का अहसास महसूस किया जा सकता है। रात में गर्मी का असर सामान्य रहेगा। सोमवार को दिन का पारा 35 और रात का 20 डिग्री के करीब है, जो मंगलवार से बुधवार के बीच दिन में कम और रात में इसी के आसपास रहेगा।

## ऋषिपुरम तिराहे पर शराब दुकान का विरोध




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शराब दुकानों की शिफ्टिंग का मामला तूल पकड़ रहा है। अब अवधपुरी में ऋषिपुरम तिराहे पर शराब दुकान खुलने का विरोध शुरू हो गया है। रविवार रात लोगों ने रैली-धरना देकर प्रदर्शन किया था, जबकि सोमवार को रामायण का पाठ भी किया गया। प्रदर्शन में महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। रहवासियों का कहना है, जिस जगह दुकान खुल रही है, उससे 50 मीटर के दायरे में ही मंदिर, स्कूल, अस्पताल और बस स्टॉप भी है। रविवार रात में धरना प्रदर्शन करने के बाद सोमवार को रहवासी मंत्री कृष्णा गौर से भी मिलने पहुंचे।

■ **सद्बुद्धि के लिए रामायण पाठ भी किया**



# चिरंजीवी ने शुरू की 'मेगा 157' की शूटिंग

**मुंबई।** मेगास्टार चिरंजीवी ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसका संभावित नाम 'मेगा 157' है। अभिनेता ने इस फिल्म के लिए निर्देशक अनिल रविपुडी के साथ मिलकर काम किया है। चिरंजीवी ने उगादी के अवसर पर फिल्म के सेट से कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो नई शुरुआत का प्रतीक है। फिल्म को अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती ने लॉन्च किया, जिन्होंने पहले फिल्म के क्लैपबोर्ड के साथ पोज दिया और फिर मेगास्टार के साथ गले मिले। चिरंजीवी ने 'मेगा 157' के पूजा समारोह से कई तस्वीरें साझा कीं।

लाइफ Style

# अदिति

## 'गजगामिनी चाल' पर नहीं मिला काम

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने बीते साल नेटफ्लिक्स की सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में अपनी गजगामिनी चाल वाले डांस से सबका दिल जीत लिया था। अदिति राव की तारीफ उन लोगों ने भी की थी जिन्हें सीरीज पसंद नहीं आई थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की ये सीरीज काफी सुर्खियों में रही थी। अदिति राव हैदरी को भी सीरीज में निभाए किरदार 'बेबो जान' के लिए खूब तारीफें मिली थीं। लेकिन तारीफों के बाद भी अदिति राव को काम नहीं मिल रहा है। इसका दुखड़ा खुद अदिति राव हैदरी ने बताया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में हैदराबाद के शाही परिवार की लाडली अदिति राव ने बताया कि तारीफों के बाद भी काम का इंतजार है।

अदिति राव ने हाल ही में फराह खान के ब्लॉग्स में बताया कि भले ही उन्हें हीरामंडी के लिए खूब सराहा गया था लेकिन इसका कोई खास फायदा नहीं हुआ है। क्योंकि किसी ने भी अदिति राव को काम ऑफर नहीं किया है। अदिति बताती हैं, 'हीरामंडी जब रिलीज हुई तो लोगों ने इसकी खूब तारीफ की। लगातार कई दिनों तक लोगों से मैं तारीफें सुनती रहीं। मेरे किरदार को लेकर भी लोग खूब सराहना करते रहे। इसके बाद भी मुझे सीरीज के बाद काम नहीं मिला। सीरीज के बाद से काम का इंतजार रहा। ये काफी बुरा अहसास कराने वाली बात साबित हुई।' अदिति ने इस सीरीज में एक क्रांतिकारी तवायफ का रोल निभाया था।





# देश को बड़े खतरे से बचाने निकले...

**मुंबई।** साउथ स्टार कार्ति की मच अवेटेड फिल्म 'सरदार 2' के मेकर्स ने सोमवार को ईद के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। मेकर्स ने सफल जासूसी फिल्म के अगले भाग का आज फर्स्ट लुक और टीजर वीडियो जारी कर दिया गया है। इस फिल्म के जरिए कार्ति एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। 'सरदार 2' के मेकर्स ने ईद के मौके पर कार्ति के फैंस का दिन बना दिया है। मेकर्स ने फिल्म का एक टीजर वीडियो जारी किया है, जिसे प्रोलॉग वीडियो बताया है।



# साझा की 'थामा' के सेट से तस्वीर...

**मुंबई।** आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। ये फिल्म दिनेश विजन और अमर कौशिक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के कलाकार अक्सर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। अब अभिनेता आयुष्मान खुराना ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। आयुष्मान खुराना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'थामा' के सेट से एक तस्वीर साझा की है।

## जैकेट का शेष...

### रोपवे के ऊपर बैठे दिखे...

पर बैठे थे। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर तक पहुंचने के लिए तीन मार्ग हैं- सड़क मार्ग, सीढ़ी मार्ग और रोपवे। पुलिस ने रोपवे संचालक को कड़ी चेतावनी दी है। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में कोई भी कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरणों के रोपवे पर न बैठे।

### मप्र में जल्द शुरू ...

(सपनि) को पूरी तरह बंद कर दिया गया। सपनि जब बंद हुआ था, तो उस वक्त करीब 11 हजार 500 अधिकारी-कर्मचारी थे। सरकार ने सभी को अनिवार्य सेवानिवृति दे दी। हालांकि अदालतों व अन्य कारणों से बाकी बच गए करीब 500 के आसपास कर्मचारी अभी भी अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। इनमें से भी ज्यादातर के मामलों का डिस्पोजल हो चुका है।

### अहमदाबाद-बरौनी...

को बुलाया गया। डोलरिया थाना पुलिस और आरपीएफ इटारसी से बल मौके पर पहुंचा।

### भ्रूण की विसंगतियों ...

खंडपीठ के समक्ष जिस याचिका पर सुनवाई हुई, उसमें महिला ने भ्रूण की विसंगतियों के कारण गर्भपात की अनुमति मांगी थी। तथ्यों पर विचार के बाद कोर्ट ने 28 मार्च को पारित आदेश में कहा, याचिकाकर्ता के प्रजनन स्वतंत्रता के अधिकार, शरीर पर उसकी स्वायत्तता और उसकी पसंद के अधिकार को ध्यान में रखते हुए गर्भपात की अनुमति दी जा रही है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की शारीरिक स्थिति को रेखांकित करते हुए कहा कि महिला चिकित्सकीय रूप से गर्भ गिरा सकती है।

### प्रधानमंत्री मोदी...

चुकी हैं जिसमें वो प्रधानमंत्री के साथ काम कर चुकी हैं। निधि का वाराणसी से भी खास कनेक्शन रहा है। इस बात की जानकारी कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश जारी करते हुए दिया है। 29 मार्च को जारी आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने निधि तिवारी की निजी सचिव के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। निधि से पहले पीएम मोदी के पास दो निजी सचिव थे, जिनके नाम हार्दिक सतीशचंद्र शाह और विवेक कुमार थे। तिवारी वर्तमान में पीएमओ में उप सचिव के रूप में कार्यरत हैं। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा नियुक्त आईएफएस निधि तिवारी जनवरी 2023 से कार्यरत हैं। नवंबर 2022 में आईएफएस अधिकारी निधि प्रधानमंत्री कार्यालय में अवर सचिव के रूप में शामिल हुईं और जनवरी 2023 से वह पीएमओ में डिप्टी सेक्रेटरी के रूप में कार्यरत हैं। यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के दौरान निधि तिवारी वाराणसी में सहायक आयुक्त (वाणिज्य कर) के पद पर कार्यरत थीं। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा में 96वीं रैंक हासिल की थी और वह वाराणसी के महमूरगंज की रहने वाली हैं।

### प्रदेश में बारिश शुरू...

और ओले का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन मराठवाड़ा और आसपास सक्रिय है। एक ट्रफ लाइन छत्तीसगढ़ से विदर्भ होते हुए मध्य महाराष्ट्र तक बनी हुई है। वहीं एक अन्य ट्रफ मराठवाड़ा से लेकर तमिलनाडु तक सक्रिय है। इससे प्रदेश में बारिश का दौर जारी है, जो तीन दिन जारी रहेगा। इस बीच कई जिलों में ओले भी गिरेंगे। इस साल अप्रैल से जून के बीच गर्मी के दिन अधिक रहेंगे। मई से जून के बीच हीट वेब भी अधिक चलेगी।

## पेज एक का शेष

### 'खुशियों' ...

नमाज अदा कर प्रदेश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। हर साल की तरह इस बार भी नमाज की सूचना तोप से गोले दागकर दी गई। नमाज ए खास से पहले शहर काजी मुश्ताक अली नदवी ने तकरीर में नौजवानों से कहा कि कैरेक्टर और क्वालिटी पैदा करो। नशे से दूरी रखो, हलाल कमाई पर ध्यान दो। हलाल और हराम में फर्क करना सीखो। शहर काजी ने कहा कि अपने रोजमर्रा के खर्चों को कम करो लेकिन बच्चों की अच्छी तालीम पर खास ध्यान दो।

### 2029 में हम ...

इस पर फडणवीस ने जवाब दिया कि हमारी संस्कृति में जब पिता जीवित हो तो उत्तराधिकार के बारे में बात करना अनुचित है। यह मुगल संस्कृति है। इस पर चर्चा करने का समय अभी नहीं आया है।

### संजय राउत ने किया...

आरएसएस मुख्यालय गए होंगे। दरअसल, राउत का इशारा भाजपा में 75 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होने की तरफ था। पीएम मोदी इसी साल सितंबर महीने में 75 साल के हो जाएंगे।

### पीएम के रिप्लेसमेंट ...

पदाधिकारी ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी ने 2000 में अपने संघ मुख्यालय का दौरा किया था। खास बात यह है कि दोनों प्रधानमंत्री अपने तीसरे कार्यकाल में यहां पहुंचे थे।

### शिवाजी महाराज ...

के एक सवाल के जवाब में कहा कि जिसकी भी आस्था है, वह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में स्थित उसकी कब्र पर जाएगा। मनसे राज ठाकरे प्रमुख ने कहा था कि बीजापुर के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और यह छत्रपति शिवाजी महाराज की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता था। राज ठाकरे की टिप्पणियों और मुगल बादशाह की कब्र के मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर 'भैयाजी' जोशी ने कहा कि औरंगजेब की कब्र का विषय अनावश्यक रूप से उठाया गया है। उसका निधन यहीं (भारत में) हुआ था, इसलिए यहां उसकी कब्र पर मकबरा बनाया गया है। जिनकी आस्था है वे वहां जाएंगे।

### नागपुर में ...

के जलाए जाने की अफवाहों के कारण इस महीने की शुरुआत में नागपुर में हिंसा भड़क गई थी।

### मेरे बेटे ने ...

भरा हुआ पकड़ा गया था। इस मामले को लेकर विपक्षी दलों ने लगातार निशाना साधा और इसे एक बड़े भ्रष्टाचार के रूप में पेश किया। लेकिन, मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि यह आरोप राजनीति के चलते लगाए गए हैं और इस पूरे मामले के पीछे एक बड़ी साजिश है।

### ओवरटेक करते ...

ने बताया कि ट्रैक्टर को ओवर ट्रक करते समय बाइक सामने आ गई। भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार महिला और पुरुष की मौत हुई है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। वाहनों को जब्त किया गया है। चौधरी पेट्रोल पंप के सामने भूंसे से भरे ट्रैक्टर को सीमेंट से भरा ट्रक ओवरटेक कर रहा था। रास्ते पर आगे मोड़ था। अचानक मोड़ पर ट्रक के सामने बाइक आ गई। उसे बचाने में ट्रक की ट्रैक्टर में टक्कर लगी और बाइक सवार ट्रैक्टर के नीचे आ गए।

### बाइक सवारों ...

से एक बाइक पर घूमने के लिए निकाले और फिर वह घूम कर दोबारा रीवा लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक की टक्कर तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक से हो गई, जिसमें सभी की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों युवक बाइक से उछलकर दूर सड़क पर गिर गए और फिर उनकी तड़प-तड़प कर मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना गुढ़ थाना क्षेत्र में हुई। जिसमें तीन युवक मुस्लिम हैं। ईद के दिन छुट्टी होने के चलते रीवा से 8 से 10 युवक बाइकों में सवार होकर रीवा-सीधी मार्ग से गुढ़ के पास बने टनल में घूमने गए हुए थे। टनल घूमने के बाद सभी दोस्त वहां से वापस लौट रहे थे, जिसमें से कुछ युवक रास्ते में रुक गए। गुढमार्ग के चौरियार मोड़ में उनकी बाइक हादसे का शिकार हो गई।

### घटना के बाद...

मोहम्मद शादाब और सत्यम साकेत के तौर पर हुई है। पुलिस ने कहना है कि उन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया है, जिसके तलाश में पुलिस की टीम लग गई है।

### कांग्रेस नेता अय्यर ...

की जरूरत नहीं है, देश में नफरत फैलाई जा रही है। लेकिन, इसके बावजूद दो-तिहाई हिंदुस्तानी, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत हिंदू हैं, जिन्होंने उन सियासी शक्तियों को सहारा नहीं दिया कि इस देश को कभी हिंदू राष्ट्र बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह एक सेक्युलर देश है और सब यहां एक साथ रहते हैं।







नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

**CHANGE OF NAME**

I, No-15456068N Rank-SEP Name-JADHAV CHETAN DATTU presently serving with 4021 FD HOSP, BHOPAL declare that In my service record my mother's name mentioned as SUREKHA which is wrong. According her adhar card and other documents my mother's name is SUREKHA DATTU JADHAV , which is correct. So,In futur she will be known and recognized by her correct name SUREKHA DATTU JADHAV for all purpose.vide Affidavit No.-BF 787760 dated 31/03/2025 before Bhopal court.

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
वसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5822



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5821 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5832

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5831 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

सड़क, रेलवे, हर एक हाईवे और एयरपोर्ट पर मिलेगी सुविधा

# 2000 करोड़ की लागत से लगेंगे 72300 ईवी के चार्जिंग स्टेशन

देश में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़कर होगी 72,300

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने प्रमुख क्षेत्रों जैसे बंदरगाह, सड़कें, रेलवे और हवाई अड्डों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग ढांचे को बढ़ाने की योजना बनाई है। इसमें बैटरी स्वैपिंग सुविधाएं भी शामिल होंगी। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी है। भारी उद्योग मंत्रालय ने बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और विभिन्न राज्य सरकारों के साथ बातचीत शुरू की है। इसका मकसद ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए संभावित जगहों का पता लगाना है।

10,900 करोड़ रुपए की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत, सरकार ने देशभर में ईवी चार्जिंग स्टेशन और बैटरी स्वैपिंग सुविधाएं स्थापित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इस पहल का लक्ष्य भारत के बढ़ते ईवी बाजार के लिए चार्जिंग कनेक्टिविटी को बेहतर करना और इंटरनल कम्बशन इंजन वाहनों पर निर्भरता कम करना है। भारत का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026 तक सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या को 32,500 से बढ़ाकर 72,300 करना है।



### केंद्र सरकार देती है ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए 80 प्रतिशत तक सब्सिडी

*पीएम ई-ड्राइव के तहत, केंद्र सरकार सार्वजनिक तेज ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए 80 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है। विशेष मामलों में, खासकर पूर्वोत्तर, तटीय और पहाड़ी क्षेत्रों में 100 प्रतिशत फंडिंग भी संभव है। बैटरी स्वैपिंग पर अधिकारी ने कहाकि हम हवाई अड्डों, बंदरगाहों और एनएचएआई से प्रस्ताव स्वीकृत करेंगे, बशर्ते वे बिजली मंत्रालय के दिशानिर्देशों का पालन करें।*

### ट्रकों की अधिक आवाजाही वाले 20 राष्ट्रीय राजमार्गों की पहचान

*आधिकारी जानकारी के अनुसार 14 राज्यों से सुझाव मिले हैं और एक अंतर-मंत्रालयी बैठक हो चुकी है। संबंधित मंत्रालयों से और फीडबैक मिलने के बाद हम अप्रैल तक दिशानिर्देश तय कर लेंगे। एमएचआई ने ट्रकों की अधिक आवाजाही वाले 20 राष्ट्रीय राजमार्गों की पहचान की है और एनएचएआई को स्वतंत्र रूप से टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी है। इस योजना के तहत मंत्रालय 80 प्रतिशत लागत वहन करेगा। पहचाने गए राजमार्गों में मुंबई-पुणे और बेंगलुरु-चेन्नई जैसे व्यस्त मार्ग शामिल हैं। एनएचएआई अपने डेटा के आधार पर स्थापना की जगहें तय करेगा, जबकि एमएचआई फंडिंग का प्रबंधन करेगा। इससे जुड़ी जानकारी के लिए संबंधित मंत्रालयों और एजेंसियों के सचिवों, प्रवक्ताओं और अध्यक्षों को भेजे गए सवालों खबर के प्रकाशन तक कोई जवाब नहीं मिला।*

अभी तक दालों के इंपोर्ट को ड्यूटी-फ्री रखा था

# सरकार ने मसूर दाल के इंपोर्ट पर लगाई 10 फीसदी ड्यूटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने मसूर दाल पर 10 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा देश में उपलब्धता बढ़ाने के लिए पीली मटर के ड्यूटी-फ्री इंपोर्ट को 3 महीने यानि इस साल 31 मई तक बढ़ा दिया है।

इस बारे में सरकार की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसके अलावा सरकार ने 8 मार्च से दालों पर 5 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5 प्रतिशत एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाया है। अभी तक दालों के इंपोर्ट को ड्यूटी-फ्री रखा गया था। सरकार ने शुरुआत में दिसंबर, 2023 में पीली मटर के ड्यूटी फ्री इंपोर्ट की इजाजत दी थी और बाद में इसे 28 फरवरी तक 3 बार बढ़ाया था। अनुमान के मुताबिक, 2024 के दौरान दालों का कुल 67 लाख टन इंपोर्ट हुआ। इसमें पीली मटर का हिस्सा 30 लाख टन रहा।



### टूटे चावल के निर्यात पर रोक हटी

*सरकार ने टूटे चावल के निर्यात पर रोक को हटा लिया है। यह रोक सितंबर 2022 में लगाई गई थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक नोटिफिकेशन में कहा है कि टूटे चावल की एक्सपोर्ट पॉलिसी को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित से फ्री में संशोधित किया गया है। एक्सपोर्टर्स की ओर से सरकार से इनवेंट्री में वृद्धि के कारण शिपमेंट की इजाजत देने की अपील की गई थी। पिछले साल, सरकार ने गैर-बासमती सफेद चावल के विदेशी शिपमेंट पर 490 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस को हटा दिया था और इस किस्म के शिपमेंट पर पूर्ण प्रतिबंध हटा लिया था।*

## खबर संक्षेप

### ईद-उल-फित्र पर शेयर और मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई।** ईद-उल-फित्र त्योहार के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका।देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है।

### शेरा ने मेटल में बढ़ाई 86 फीसदी हिस्सेदारी

**मुंबई।** शेरा एनर्जी लिमिटेड ने अपनी सहायक कंपनी, शेरा मेटल प्राइवेट लिमिटेड में अतिरिक्त निवेश को मंजूरी दी है। शेरा एनर्जी लिमिटेड अपनी सहायक कंपनी शेरा मेटल प्राइवेट लिमिटेड में हिस्सेदारी 82.13 फीसदी से बढ़ाकर 85.56फीसदी करने जा रही है। यह अधिग्रहण 3.43फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी (35,00,000 इक्विटी शेयर) के जरिए किया जाएगा, जिसकी कुल कीमत 10.15 करोड़ होगी। शेरा मेटल प्राइवेट लिमिटेड गैर-लौह धातु उत्पादों के निर्माण में अग्रणी है और बस बार, ट्यूब्स व विभिन्न औद्योगिक सेक्शनों का उत्पादन करती है। कंपनी की उत्पादन क्षमता 13,000 एमटीपीएम है। शेरा मेटल ने वित्त वर्ष 2024 में शानदार प्रदर्शन किया।

### आईजीआई ने मोमेंट्स कैंपेन की शुरुआत की

**मुंबई।** इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (आईजीआई)ने मोमेंट्स कैंपेन के शुभारंभ की घोषणा की है। पहली बार लोगों को जानकारी देने के लिए इस तरह की पहल की गई है, जो अधिक मूल्य वाले हीरों की खरीदारी करते समय आईजीआई सर्टिफिकेशन प्राप्त करने की अहमियत को और मजबूती देता है। हीरे दिल की गहराइयों में बसे जज़्बातों और प्यारी यादों के प्रतीक हैं, जिन्हें इस पहल के जरिए सामने लाया गया है। कहाकि आईजीआई में हम हीरों को अनमोल मानते हैं। वे जिंदगी के सबसे यादगार पलों को दर्शाते हैं। मोमेंट्स कैंपेन के जरिए हम जिंदगी के इन्हीं लम्हों की अहमियत पर जोर देते हैं, साथ ही ग्राहकों को भरोसा दिलाते हैं कि आईजीआई सर्टिफिकेशन इसके प्रामाणिकता की गारंटी देता है और उनके दिल में बसी यादों का सम्मान करता है।

### सोने की कीमतों को लेकर बड़ा दावा

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ अमेरिका की एक रिपोर्ट के अनुसार सोने में निवेश में निवेश मामूली रूप से भी बढ़ा तो इस साल कीमतों पर बड़ा असर पड़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर निवेश सिर्फ 1 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो 2025 में सोना सोने के भाव 3,000 से 3,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकते हैं। अगर सोने की गैर-वाणिज्यिक खरीद में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो अगले 18 महीनों में इसकी कीमतें संभावित रूप से 16 फीसदी तक बढ़कर 3,500 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती हैं।

# चैत नवरात्र में नारियल में 3 करोड़ रुपए से अधिक के व्यापार की उम्मीद

नारियल में लोकल मांग के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की अच्छी मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चैत नवरात्र पर्व का आगाज होने के साथ ही नारियल की बिक्री बढ़ गई है। मंदिर, मढियां, और घरों में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से अराधना शुरू कर दी है। तो माता रानी को चुनरी, कुमकुम, करवा चूड़ी के साथ श्रीफल (नारियल) का चढ़ावा चढ़ा रहे है तो मंदिरों और घरों में पूजा, ध्यान के पश्चात नारियल फोड़ रहे हैं। ऐसे में शहर के बाजारों में नारियल की बिक्री में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

एक अनुमान के मुताबिक नवरात्रि पर्व पर शहर में नारियल का व्यापार 3 करोड़ रुपए से अधिक के होने की उम्मीद है। नवरात्र में सबसे अधिक छिले हुए नारियल की मांग होती है। गौरतलब है कि राजधानी में थोक विक्रेताओं द्वारा नारियल शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों में भेजा जा रहा है। जुमेराती बाजार स्थित नारियल कारोबारी संजय जैन के अनुसार आम दिनों की अपेक्षा नवरात्र में नारियल की बिक्री अधिक हो जाती है। एक ट्रक में 45 हजार पीस नारियल आते हैं, जिसका दाम चार से पांच लाख रुपए होते हैं।



### इन प्रदेशों से आता है नारियल

*नवरात्र में काफी मात्रा में नारियल केरल, तमिलनाडु एवं आंध्रप्रदेश से आ रहा है। सबसे अधिक आंध्र प्रदेश से मंगाई जा रही है। यहां के नारियल को लोग अधिक पसंद करते हैं। फल का आकार बड़ा होता है। मांगों की पूर्ति के लिए एक पखवाड़े पहले ऑडर दिया जाता है।*

### थोक में 2000 से 2500 रुपए बोरा तो फुटकर में 20 से 30 रुपए नग

*बाजार जानकारों के अनुसार नारियल उत्पादक केंद्र तमिलनाडु में चारों तरफ मांग का दबाव बना हुआ है, जबकि स्टाक सुगम नहीं होने से वहां दाम बढ़ाकर बोले जा रहे हैं। भोपाल के जुमेराती थोक बाजार में भी नारियल की लोकल मांग के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की अच्छी मांग है। बाजार में माल की भरपूर आवक है। नारियल के थोक भाव 120 भरती 1800 रुपए, 160 भरती 2000 से 2200 रुपए और 200 भरती नारियल का बोरा 2200 से 2400 रुपए में हैं। तो वहीं फुटकर दुकान, किराना दुकान और हाट बाजारों में नारियल 20 से 30 रुपए नग के दाम पर विक्रय किया जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि नारियल में नवरात्र की मांग इस पूरे सप्ताह अच्छी रहने वाली है, जिससे फिलहाल नारियल में मंदी नजर नहीं आ रही है। नारियल की आवक मात्र दो गाड़ी की रही।*

# जियो ने दायर किए 4 हजार से अधिक पेटेंट, केंद्र से मिले दो पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



टेक्नोलॉजी कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) को दो प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं। एक ओर भारत सरकार ने जियो प्लेटफॉर्म्स को राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार से सम्मानित किया, वहीं प्रौद्योगिकी और नवाचार में असाधारण उत्कृष्टता के लिए वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूआईपीओ) सम्मान से नवाजा है।

दिल्ली में हुए एक समारोह में केंद्रिय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह सम्मान दिए।वैश्विक स्तर पर कंपनी ने पिछले तीन वर्षों में 4 हजार से अधिक पेटेंट दायर किए हैं। इनमें से अधिकतर पेटेंट दूरसंचार, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्रों में दाखिल किए गए हैं। आसान भाषा में कहें तो ज्यादातर पेटेंट 5जी, 6जी और एआई तकनीकों के विकास और उनसे संबंधित प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से हैं। इन तकनीकों पर अभी तक विदेशी कंपनियों का वर्चस्व माना जाता था। जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आयुष भटनागर ने जेपीएल के लिए पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा कि ये पुरस्कार इनोवेशन को लेकर हमारी प्रतिबद्धता के गवाह हैं। हम केवल तकनीकों पर ही काम नही कर रहे; हम ऐसी क्षमताएं विकसित कर रहे हैं जो 5जी, 6जी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में हमें आगे खड़ा करेंगी।

एलएनसीटी समूह के सचिव डॉ. अनुपम का अभिनंदन

# अर्थ ऑवर 2025 : एलएनसीटी समूह पर्यावरण संरक्षण और जागरुकता के लिए जन समुदाय को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अर्थ ऑवर 2025 के अवसर पर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, एलएनसीटी समूह के सचिव एवं जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अनुपम चौकसे का पर्यावरणीय कार्यों में योगदान के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ द्वारा अभिनंदन किया गया। डॉ. अनुपम चौकसे ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के लिए जन समुदाय को प्रेरित किया साथ ही वर्षों से एलएनसीटी समूह द्वारा किए जा रहे पर्यावरणीय कार्यों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर डब्ल्यू डब्ल्यू एफ की स्टेट डायरेक्टर संगीता सक्सेना ने अर्थ ऑवर के महत्व के बारे में विस्तृत रूप बताया और एलएनसीटी समूह के द्वारा दिए जा रहे सहयोग की प्रशंसा की ओर कार्यों को सराहा। एलएनसीटी समूह के क्वेस्ट नेचर क्लब के संयोजक प्रो. (डॉ.) अमितबोध उपाध्याय, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ से अजय मिश्रा, शशांक दुबे, मार्कंडेय सिंह, जेएनसीटी से नेचर क्लब की संयोजक डॉ. रिशु उपाध्याय और बड़ी संख्या में एलएनसीटी समूह के स्टूडेंट्स एवं क्वेस्ट नेचर क्लब और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के स्वयंसेवकों की कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी रही।




### एक सप्ताह का पर्यावरणीय महोत्सव मनाया गया

*एलएनसीटी, एलएनसीटी एंड एस और एलएनसीटीई के क्वेस्ट नेचर क्लब के द्वारा अर्थ ऑवर के उपलक्ष्य में एक सप्ताह का पर्यावरणीय महोत्सव मनाया गया ओर इस अवसर पर गौरैया दिवस, रीसाइक्लिंग दिवस, विश्व जल दिवस और अर्थ ऑवर पर विविध कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के लिए एलएनसीटी समूह और डब्ल्यू डब्ल्यू एफ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए। इस उपलक्ष्य में भोपाल लेख व्यू , रामसर साइट पर स्वच्छता अभियान, साइक्लोथान, जल संरक्षण शपथ, अनावश्यक बिजली बंद रखी गई और गौरैया दिवस पर कॉलेज कैंपस में सकोरे रखे गए।*


## बिजनेस न्यूज

### डेनेशिया डेंटल हॉस्पिटल में सुंदरकांड का आयोजन



**भोपाल।** डॉक्टर प्रशांत त्रिपाठी डेनेशिया सुपरस्पेशलिटी डेंटल हॉस्पिटल में भव्य सुंदरकांड का आयोजन एक बहुत ही सफल और आध्यात्मिक अनुभव था। इस सुन्दरकाण्ड में अभिनव मानस मंडल द्वारा भजन और कीर्तन किया गया । सुंदरकांड का पाठ बहुत ही भावपूर्ण और आध्यात्मिक तरीके से किया गया। आयोजन में डेनेशिया डेंटल हॉस्पिटल के मरीज, कर्मचारी और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान भजन और कीर्तन के साथ-साथ प्रसाद वितरण भी किया गया। आयोजन का माहौल बहुत ही शांत और आध्यात्मिक था। आयोजन के दौरान सभी लोगों ने बहुत ही ध्यान और श्रद्धा से सुंदरकांड का पाठ सुना और सभी लोगों ने बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस सुंदरकांड का आयोजन पीके त्रिपाठी , विजयलक्ष्मी त्रिपाठी ,डॉ. प्रशांत त्रिपाठी और डॉ. पूजा त्रिपाठी द्वारा किया गया। सुन्दरकांड में अभिनव मानस मंडल के मंडल पदाधिकारीगण चंद्रमोहन साहू, देवेंद्र सक्सेना, पंडित राधेश्याम तिवारी, एमएल राय, एनपी आर्या, चंद्रप्रकाश मालवीय, मनोज खंडेलवाल , उमेश सिंह , वाईपी त्रिपाठी , प्रकाश राय सक्सेना , आरएस यादव , एसआर डहेरिया, दीपक सोनी , अरविंद , लक्ष्मण सिंह मीणा , जय प्रकाश, संजय और कैलाश राव उपस्थित थे।

### बीसीसीआई अध्यक्ष पाली ने किया मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान



**भोपाल।** जीआईएस की सफलता के लिए भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई)के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सम्मानित किया। भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पहली बार आयोजित किए जाने को लेकर पाली ने व्यापारिक संगठनों की ओर सीएम का आभार जताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकिभारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में मध्यप्रदेश पीछे नहीं रहेगा। हम विरासत से विकास की ओर बढ़ रहे हैं। अगले पांच साल में प्रदेश का सालाना बजट दोगुना करेंगे। कोई नया टैक्स नहीं लगाया जाएगा। नागरिकों की आय बढ़ाकर बजट को मजबूत किया जाएगा।

# पंतजलि के शोध को वैश्विक स्तर पर मिली पहचान रिसर्च जर्नल के शीर्ष 100 शोधपत्रों में मिली जगह

आयुर्वेदिक औषधियां वैज्ञानिकों के लिए भी एक कौतुहल का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

योगगुरु स्वामी रामदेव की प्रेरणा व पतंजलि के वैज्ञानिकों के साक्ष्य आधारित आयुर्वेदिक दवा अनुसंधान से निर्मित रीनोग्रिट के शोध को विश्व प्रसिद्ध प्रकाशक नेचर पोर्टफोलियो के वैज्ञानिक रिसर्च जर्नल के वर्ष 2024 के शीर्ष 100 शोध में शामिल किया गया है।

साइंटिफिक रिपोर्ट का इंपैक्ट फैक्टर 3.8 है और यह विश्व का पांचवा सबसे ज्यादा संदर्भित जर्नल है। रीनोग्रिट पर प्रकाशित इस शोध पत्र को 2,568 लोगों ने डाउनलोड किया है। यह इसका संकेत है कि आयुर्वेदिक औषधियां न केवल रोगों को दूर करने में सफल प्रमाणित हो रही हैं, अपितु यह वैज्ञानिकों के लिए भी एक कौतुहल का विषय है कि किस प्रकार जड़ी–बूटियों से बनी कोई औषधि बिना किसी दुष्प्रभाव के बड़े से बड़े रोग को दूर करने में सक्षम है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा 'रीनोग्रिट की यह सफलता आयुर्वेद की वैज्ञानिक प्रमाणिकता को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है। यह दर्शाता है कि जब आयुर्वेद को नवीन तकनीकों की कसौटी पर परखा जाता है तो किस प्रकार अभूतपूर्ण परिणाम प्राप्त होते हैं।



किसानों को किया गया 757 करोड़ 36 लाख रुपए का भुगतान

# मध्यप्रदेश में अब तक 74,697 किसानों से 5.80 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक 74697 किसानों से 5 लाख 80 हजार 711 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूं का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक 757 करोड़ 36 लाख रूपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका है।

गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपए है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूं की खरीदी 2600 रूपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। राजधानी भोपाल संभाग में भोपाल में 38640मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हो चुका है। इसके अलावा उज्जैन में 1 लाख 19 हजार 535, सीहोर में 83735, देवास में 60456, शाजापुर में 60282, इंदौर में 42765, भोपाल में 38640, राजगढ़ में 36457, मंदसौर 25292, आगर मालवा में 23604, धार में 20564, विदिशा में 19593, हरदा में 13451, खंडवा में 11082, रतलाम में 10857, नीमच में 3351, नर्मदापुरम में 3307, झाबुआ में 2965, रायसेन में 2708, बैतूल में 1000, दमोह में 460, खरगौन में 329, गुना में 252, सागर में 22 और अलीराजपुर में 4 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। इस वर्ष अभी तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिए 13 लाख 98 हजार किसानों ने पंजीयन करवाया है। पंजीयन की अंतिम तारीख 31 मार्च है।

### उपार्जित गेहूं का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करें

*खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में आगामी दिनों असामयिक वर्षा होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। अतः रबी विपणन वर्ष 2025-26 में अभी तक उपार्जित गेहूं का परिवहन एवं भंडारण सुनिश्चित करें। इस तरह के प्रयास करें कि किसी भी उपार्जन केन्द्र पर असामयिक वर्षा से गेहूं भीगना नहीं चाहिए। उन्होंने कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि उपार्जन केन्द्रों पर उपलब्ध गेहूं का परिवहन कर गोदामों में सुरक्षित भंडारण के लिए जरूरी हो तो अन्य परिवहनकर्ताओं के ट्रकों को इस कार्य में लगाएं। गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों पर खुले में भंडारित गेहूं को समितियों के माध्यम से गोदामों में भंडारण सुनिश्चित करें।*

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में दीपक एडवरटाइजिंग ग्रोथ में वृद्धि दर्ज



**इंदौर।** मध्यभारत की मीडिया व क्रिएटिव एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में शानदार व्यवसायिक वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक जेठा ने बताया कि लगभग सभी कैटेगरी में वृद्धि हुई पर सबसे ज्यादा वृद्धि ज्वेलरी, एजुकेशन, लाइफ स्टाइल, ऑटोमोबाइल और गवर्नमेंन्ट सेगमेंट ने की है। रियल स्टेट भी अपने दो वर्ष पूर्व की तेजी को पाने के लिये प्रयास कर रहा है। आने वाले वित्तीय वर्ष में भी प्रिंट मीडिया का बोलबाला रहने की उम्मीद उन्होने व्यक्त की है। कॉल फॉर एक्शन कम्युनिकेशन के लिए प्रिंट मीडिया को उन्होने सर्वाधिक प्रभावशाली बताया। उल्लेखनीय है कि एडवरटाइजिंग वर्ल्ड में स्थापित ब्रांड बन चुकी दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी अब तक 190 नेशनल व इंटरनेशनल अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुकी हैं, जिसमें 17 बार एजेंसी ऑफ़ द ईयर का अवॉर्ड शामिल हैं। दीपक एडवरटाइजिंग आईएनएस,सीबीसी और प्रसार भारती में अधिकृत मध्यभारत की एकमात्र विज्ञापन एजेंसी है।

## चिंतन

# अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बढ़ रही अनिद्रा चिंतनीय

देश जिस गति से डिजिटल हो रहा है, देश में स्मार्टफोन्स के उपभोक्ता बढ़ रहे हैं, उसी अनुपात में देश के किशोरों, युवाओं और अब तो बच्चों के सामने शारीरिक व मानसिक सवास्थ्य की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। ताजा अध्ययन में कहा गया है कि स्क्रीन के अधिक उपयोग से अनिद्रा का खतरा 60 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। जैसे जैसे वर्चुअल तकनीक बढ़ रही है, विजुअल दुनिया बदल रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स का प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे वैसे सभी आयुवर्ग के लोग स्क्रीन्स के आदी होते जा रहे हैं। इसका सीधा असर, आंखों की रोशनी, नींद, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर पड़ता है। सोने से एक घंटे पहले स्क्रीन (मोबाइल, टैब, लैपटॉप या पीसी) का इस्तेमाल करने से अनिद्रा का खतरा लगभग साठ प्रतिशत बढ़ सकता है और नींद का समय लगभग आधे घंटे कम हो सकता है। एक अध्ययन के दौरान नॉर्वे में 18-28 वर्ष की आयु के 45,000 से अधिक छात्रों से उनके सोने के समय और आदतों के बारे में सवाल किया गया, जिसमें यह भी शामिल था कि वे सोने के बाद कितनी देर तक स्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं। इन छात्रों ने स्क्रीन के इस्तेमाल का उद्देश्य, जैसे कि फ़िल्में देखना या सोशल मीडिया देखना, भी बताया। 'फ्रंटियर्स इन साइकियाट्री' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, स्क्रीन गतिविधि का प्रकार उतना मायने नहीं रखता जितना कि बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग करते हुए बिताया गया कुल समय। अध्ययन के दौरान सोशल मीडिया और अन्य स्क्रीन गतिविधियों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया गया, जिससे पता चलता है कि स्क्रीन का उपयोग ही नींद में व्यवधान का मुख्य कारण है। अनिद्रा को सोने में 30 मिनट से अधिक समय लगने के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसमें रात के दौरान अक्सर नींद से जागना जैसी परेशानियां शामिल हो सकती हैं। नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इसलिए, दिन के दौरान नींद आ सकती है, जिससे गतिविधियों में बाधा आती है। मोबाइल स्क्रीन का ज़्यादा इस्तेमाल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, जिससे आंखों पर दबाव, नींद की कमी, तनाव, और सामाजिक संबंधों पर बुरा असर पड़ सकता है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों में सूखापन, जलन, धुंधला दिखना और सिरदर्द हो सकता है। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है और अनिद्रा की समस्या पैदा कर सकता है। अधिक समय तक झुकी हुई मुद्रा में स्क्रीन देखने से गर्दन और पीठ में दर्द हो सकता है। स्क्रीन के सामने बैठे रहने से शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है, जो मोटापे का कारण बन सकती है। अत्यधिक सोशल मीडिया का इस्तेमाल तनाव और चिंता को बढ़ा सकता है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम अवसाद के खतरे को बढ़ा सकता है, सामाजिक संबंधों पर बुरा असर डाल सकता है और लोगों को अकेलापन महसूस हो सकता है, एकाग्रता की क्षमता कम हो सकती है व निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। बच्चों की आंखों पर मोबाइल के प्रभाव और स्क्रीन टाइम के बच्चे के विकास पर व्यापक प्रभाव को समझना माता-पिता और देखभाल करने वालों के लिए ज़रूरी है। इसलिए जरूरी है कि स्क्रीन टाइम को सीमित करने के लिए नियम बने। लोग खुद तय करें, बच्चों के लिए अभिभावक समय निश्चित करें, स्कूल, कॉलेज, परिवार और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्क्रीन के प्रयोग को रेगुलेट किया जाय। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी से अंधापन बढ़ रहा है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# बेंगलुरु से संघ का राष्ट्र निर्माण संदेश

> शताब्दी वर्ष में संघ की बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का दो दिवसीय आयोजन अनेक अर्थों में महत्वपूर्ण घटना मानी जाएगी। शताब्दी वर्ष के संकल्प का शीर्षक है, विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिन्दू समाज का निर्माण। संघ की आलोचनाओं से परे हटकर विचार करिए। हिंदुत्व का सर्वसमावेशी विचार और उसके अनुरूप भारत राष्ट्र सहित संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए कार्यक्रम का संकल्प उपयुक्त दृष्टि या सही दिशा में कार्य करने से प्राप्त उपलब्धियां के आत्मविश्वास के बिना संभव नहीं। इसमें मनुष्य को अपने परिवार, समाज, देश और फिर विश्व कल्याण तक ले जाना, उस दृष्टि से राष्ट्र निर्माण जैसे व्यापक लक्ष्य शताब्दी वर्ष में सामने रखा है।

इस वर्ष विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। शताब्दी वर्ष में संघ की बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का दो दिवसीय आयोजन अनेक अर्थों में महत्वपूर्ण घटना मानी जाएगी। संघ के सम्पूर्ण नेतृत्व मंडल के अलावा विचार परिवार के सभी 32 संगठनों के शीर्ष 1482 प्रतिनिधियों के आयोजन से निकला स्वर संघ और उसके विचार परिवार की भूमिका का दिग्दर्शन होगा। संघ की हर बैठक के संदर्भ में आम सोच यही होती है कि इस समय के सर्वाधिक चर्चित मुद्दे पर संघ का क्या रुख सामने आता है। हालांकि संघ की बैठकों के निर्णयों और वक्तव्यों ने बार-बार साबित किया है कि उसका हर कार्य-व्यवहार लक्ष्य की दृष्टि से होता है और तात्कालिक घटनाएं उसी के आलोक में देखी जाती हैं। बैठक के आरंभ में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने पत्रकार वार्ता की, उद्घाटन दिवस पर सह सरकार्यवाह मुकुंद सीआर, दूसरे दिन सहसरकार्यवाह अरुण कुमार तथा अंत में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसाबोले ने पत्रकारों के माध्यम से बैठक की वांछित जानकारी दी। किसी ने भी अपनी ओर से महाकुंभ और बांग्लादेश को छोड़ अन्य पर वक्तव्य नहीं दिया क्योंकि ये बैठक के मुख्य एजेंडा नहीं थे। सारे वक्तव्य प्रश्नों के उत्तर में दिए गए। औरंगजेब और उसके कब्र को लेकर प्रश्न के उत्तर में ही पहले अंबेकर ने इसे अप्रासंगिक बताया तो होसाबोले ने कहा कि देश के इथोस, संस्कृति, सभ्यता, प्रकृति के अनुरूप काम करते हुए समृद्धि में योगदान देता है उसे आइकॉन माना जाएगा या जो बाहर से आकर आक्रमण कर शासन किया, हजारों लोगों पर अत्याचार किए, धर्म परिवर्तन किया उसे? यानी संदर्भ है कि देश किसे आदर्श माने।

एजेंडा के बारे में जानकारी देते हुए मुकुंद ने स्पष्ट किया कि संघ स्थापना के100 वें वर्ष की प्रतिनिधि सभा में संघ कार्य से सामाजिक प्रभाव और समाज में बदलाव लाने पर चर्चा,विचार-विमर्श होगा। सारे वक्तव्यों से स्पष्ट हुआ कि संघ शताब्दी के दौरान विशिष्ट गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगा जो विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित होगा। इसके संदर्भ में लक्ष्य से संबंधित सूत्रों का आधार दिया गया तो उसके अनुसार आगे की कार्य योजनाएं। तीन सूत्र दिए गए- 1. आत्मचिंतन करना, 2. संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए समर्थन के लिए आभार प्रकट करना तथा 3. सबके वक्तव्य का स्वर था कि राष्ट्र तथा समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना है। दत्तात्रेय ने कहा कि संघ का उद्देश्य हिन्दू समाज का पुनर्जागरण रहा है, लक्ष्य हिन्दू समाज को संगठित करना है। सहसरकार्यवाह अरुण कुमार ने कहा कि संघ संगठन नहीं, समाज परिवर्तन का बड़ा जनआंदोलन है। संघ शाखाओं और राष्ट्रव्यापी गतिविधियों के माध्यम से इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए काम कर रहा है।

अब जरा कार्यक्रमों की कुछ बिंदुवार रूपरेखा देखिए।

1. शताब्दी वर्ष में विजयादशमी को संघ गणवेश में स्वयंसेवकों के मंडल, खंड व नगर स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 2. नवंबर से जनवरी तक घर-घर संपर्क अभियान चलेगा। 3. सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित कर प्रत्येक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का



योगदान और संघ द्वारा घोषित शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन अर्थात परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्व का भाव, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी का संदेश दिया जाएगा। 4. सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित कर सांस्कृतिक आधार और हिन्दू चरित्र को खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश दिया जाएगा। 5. नागरिक संवाद आयोजित कर राष्ट्रीय दृष्टि से स्थापित नकारात्मक और विकृत नैरेटिव या विमर्श की जगह सही विमर्श स्थापित करने कोशिश होगी। इतने कार्यक्रमों के बाद शताब्दी वर्ष में लाखों लोग उनसे जुड़ते हैं तो किसी के लिए छाती पीटने का कारण नहीं होना चाहिए।

सरकार्यवाह द्वारा प्रतिनिधि सभा के आरंभ में प्रस्तुत प्रतिवेदन में वर्ष भर के कार्यों के विवरण के साथ वर्तमान संगठन की स्थिति के आंकड़े उपलब्ध हैं। किसी को भी वह संघ की वेबसाइट पर मिल जाएगा। इसके अनुसार इस समय देश में लगभग एक करोड़ स्वयंसेवक हैं। शताब्दी वर्ष में संघ विस्तार और सुंदृढ़िकरण के लिए 2,453 स्वयंसेवक आगे आए और विस्तारक बने गये। वो सब अपनी क्षमता के अनुरूप या थोड़ा भी काम करेंगे तो इसका असर होगा। संघ में युवाओं की संख्या यूं ही नहीं बढ़ रही है। इस वर्ष आयोजित कुल 4,415 प्रारंभिक वर्गों में 2 लाख 22 हजार 962 स्वयंसेवक शामिल हुए, जिनमें 1 लाख 63,000 14 से 25 आयु वर्ग और 20 हजार से अधिक 40 वर्ष से ऊपर के आयु के थे। अरुणाचल में 1999 में काम शुरू हुआ और 274 शाखाएं लग रहीं हैं। तमिलनाडु में जहां कार्य न के बराबर था वहां शाखाओं की संख्या चार हजार पार कर गई है। 1925 में संघ की स्थापना हुई और 1940 तक सभी प्रांतों में पहुंचे तो 1972 तक सभी जिलों में, 1996 तक सभी नगर और प्रखंडों तक पहुंच गए और अभी देश के सभी मंडलों (एक मंडल दस से बारह गांवों को मिलाकर बनाया गया है) तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिवेदन में आए आंकड़ों के अनुसार 51 हजार 570 स्थानों पर प्रतिदिन 83 हजार 129 शाखाएं चलती हैं। साप्ताहिक शाखाओं और मिलन की कुल संख्या 1 लाख 15 हजार 276 है। संघ को अभी भी शहरी मध्य वर्ग और कुछ व्यापारियों का संगठन मानने वालों को दत्तात्रेय द्वारा दी गई इस जानकारी पर ध्यान देना चाहिए कि विस्तार में ग्रामीण मंडलों पर केंद्रित करते हुए देश को 58 हजार 981 ग्रामीण मंडलों में विभाजित किया है, जिनमें से 30 हजार 717 मंडलों में दैनिक शाखाएँ और 9 हजार 200 मंडलों में साप्ताहिक मिलन चल रहे हैं। विस्तार का ही परिणाम है कि संघ आज समाज जीवन के हर क्षेत्र में प्रभावी रूप से सक्रिय है जिनमें शिक्षा, चिकित्सा, स्वावलंबन, सामाजिक जागरण, सामाजिक सद्भाव जैसे क्षेत्रों में करीब 90 हजार गतिविधियों का आंकड़ा दिया गया है। सामाजिक समरसता के लिए उन क्षेत्रों में विशेष काम किया जा रहा है जहांअत्यधिक छुआछूत है।

शताब्दी वर्ष के संकल्प का शीर्षक है, विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिन्दू समाज का निर्माण। कुछ पंक्तियों को उद्धृत कर समझा जा सकता है। अनंत काल से ही हिंदू समाज एक प्रदीर्घ और अविस्मरणीय यात्रा में साधनारत रहा है, जिसका उद्देश्य मानव एकता और विश्व कल्याण है। संघ की आलोचनाओं से परे हटकर विचार करिए। हिंदुत्व का सर्वसमावेशी विचार और उसके अनुरूप भारत राष्ट्र सहित संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए कार्यक्रम का संकल्प उपयुक्त दृष्टि या सही दिशा में कार्य करने से प्राप्त उपलब्धियां के आत्मविश्वास के बिना संभव नहीं। इसमें मनुष्य को अपने परिवार, समाज, देश और फिर विश्व कल्याण तक ले जाना, उस दृष्टि से राष्ट्र निर्माण जैसे व्यापक लक्ष्य शताब्दी वर्ष में सामने रखा है। इसके कार्यों को देखें तो उसमें सुसंगति दिखाई भी पड़ती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## अप्रैल फूल
योगेश कुमार गोयल



# हंसो, हंसाओ मगर किसी का भी दिल न दुखाओ

विश्वभर के लगभग सभी देशों में पहली अप्रैल का दिन 'फूल्स डे' यानी 'हंसी-ठिठोली दिवस' के रूप में ही मनाया जाता है। कोई छोटा हो या बड़ा, इस दिन हर किसी को जैसे हंसी-ठिठौली करने का बहाना मिल जाता है और लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने की चेष्टा करते नजर आते हैं। ऐसी असत्य और मनघडंत कल्पनाओं को ही यथार्थ का रूप देकर, जिन पर कोई भी आसानी से विश्वास कर सके, किसी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने का प्रयास करते हैं और प्रायः बहुत चतुर समझे जाने वाले व्यक्ति भी मूर्ख बन जाते हैं। शायद यही कारण है कि इस दिन चाहे कोई किसी का कितना ही विश्वासपात्र क्यों न हो, मस्तिष्क में यह बात विराजमान रहती है कि कहीं यह हमें मूर्ख तो नहीं बना रहा! कई बार होता यह भी है कि लोग कोशिश तो करते हैं दूसरों को मूर्ख बनाने की लेकिन इस कोशिश में खुद ही मूर्ख बन जाते हैं और जब ऐसा होता है तो वाकई बड़ा मनोरंजक माहौल बन जाता है। कभी-कभी तो इस दिन सैंकड़ों-हजारों की संख्या में भी लोग एक साथ 'मूर्ख' बनते देखे गए हैं।

'हंसी ठिठोली दिवस' केवल आम लोगों तक ही सीमित नहीं है बल्कि कई प्रसिद्ध ब्रांड, मीडिया हाउस और सरकारी संस्थाएं भी इस अवसर पर मजेदार अफवाहें या रोचक प्रचार के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करती रही हैं। कई बार बड़े समाचार पत्र और ऑनलाइन पोर्टल्स इस दिन ऐसी खबरें प्रकाशित कर देते हैं, जिन पर लोग सहज रूप से विश्वास कर बैठते हैं लेकिन अंत में पता चलता है कि वे महज 'अप्रैल फूल' मजाक का एक हिस्सा थी। इतिहास में कई बड़े-बड़े किस्से इस दिन से जुड़े हुए हैं। 1957 में ब्रिटेन के बीबीसी चैनल ने एक खबर चलाई कि स्विट्जरलैंड के किसान स्पेगेटी के पेड़ों से ताजा स्पेगेटी तोड़ रहे हैं। इस खबर को देखकर हजारों लोगों ने चैनल से संपर्क कर पूछा कि वे ऐसे पेड़ कहां से खरीद सकते हैं। इसी तरह 1996 में प्रसिद्ध फास्ट फूड चेन 'बर्गर किंग' ने घोषणा की कि उन्होंने विशेष रूप से बाएं हाथ वालों के लिए 'लेफ्ट-हैंड व्हॉपर' बर्गर बनाया है। इस खबर पर हजारों लोगों ने विश्वास कर लिया और कुछ ने तो यह भी पूछ लिया कि क्या उनके लिए 'राइट-हैंड व्हॉपर' बर्गर उपलब्ध है। तकनीकी और डिजिटल युग में भी यह परंपरा और तेजी से विकसित हुई है।

कभी-कभार इस अवसर पर ऐसे दिलचस्प मामले भी सामने आते रहे हैं, जब लोग इस दिन सच्ची खबर पर भरोसा नहीं करके भी 'अप्रैल फूल' बन गए और बाद में बहुत पछताए। ऐसा ही एक वाकया 2015 में न्यूजीलैंड में सामने आया था, जब वहां के एक बड़े अखबार 'न्यूजीलैंड हेराल्ड' में दुनिया की विख्यात कार निर्माता कम्पनी बीएमडब्ल्यू ने 'अप्रैल फूल्स डे स्पेशल ऑफर' का विज्ञापन दिया। विज्ञापन में कम्पनी की ओर से दावा किया गया कि जो भी व्यक्ति इस विज्ञापन के साथ छपे कूपन को लेकर इस दिन सबसे पहले कम्पनी के शोरूम पहुंचेगा, उसे उसकी किसी भी पुरानी कार के बदले बिल्कुल नई बीएमडब्ल्यू कार दी जाएगी। लोगों ने इस विज्ञापन को कार निर्माता कम्पनी का अप्रैल फूल बनाने का हथकंडा समझा। टियाना मार्श नामक एक महिला अपनी किस्मत आजमाने की सोचकर अपनी 15 वर्ष पुरानी कार लेकर कम्पनी के शोरूम पहुंच गई। शोरूम में पहुंचने वाली वह एकमात्र व्यक्ति थी और वहां पहुंचकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब उसे उसकी खटारा कार के बदले वाकई 50 हजार डॉलर वाली चमचमाती बीएमडब्ल्यू कार की चाबी कम्पनी द्वारा सौंप दी गई।

वैसे 1 अप्रैल को 'फूल्स डे' के रूप में मनाए जाने का कारण यही माना जाता रहा है कि पुराने जमाने में चूंकि नए साल की शुरूआत 1 अप्रैल से ही होती थी, अतः लोग इस दिन को हंसी-खुशी गुजारना चाहते थे ताकि उनका पूरा साल हंसी-खुशी बीते। लोगों की इसी धारणा के चलते 1 अप्रैल को 'हास्य दिवस' के रूप में मनाने की परम्परा शुरू हुई थी लेकिन धीरे-धीरे लोगों का उत्साह इस दिवस के प्रति कम होने लगा तो कुछ लोगों ने इस दिन कृत्रिम हास्य के जरिये दूसरों को बेवकूफ बनाना शुरू कर दिया। लोगों को भी यह अंदाज इतना पसंद आया कि इस परम्परा ने धीरे-धीरे 'फूल्स डे' का रूप ले लिया। 'अप्रैल फूल' बनाने की पश्चिमी देशों में शुरू हुई यह परम्परा भारतीय संस्कृति में कब और कैसे प्रवेश कर गई, पता ही नहीं चला लेकिन भले ही इस परम्परा पर पाश्चात्य संस्कृति का रंग बहुत गहरा चढ़ा है पर यदि हम इस परम्परा में निहित उद्देश्यों को गहराई में जाकर देखें तो गौरवशाली भारतीय संस्कृति के आधार पर भी यह परम्परा गलत नहीं ठहराई जा सकती।

(लेखक परिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
## दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

# मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
## प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## गणगौर



जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में सोमवार को गणगौर उत्सव के अवसर पर त्रिपोलिया गेट के पास पारंपरिक जुलूस के दौरान कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देते हुए।

## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। *- चंद्रशेखर साहू, भाटापारा*

## ट्रेंड

### ईद मुबारक



ईद-उल-फित्र की हार्दिक बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। यह त्योहार आपके लिए खुशहाली लाए और आपको आपके सभी प्रयासों में सफलता मिले। ईद मुबारक।

**-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ईद भाईचारे का संदेश



ईद की हार्दिक बधाई, ईद-उल-फित्र का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है। यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी**

### कश्मीर को पहली वंदे भारत



पीएम नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को कटरा से हरी झंडी दिखाएंगे और इसी के साथ 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल संपर्क परियोजना पूरी हो जाएगी।

**-जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### इतनी बैरिकेडिंग क्यों



भाजपा देश को संविधान के अनुरूप नहीं चला रही है। ईद के मौके पर इतनी बैरिकेडिंग क्यों की गयी? इसे तानाशाही कहना चाहिए या 'आपातकाल'? मैंने कभी ऐसी बैरिकेडिंग नहीं देखी, जो लोगों को उनके त्योहार मनाने से रोकने के लिए की गयी हो। **-अखिलेश यादव, पूर्व सीएम**

## करंट अफेयर

# खालिदा अप्रैल मध्य में लंदन से बांग्लादेश लौटेंगी

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है और उनके अप्रैल के मध्य में लंदन से बांग्लादेश लौटने की संभावना है। यह जानकारी सोमवार को मीडिया की एक खबर में पार्टी के एक नेता के हवाले से दी गई। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि जिया (79) अप्रैल के मध्य में स्वदेश लौटेंगी, लेकिन यह अभी भी निश्चित नहीं है। बीएनपी नेता ने यह भी कहा कि लंदन में जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है, जहां वह अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं। आलमगीर के हवाले से कहा गया, ''वहां ईद मनाई जा रही है। वह आठ साल बाद अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं।" यह जिया का लंदन में तीसरी ईद है, इससे पहले वह 2017 और 2015 में ईद के मौके पर लंदन में ही रही थीं। इस बीच, लंदन से यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश से बात करते हुए जिया के निजी चिकित्सक एजेडएम जाहिद हुसैन ने कहा कि बीएनपी नेता जिया के स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर है।



## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द

आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है: ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है: एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल। राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग-अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग-अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं।



## अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# ईद उल फितरः ईदगाह पर हजारों अकीदतमंदों के सजदे में झुके सिर अमन-शांति और भाईचारे की मांगी दुआ, गले मिल दी मुबारकबाद

मुस्लिम समाज के लोगों ने बांह पर काली पट्टी बांध कर वक्फ बिल का किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में ईद उल फितर की नमाज सोमवार को ईदगाह जामा मस्जिद में ईमाम हाफिज नदीम मौलाना ने अदा कराई। हजारों अकीदतमंदों के सिर सजदे में झुके। अमन, भाईचारे की दुआ की मांगी गई। नमाज अदा करने आए सभी मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांध कर वक्फ बिल का विरोध किया।


रमजान उल मुबारक के पाक महीने के 29 रोजे रखने के बाद सोमवार को पाक मुकद्दस खुशहाली, अमन, भाईचारे का त्यौहार ईद उल फितर खुशी और पाकीजगी के साथ मनाया गया। तय वक्त पर सुबह 8 बजे औबेदुल्लागंज ईदगाह में एवं आस-पास के कस्बे व गांव में तकरीबन 3000 मुस्लिम समाज के लोगों ने हाफिज नदीम मौलाना के पीछे ईद की नमाज अदा की। इस खुशी के मौके पर हजारों हाथ दुआ के लिए उठे। हाफिज नदीम ने देश में अमन, भाईचारे, खुशहाली, तरक्की के लिए दुआ कराई। नमाज़ के बाद सभी एक दूसरे के गले लग कर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं पुलिस प्रशासन एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था कर सभी मुस्लिमों को ईद की मुबारकबाद दी।





## शहरवासियों को दी ईद की मुबारकबाद

मुस्लिम माइनॉरिटी अध्यक्ष राजा सिद्दीकी ने शहर वासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह ईद उल फितर का त्यौहार है। उन्होंने कहा ईद उल फितर के त्यौहार पर जामा मस्जिद, इमाम हाफिज नदीम, मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष आमिर ममनून, जामा मस्जिद सदर गुड्डू, मुस्लिम माइनॉरिटी अध्यक्ष राजा सिद्दीकी, जामा मस्जिद नायब सदर सलीम बाबा, रफत हुसैन, अतीक सिद्दीकी, मजीद भाई, शहजाद सिद्दीकी, हाजी हकीम महफूज बैग, समी उल्ला, अफसर, अकिल मियां, सगीर, नफीस, आमीन, सुहेल सिद्दीकी, मेहमूद बेग, सोहन, रईस खान, नईम खान, नफीस खान, आसिफ पठान, इजराइल, रुबीना बी, सना ममनून आदि ने नगर एवं देश वासियों को ईद की मुबारकबाद दी। वहीं हिंदू उत्सव समिति ने ईद के मौके पर मुस्लिम कमेटी और मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, कमल नरेश मालवीय, संतोष गुप्ता, सुधीर कमल, बंटी जोशी, राजकुमार राजपूत, संजय खटीक, संजय लोधी, राहुल महेश्वरी आदि ने फूल माला पहनकर स्वागत किया।



## ईदगाह पर अदा की विशेष नमाज, गले मिल दी बधाई, सेवइयां खिलाकर कराया मुंह मीठा



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में पवित्र माह रमजान के 30 दिन पूरे होने के बाद सोमवार को ईद का त्यौहार मुस्लिम समुदाय द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। सबसे पहले ईदगाह पर विशेष नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। सुबह से ही बच्च-युवा और बुजुर्गों के चेहरों पर ईद की खुशी देखी गई। ईदगाह में हाफिज मुती उर्रहमान ने नमाज अदा कराई। उन्होंने दुआ के लिए अल्लाह की बारगाह में हाथ फैलाते हुए खुश हाली अमनो अमान की दुआ मांगी। हजारों लोगों ने हाथ उठाकर आमीन कहा। दूसरी और मोहम्मदी मस्जिद में हाफिज मंजूर ने नमाज पढ़ाई। आज पूरे दिन मुस्लिम समुदाय के घर दावतों का दौर जारी रहेगा। वहीं सेवइयां खिलाकर मुंह मीठा कराया।

## खबर संक्षेप



### तीन दिवसीय क्ले आर्ट वर्कशॉप आयोजित

**तामोट।** ग्रामतामोट जिला रायसेन के लक्ष्मी नारायण प्रजापति, शिवलाल प्रजापति ने बैग लैश डे के तहत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पवार खेड़ा नर्मदा पुरम में तीन दिवसीय क्ले आर्ट एवं व्हील पॉटरी वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें मास्टर ट्रेनर लक्ष्मीनारायण प्रजापति तामोट, हेमंत प्रजापति, सत्यम प्रजापति सागर ने प्रशिक्षण दिया। कक्षा 6वीं, 7वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों ने मिट्टी से फ्लावर पॉट, कबूतर, चिड़िया, गणेश जी की प्रतिमा आदि सजावटी सामान बनाने का प्रशिक्षण लिया।

### पटवा ने क्रिकेट टूर्नामेंट के बारे में की चर्चा



**औबेदुल्लागंज।** मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी एवं युवा नेता जीतू नंदवंशी ने सोमवार को बताया कि विधायक सुरेंद्र पटवा ने विधानसभा के मंडल अध्यक्ष व मेधावी खिलाड़ियों के साथ संयुक्त बैठक कर क्षेत्र के हर मडंल में होने जा रहें क्रिकेट टूर्नामेंट के बारें में विस्तृत चर्चा की। पंचायत स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से गांवों के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से जोड़ने पर विचार किया।

### सिंधी पंचायत का सिख समाज ने किया स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** पूज्य सिंधी समाज पंचायत का सिख समाज ने स्वागत किया। इस अवसर पर गुरमीत सिंह, सुरजीत सिंह बिल्ले, लखविंदर सिंह, हरदीप सिंह, मंजीत सिंह, देवेंद्र सिंह राजू, नरेंद्र सिंह, तेजन्दर सिंह, मन्नू बाबा आदि ने स्वागत किया। पूज्य सिंधी समाज पंचायत के अध्यक्ष रमेश वासवानी, उपाध्यक्ष भुरामल आडवाणी, व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, कोषाध्यक्ष साजन वासवानी, सचिव रतन मेघानी, सोनू वासवानी, पंकज नागरानी, रवि वासवानी आदि ने झूलेलाल जयंती एवं चैती चांद महोत्सव में पधारे सभी गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, व्यापार महासंघ, किराना व्यापार संघ आदि का आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेस नेता के संगठित होने से पार्टी हुई मजबूत

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस नेता संजय सिंह चौहान, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू मेहरा, परेश नागर, दुर्गेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद इरपाचे, मंडलम हरजीत सिंह मंगू, पवित्र कौर, द्वारका पटेल के संगठित होने से कांग्रेस में संगठन मजबूत हुआ। पंकज नागरानी, सेंकी मदान, अनिल प्रजापति, डॉ. नंदू नागर, महेंद्र धाकड़ ने कहा वरिष्ठ कांग्रेस के नेताओं में से कोई एक ब्लॉक अध्यक्ष बनेगा। वहीं कांग्रेस में चर्चा कि कि नेता अलग-थलग रहने से गुटबाजी फैल रही है। वरिष्ठ नेताओं प्रदेश में और राजकुमार पटेल इस क्षेत्र के सभी से वाकिफ हैं।

### सांस्कृतिक संध्या में आज कलाकार देंगे प्रस्तुति

**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधु नवजागरण समिति द्वारा चेतीचांद पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सिंधी सांस्कृतिक संध्या व सिंधी मेले में विकास गिदवानी, प्रियंका केसवानी व प्रिया ज्ञानचंदानी अपने मुंबई, नागपुर व रीवा के कलाकारों के साथ भजनों की प्रस्तित देंगे। यह कार्यक्रम 1 अप्रैल मंगलवार रात 8 बजे साधु वासवानी स्कूल ग्राउण्ड पर आयोजित किया गया है। मेले में बच्चों के लिए झूले व स्टाल भी लगेंगे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 138 | 20 | 468 |
| रातः | 468 | 82 | 345 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 138 | 20 | 468 |
| रातः | 468 | 82 | 345 |

## पुलिस ने निकाला सात आरोपियों का ढोल-बाजे के साथ जुलूस

# हत्या के प्रयास में फरार आरोपियों को डकैती की योजना बनाते किया गिरफ्तार, कोर्ट में पेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर स्थित अर्जुन नगर में शनिवार रात युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले 7 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी फरारी काटने के लिए मोदी ज्वेलर्स की दुकान पर डकैती की योजन बना रहे थे। आरोपियों का सोमवार दोपहर जुलूस निकाला गया और उन्हें कोर्ट में पेश किया। अर्जुन नगर में आरोपियों के परिजन और रिश्तेदारों ने जुलूस का विरोध किया।

जानकारी के अनुसार 20 साल का कपिल यादव, अर्जुन नगर में रहता है और कॉलेज में पढ़ाई के साथ प्राइवेट काम करता है। शनिवार रात करीब सवा 8 बजे उस पर उमेश चौहान, आनंद चौहान, आदित्य, मोनू सावन ठाकुर और अन्य से उसका विवाद हो गया। आरोपी उसे कहने लगे की आजकल तू कुछ ज्यादा ही सीना तानकर चल रहा है। कपिल ने आरोपियों का विरोध किया तो उन्होंने कपिल के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस बीच आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला किया था। चाकू उसे गर्दन के पास लगा था। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने आरोपियों के पास लोहे की रॉड, लोहे के पाइप, छूरी, तलवार, डंडा और बाइक बरामद की



### पानी की टंकी के पास से किया गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि प्लेटिनम प्लाजा के पीछे पानी की टंकी के पास कुछ लोग हथियार लिए खड़े हैं और वह पंचशील नगर में मोदी ज्वेलर्स की दुकान पर डकैती डालने की बात कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए सभी को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया था। इस दौरान भागते समय आरोपियों को गिरने के कारण हाथ, पैर में चोटे आई है। आरोपियों के पास लोहे की रॉड, लोहे के पाइप, छूरी, तलवार, डंडा और बाइक बरामद की गई।

### सभी आरोपियों पर पूर्व में दर्ज है अपराध

संतोष उर्फ कालू लोधे (25) कुंहार मोहल्ला, पंचशील नगर आरोपी पर दो दर्जन अपराध दर्ज है। उमेश चौहान (22) अर्जुन नगर। पूर्व में 8 अपराध दर्ज है। शनि चौहान (19) राहुल नगर, कमला नगर। पूर्व में तीन अपराध दर्ज है। आदित्य उर्फ आदी चौहान (20) अर्जुन नगर। पूर्व में 3 अपराध दर्ज है। आनंद चौहान (20) अर्जुन नगर। पूर्व में 3 अपराध दर्ज है। मोनू चौहान (20) अर्जुन नगर, पूर्व में 2 अपराध दर्ज है। इसी प्रकार सावन ठाकुर (19) अर्जुन नगर, पूर्व में दो अपराध दर्ज है।

### युवक से मोबाइल झपटकर भागा था उमेश और आनंद

थाना प्रभारी सुधीर कुमार अरजरिया ने बताया कि उमेश चौहान व आनंद चौहान द्वारा 29 मार्च को पैदल जा रहे अभिनय सिंह का मोबाइल झपटा था। रास्ते में उनको कपिल यादव दिखाई दिया। आरोपियों को उनके साथी ने बताया कि कपिल यादव दिखाई दिया है। कपिल से उनकी पुरानी रंजिश थी। इसी के चलते उमेश चौहान, आनंद चौहान के साथ आदित्य चौहान, मोनू चौहान व सावन के द्वारा कपिल यादव पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया।

### रंजिश में विवाद के बाद ई-रिक्शा चालक पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** बैरागढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर पुरानी रंजिश में ई-रिक्शा चालक और ऑटो चालक के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर ऑटो चालक ने ई-रिक्शा चालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्पुलिस के अनुसार कपिल मेघानी पिता किशोर मेघानी (32) गांधी नगर में रहता है और ई रिक्शा चलाता है। आरोपी दुर्गेश निशातपुरा में रहता है और वह ऑटो चलाता है। दोनों बैरागढ़ से सवारियां लेते हैं। कपिल और दुर्गेश की पुरानी रंजिश है। दोनों का रविवार को बैरागढ़ रेलवे स्टेशन के सामने आमना सामना हो गया। दोनों के बीच विवाद हुआ और दुर्गेश ने ऑटो में रखे पाइप से कपिल के साथ मारपीट कर दी। इस बीच आरोपी ऑटो में रखा चाकू निकालकर ले आया और कपिल पर हमला कर दिया। चाकू कपिल के पेट में बांई ओर लगने से वह बेसुध होकर गिर गया। परिचितों ने कपिल को निजी अस्पताल पहुंचाया था, वहां उसका इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कपिल की शिकायत पर दुर्गेश के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



## डीएफओ ने बाघ को पकड़ने रखवाया पिंजरा

# भोजपुर की द्यिासागर गो शाला के पास इमलिया में फिर दिखा बाघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वन मंडल की रेंज चिकलोद के सर्किल भोजपुर स्थित विद्यासागर गो शाला के पास इमलिया ग्राम पहुंच मार्ग पर सोमवार सुबह 8 बजे जब गस्त करने डीएफओ हेमंत रैकवार एवं एसडीओ पुष्पेंद्र सिंह धाकड़, रेंजर कुलस्ते अपने वाहन से जा रहे थे, तब ही उनकी गाड़ी के सामने टाइगर आ गया।

डीएफओ रैकवार ने टाइगर को सामने से देखकर वरिष्ठ अधिकारियों को पूरी रिपोर्ट फोन पर दी। इसके बाद टाइगर को पकड़ने के लिए बड़ा पिंजरा भेजा गया। ग्राम इमलिया और भोजपुर के किसानों की गेहूं की फसल पक गई है। वे बाग की वजह से डर कर फसल को कटवा नहीं पा रहे हैं, क्योंकि बाघ कभी भी फसल के बीच बैठा रहता है। स्थानीय लोगों ने दिन में 11 तक



शिकार खाता देखा है। डीएफओ रैकवार कहा कि मैंने सोमवार को बाघा देखा है। वरिष्ठ अधिकारियों से परमिशन लेकर बड़ा पिंजरा रखवाया और वन विभाग की सर्च टीम को 24 घंटे नजर रखने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि पिछले कई दिनों से भोजपुर स्थित विद्यासागर गो शाला में गाय और बछड़े का शिकार करने टाइगर लगातार यहां आ रहा है। कई बार शिकार करके गाय को खेत में लेजाकर सुबह 11 बजे तक खाता हुआ दिखा है।

## लक्ष्य सनातन संगम की बैठक आयोजित

# मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

श्रीखेड़ापति माता मंदिर धर्मशाला में लक्ष्य सनातन संगम की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धर्म रक्षा और संस्कृति बचाओ अभियान को लेकर चर्चा हुई। बैठक में शहर के मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ का संकल्प लिया।

संस्था के प्रमुख सोनू सिंह सनातनी ने कहा कि लोगों को धर्म और संस्कृति के महत्व से अवगत कराया जाएगा, साथ ही उन्हें अपने जीवन में इन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र



अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज में एकता और भाईचारा बढ़ाने का माध्यम भी है। बैठक में जगदीश पंडा, संजय गौर, देवेश सोनी, पारस गोस्वामी समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। दोपहर 3 बजे से शुरू हुई यह बैठक देर शाम तक चली।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक-दूसरे को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

**मंडीदीप।** पश्चिमी सभ्यता में नया साल जनवरी महीने की शुरुआत में मनाया जाता है। इस दौरान प्रकृति में कड़ाके की ठंड रहती है, जबकि चैत्र माह में प्रकृति नए रंग-रूप के साथ निखरती है। नेशनल हाईवे स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित हिंदू नव संवत्सर कार्यक्रम में यह बात प्रांत संचालक अशोक पांडे ने कहीं ने कही। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद आरएसएस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के चित्र को माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद प्रांत संचालक ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा मनाने के कई कारण हैं। उन्होंने बताया कि वैदिक नियमों के अनुसार इसी दिन सृष्टि का निर्माण किया गया था।

## स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा कर किया स्वागत

# खेड़ापति माता मंदिर में स्थापित करने जयपुर से लाए भैरव बाबा की प्रतिमा





**औबेदुल्लागंज।** अरोरा परिवार ने खेड़ापति माता मंदिर में भैरो बाबा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए सोमवार को भैरव बाबा की प्रतिमा लेकर जयपुर से औबेदुल्लागंज पहुंचे। अर्जुन अरोरा, राजू अरोरा, नीटू अरोरा, राजेश दीक्षित, गिरीश चावला, नीरज चावला, बहावलपुर समाज के अध्यक्ष बल्लू अरोरा, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया फूलों की वर्षा कर आरती की।

### नौ देवी की प्रतिमा स्थापित करने ले रहे सहयोग




हिरानिया में खेड़ापति माता मंदिर समिति द्वारा नौ देवी की प्रतिमा को खेड़ापति में स्थापित करने और प्राण प्रतिष्ठा के लिए सहयोग लेने का कार्य कर रहे हैं। समिति अध्यक्ष डॉ. माखन सिंह नागर, उपाध्यक्ष रामेश्वर नागर, कोषाध्यक्ष योगेश तिवारी, सचिव जेपी मिश्रा, संरक्षक रामकिशोर शर्मा, नारायण सेन, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, संजय नागर, मेहताब सिंह, उमेश नागर, सुरेंद्र नागर आदि उपस्थित थे।



### गर्मी को देखते हुए 11 स्थानों पर लगाए प्याऊ

**संतनगर।** गर्मी में जीव-जंतुओं और मनुष्यों को राहत देने के लिए जीव सेवा संस्थान ने जनहित में एक सराहनीय कार्य करते हुए शहर के 11 प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ स्थापित किए हैं, जहां लोगों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने बताया कि यह प्याऊ सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुले रहेंगे, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर इन्हें शाम 7:30 बजे तक भी खोला जा सकता है।

## जनरल और स्लीपर कोच में यात्रियों का करता था मोबाइल चोरी

# जीआरपी इटारसी ने ट्रेनों में मोबाइल चुराने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार, दो लाख एक हजार के पांच मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### ट्रेनों में मोबाइल चोरी की घटनाओं के कारण पुलिस ने मुखबिर तंत्र तैनात किया था

जीआरपी इटारसी द्वारा ट्रेनों में मोबाइल चुराने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के पांच मोबाइल जब्त किए हैं। जब्त मोबाइल की कीमत 2 लाख 1 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी स्लीपर और जनरल कोच में सफर कर रहे यात्रियों के मोबाइल चुराकर फरार हो जाता था।

जीआरपी इटारसी निरीक्षक रामस्नेह चौहान ने बताया कि ट्रेनों में मोबाइल चोरी की घटनाएं बढ़ रही थी। जीआरपी रेलवे स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज लगातार चेक कर रही थी। इसके अलावा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। मुखबिर से



सूचना मिली कि दरगाह के पास नाला मोहल्ला इटारसी से एक संदिग्ध को खड़ा देखा। पुलिस को देखते ही वह भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी करते हुए हिरासत में ले लिया गया।

पुलिस की पूछताछ में उसने अपना नाम उमेश गौतम पिता स्वर्गीय दिनेश गौतम (31) रामपुर, जिला जादौन, उत्तर प्रदेश, हाल पता किराए का मकान दरगाह के पास नाला मोहल्ला इटारसी बताया। आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि एक साल पहले उसने पनवेल एक्सप्रेस में इटारसी स्टेशन पर स्लीपर कोच से एक यात्री का मोबाइल चोरी किया था। उक्त मोबाइल उत्तर प्रदेश में गोलू नामक युवक को बेच दिया।

पुलिस ने उक्त मोबाइल उत्तर प्रदेश से बरामद कर लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी बताया कि उसने चार अन्य मोबाइल चोरी किए हैं। पुलिस ने उससे चोरी किए गए एप्पल का मोबाइल समेत चार अन्य मोबाइल जब्त किए हैं। उक्त कार्रवाई में प्रधान आरक्षक रानू अतुलकर, आरक्षक दीपक सेन, आरक्ष सुमित और आरक्षक मनोज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मरीजों के उपचार के लिए साल में दो बार लगाएं यूरोलॉजी कैंप

## शिविर में आए सभी डॉक्टरों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सेवा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में लगाया गया 100वां निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर संपन्न हो गया है। इस बार 536 मरीजों का पंजीयन कर उनकी जांचें की गई। कैंप में आए डॉक्टरों ने इन मरीजों का परीक्षण, पैथालॉजी, एक्सरे, सोनोग्राफी और फिटनेस जांच करने के पश्चात कुल 70 मरीजों के ऑपरेशन किए। यह शिविर जीव सेवा संस्थान के सहयोग से लगाया गया।

शिविर के अंतिम दिन संत सिद्ध भाऊज ने डॉक्टर्स, चिकित्सा कर्मियों और सेवादारों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा



कि ऐसे कैंप साल में दो बार लगना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों का पूरे साल लाभ मिल से। ऑपरेशन का कार्य समाप्त होने पर संत सिद्ध भाऊ ने उन सभी डॉक्टरों से मुलाकात की, जिन्होंने देश-विदेश से यहां आकर अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने सभी डॉक्टर्स का स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया।



# कविताओं पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों से दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

## हिंदी भवन में दो दिवसीय रंग नाट्य महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पढ़ो बेटी पढ़ो, पढ़ो कि एक दिन तुम्हारे लिए दरवाजा खोलेंगे मर्द, पढ़ो कि अभी तमाम दरवाजों की चाभियां सख्त हाथों में हैं...., पढ़ो बेटी कविता पर आधारित नाट्य प्रस्तुति में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की झलक दिखी, तो वहीं हाथ में स्वर्णिम अवसर लेकर विद्या आभूषण से सजधज कर वो देखो अग्रसर हुई, कहो न उसको अबला अब स्वयंसिद्धा बनकर सबला अब कई वीरों से बलवान हुई....'वह अब सबला नारी है' कविता पर आधारित नाटिका में कहीं न कहीं महिला सशक्तिकरण का स्वरूप नजर आया। कुछ ऐसी ही कविताओं को नाट्य प्रस्तुति में संजोकर प्रस्तुत किया हिंदी भवन में आयोजित दो दिवसीय रंग नाट्य महोत्सव के अंतिम दिन में। कविता-कविता मंचन यात्रा को दर्शाती इस नाटिका में लेखिका कांता राय एवं राग तेलंग द्वारा लिखी कविताओं को नाट्य रुप में प्रस्तुत किया निर्देशिका रीना विष्ट ने।



### स्त्री सुनो, सखियों से, पढ़ो बेटी जैसी कविताओं को पिरोती नाट्य प्रस्तुति

स्त्री सुनो, तुम फूल सी कोमल, कपास सी हल्की बनी रहना, हम तुम्हारे लिए प्रशंसा में गीत, और गजल लिखेंगे, हम तुम्हें क्या खूब लगती हो, बड़ी सुंदर लगती हो, कहकर प्रेरित करेंगे.... कुछ इस ही प्रकार की कविताओं पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा, जिसमें आसमान का नापना होगा, अब वह सबला नारी है, स्त्री सुनो, सखियों से, पढ़ो बेटी जैसी कविताओं को नाटक में पिरोकर प्रस्तुत किया, जिसे देख दर्शक भावविभोर हो गए।

# दो बार इंडियन आइडल से निकलने के बाद भी मैंने हार नहीं मानी

हरिभूमि चर्चा

भोपाल आईं सिंगर भूमि त्रिवेदी से हरिभूमि की खास बातचीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो बार इंडियन आइडल से निकलने के बाद तीसरी बार मुझे सफलता मिली लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी, मुझे पता था कि मुझे खुद को एक मुकाम पर पहुंचना है तो मेहनत तो करनी ही होगी। आज की जनरेशन को मैं यही संदेश दूंगी कि सफलता और असफलता तो आपकी सोच पर निर्भर है क्योंकि एक बार असफल होने के बाद हार नहीं माने, लगे रहें, सफलता आपके कदम चूमेगी। यह कहना है राम चाहे लीला... जैसे गीत को आवाज देने वाली इंडियन आइडल रनर अप भूमि त्रिवेदी का जो भोपाल एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने आईं और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

### गाना मेरा जुनून है इसे गाकर ही सुकून मिलता है

उन्होंने कहा कि मैं कभी भी रेस्टलेस नहीं रहना चाहती हूं। यदि जुनून और सुकून की बात की जाए तो गाना मेरा जुनून है और इसी को गाकर अपनी परफॉर्मेंस देकर मुझे सुकून मिलता है।

**म्यूजिक को सरहद की जरूरत नहीं**

हिंदी , गुजराती , मराठी जैसी कई भाषायों में गाना गाने वाली भूमि कहती हैं कि भाषा कभी भी संगीत में बैरियर नहीं बनती क्योंकि मुझे लगता है की म्यूजिक को सरहद की जरूरत नहीं है।

**गुड़ी पड़वा के दिन ही मिला राम लीला में गीत गाने का मौका**

भूमि कहती हैं कि गुड़ी पड़वा के दिन ही मुझे रामलीला फिल्म के गीत राम चाहे लीला को गाने का मौका मिला। इसके लिए संजय लीला भंसाली को मैं थैंक्स कहना चाहूंगी कि उन्होंने मुझे इस लायक समझा और इस गीत को गाने का मौका दिया।

बैठक द आर्ट हाउस में अभिव्यक्ति रंग उत्सव के अंतर्गत नृत्य व नाट्य प्रस्तुति

# सूरदास पद पर आधारित नृत्य और बचपन की सीख सिखाता नाटक









हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैठक द आर्ट हाउस में अभिव्यक्ति रंग उत्सव के अंतर्गत सोमवार को भरतनाट्यम एवं सौरभ अनंत के निर्देशन में नाटक दुपहर का मंचन किया गया। जहां भरतनाट्यम प्रस्तुति श्वेत देवेंद्र और उनकी शिक्षाओं ने दी, तो वहीं नाट्य प्रस्तुति में विहान ड्रामा वर्क्स ग्रुप के कलाकारों ने उम्दा अभिनय प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

*कलाकारों ने उम्दा अभिनय प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी*

### आदि तालम में निबद्ध सूरदास पद पर प्रस्तुति

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद श्वेता देवेंद्र और शिष्याओं ने भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति दी जिसमें प्रथम प्रस्तुति रागमालिका और आदि तालम में निबद्ध सुन्दर श्याम रचित सूरदास पद की रही। इसके बाद तिल्लाना की प्रस्तुति खास रही जिसमें भरतनाट्यम में लीन नृत्यांगना का स्वरूप दिखाई दिया। तिल्लाना एक प्रकार से नृत्य की ओर नृत्यांगनाओं का आत्मसमर्पण है और साधना की परिकाष्ठा है।

### बचपन की मासूमियत, जीवन की अनकही सीखों को सिखाता दुपहर

वहीं अंतिम प्रस्तुति के रूप में सुप्रसिद्ध लेखक श्रीकांत वर्मा की रचना पर आधारित, सौरभ अनंत के निर्देशन में नाटक दुपहर का मंचन किया गया। दुपहर बचपन की मासूमियत, दोस्ती और जीवन की अनकही सीखों की कहानी है। 'कप्तान' और 'बिगुल' की दुनिया में झांकते हुए यह नाटक हमें बचपन की उन गलियों में ले जाता है, जहां हर अनुभव एक नई खोज की तरह होता है। मंच पर शब्द, दृश्य और भावनाओं का यह संगम न केवल बच्चों बल्कि हर उम्र के दर्शकों को भीतर तक छू जाता है।



# कथक के फ्यूजन रूप में दर्शाई लठमार होली

रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में कथक नृत्य प्रस्तुति का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज ब्रज में होली रे रसिया... ब्रज की लठमार होली पर आधारित नृत्य प्रस्तुति को जब कथक के चतुरंग के साथ फ्यूजन के रूप में प्रस्तुत किया तो संपूर्ण सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कथक के इस रंगारंग संयोजन का आयोजन किया रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में, जिसमें नृत्यांगना सुचित्रा और उनकी आठ शिष्याओं ने पारंपरिक नृत्य का उचित संयोजन प्रस्तुत किया।

### मराठी गीत का हिंदी रुपांतरण पर आधारित सीता स्वयंवर

प्रस्तुति की शुरुआत शिव कल्याण से हुई। इसके बाद अधरम मधुरम पर आधारित पारंपरिक मधुराष्टकम की प्रस्तुति खास रही। जिसमें गोपियों के साथ कृष्ण की रासलीला को बेहद ही उम्दा ढंग से दिखाया गया। फिर मूल मराठी गीत के हिंदी रुपांतरण पर आधारित सीता स्वयंवर पर आधारित कथक की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बंटोरी। वहीं अपनी प्रस्तुति को विराम देते हुए नृत्यांगनाओं ने छपताल पर आधारित तालपक्ष दर्शाती नृत्य प्रस्तुति से मंच को गीत संगीत की लहरियों से सजा दिया।



# वाणी के राग मालकौंस की मधुर प्रस्तुति पर झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## संस्कार भारती में शास्त्रीय संगीत सभा में वाणी राव की प्रस्तुति




संस्कार भारती में आयोजित भारतीय शास्त्रीय संगीत सभा में सुप्रसिद्ध युवा कलाकार वाणी राव ने अपनी अद्भुत और सुरीली प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाद चैतन्य समिति भोपाल द्वारा आयोजित शास्त्रीय संगीत सभा में वाणी राव ने राग मालकौंस की मधुर प्रस्तुति से उपस्थित श्रोताओं को सुरीली संगीत यात्रा का अनुभव कराया।

### एकताल में निबद्ध बड़े ख़याल पर प्रस्तुति

इसके बाद माधुर्यपूर्ण राग में अति विलंबित लय में एकताल में निबद्ध बड़े ख़याल पग लागन दे महाराज तथा अतिद्रुत तीनताल में छोटे ख़याल आवन नहीं दे मोहे कन्हाई की प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसमें उनकी गहरी तानें और आलाप की सुगठनशीलता ने वातावरण को संगीतमय बना दिया।

### सुंदर भजन से हुआ सभा का समापन

इन गंभीर प्रस्तुतियों के पश्चात राव ने एकताल अतिद्रुत लय में निबद्ध छोटे ख़याल ढीठ लंगर मानत नाही की भी प्रस्तुति देकर सभा को और भी ऊर्जावान बनाया। उनकी अद्भुत तानों और लयकारी की विलक्षणता ने श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। सभा का समापन एक सुंदर भजन से हुआ, जिसमें भावपूर्ण गायन ने सभी को भावविभोर कर दिया।

दुष्यंत संग्रहालय में दुष्यंत की कहानियों का पाठ और चर्चा

# दुष्यंत के भीतर जलती आग ने उन्हें उपन्यास लिखने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



दुष्यंत ग़ज़लकार के रूप में अद्वितीय हैं जो हर आन्दोलन की आवाज बनते हैं। उनके भीतर जलती आग ने ही उन्हें ग़ज़ल के अलावा कहानी और उपन्यास लिखने के लिये प्रेरित किया। यह कहना है चंद्रभान राही का जो दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में दुष्यन्त की तीन कहानियों के पाठ और चर्चा को संबोधित कर रहे थे।इस अवसर पर डॉक्टर अनिता चौहान ने मिस पीटर का, अरविंद मिश्र ने मुसाफिर और सुधा दुबे ने माड़े उर्फ मड़वा कहानी का पाठ किया।

### विशद गद्य विधा भी

वहीं सुरेश पटवा ने कहा दुष्यंत केवल कवि और ग़ज़लकार ही नहीं थे। उन्होंने विशद गद्य लेखन भी किया। उनकी सात कहानियां और चार उपन्यास दुष्यन्त रचनावली के तीसरे भाग में संकलित हैं।

### हर आंदोलन की आवाज

चन्द्रभान राही ने उपस्थित साहित्य रसिकों को अवगत कराया कि दुष्यंत ग़ज़लकार के रूप में अद्वितीय हैं जो हर आन्दोलन की आवाज बनते हैं। यह आग ही तो है जो भीतर जलती है।

## भोपाल

### सूचना के अधिकार कानून का दुरुपयोग रोकने की मांग

**भोपाल।** देश में सूचना के अधिकार कानून बनाने से आम जनता को बहुत लाभ हुआ हे, लेकिन कुछ लोग इसका दुरुपयोग करते हैं। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने राज्य सूचना आयोग को पत्र भेज कर कानून में संशोधन की आवश्यकता बताई है, क्योंकि उज्जैन में इस कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है। उनका कहना है कि तथाकथित सारिका गुरु एवं जयराज चौबे किसी भी विभाग से एक ही विषय पर कई बार जानकारी प्राप्त कर संबंधित व्यक्ति, संस्था, समितियों और अधिकारियों पर आवश्यक दबाव बनाते हैं और उन्हे परेशान करते हैं।

■ सूचना के अधिकार कानून का दुरुपयोग भी हो रहा



### वैश्य दिवसः पीरगेट पर लोगों को किया शरबत का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवारा भवानी चौक पीरगेट में हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा एवं वैश्य दिवस के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने रविवार सुबह 9 बजे से आम नागरिकों को शरबत का वितरण किया एवं कुमकुम तिलक लगाकर भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने मां लक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया। इस अवसर पर योगेश गुप्ता अशोक अम्बर, ओपी बंसल,चन्द्रकुमार जैन वरुण गुप्ता, रश्मि गुप्ता (महिला अध्यक्ष ) तरुण गुप्ता युवा अध्यक्ष, प्रवीण गुप्ता, शैलू खंडेलवाल, डॉ. राम असाटी, संजीव असाटी, डॉ. महेश गुप्ता, प्रदीप गोल्डन, मोहित गुप्ता, रूप कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में महेंद्र भाई की 16वीं पुण्य तिथि मनाई

**भोपाल।** ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र नीलबड़ में सोमवार को महेंद्र भाई की 16वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सेवा केंद्र की प्रभारती नीता दीदी ने बताया कि महेंद्र भाई अपनी सादगी के लिए प्रख्यात थे। उनकी आध्यात्मिक यात्रा हापुड़ से शुरू हुई। आगरा, ग्वालियर, भोपाल व पूरे मप्र में लगभग 150 राजयोग ध्यान केंद्र खोलने के निमित्त बने।

आपके श्रेष्ठ जीवन को देखकर कई लोगों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आया। कई ब्रह्माकुमारी बहनों ने प्रेरणा ले अपने जीवन को शिव परमात्मा पर समर्पित किया। उनकी सेवाओं को देखकर ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने उन्हें "किंग महेंद्र" का टाइटल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।




### ढेंकपुर में कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां

**भोपाल।** त्रिमूर्ति आदर्श शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति भोपाल द्वारा संस्कृति संचलनालय भोपाल मध्य प्रदेश शासन के वित्तीय सहयोग से बैरसिया तहसील के ग्राम-ढेंकपुर में कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन गुड्डी पड़वा के दिन संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष रघुवीर जाट ने बताया कि कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कवि कृष्ण कुमार नागर,विदिशा से रवि मांझी, निलेश दुबे, बैरसिया से अनिल धाकड़ तथा अमित छाबड़ा ने कविता पाठ कर समा बांध दिया। मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच अनिल धाकड़, उप सरपंच रवि धाकड़ थे। वहीं, समाजसेवी अनिल चौहान विशेष रूप से उपस्थित हुए। संस्था की ओर से कवियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए एवं कवियों का पुष्पहार से सम्मान किया गया।

### मीनेश जयंती पखवाड़ा प्रारंभ, सभी जिलों में 15 तक मनाया जाएगा

**भोपाल।** मीना समाज के आराध्य भगवान मीनेश का जन्मोत्सव पखवाड़ा 31 मार्च से 15 अप्रैल मनाया जाएगा। सोमवार को मप्र मीना समाज सेवा संगठन के प्रदेश कार्यालय मीना भवन में भगवान मीनेश की पूजा आराधना के साथ प्रारंभ हुआ। मप्र मीना समाज सेवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष पूर्व मंत्री रामनिवास रावत सहित वरिष्ठ जनों ने भगवान मीनेश के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा आरती की। रावत ने बताया कि भगवान मीनेश जन्मोत्सव पखवाड़ा आगामी 15 अप्रैल तक सभी जिलों में मनाया जाएगा। इसमें अलग-अलग तारीखों में अलग-अलग जिलों में जन्मोत्सव समारोह आयोजित किए जाएंगे। प्रथम दिन भोपाल में मीना भवन एवं कोलार रोड एवं छात्रावास पर समारोह आयोजित किए गए।

### निटर के 61वें फाउंडेशन डे पर मुख्य अतिथि होंगे कैलाश सत्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर अपनी स्थापना के 61वां वर्ष मना रहा है। 7 अप्रैल को मनाए जा रहे स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि 2014 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी उपस्थित रहेंगे। निटर के डायरेक्टर प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि संस्थान 61 वर्षों की यात्रा को पूरी कर चुका है। हम स्थापना दिवस पर कैलाश सत्यार्थी को अपने बीच पाकर गौरव की अनुभूति करेंगे एवं उनकी प्रेरणा दायक जीवन यात्रा और उनके विचारों को सुनेंगे। निटर के डीन कार्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. पीके पुरोहित ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी के ऑफिस से इस संदर्भ में स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस अवसर पर कैलाश सत्यार्थी की जीवन यात्रा एवं निटर के 61 वर्षों के सफर पर बनी लघु फिल्मों का प्रसारण भी किया जाएगा।



■ 7 अप्रैल को होगा आयोजन

## जयपुर में ईद पर दिखी हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल

# ईदगाह में नमाज अदा कर रहे मुसलमानों पर हिंदुओं ने बरसाए फूल



### हर्ष और उल्लास के साथ ईद मनाई गई

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में सोमवार को पूरे हर्ष और उल्लास के साथ ईद मनाई गई। प्रदेश के अलग-अलग शहरों में मस्जिदों और ईदगाहों में लोग नमाज अदा किए। सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर दी बधाई दी। जयपुर ने ईद की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर सामने आई है। यहां हिंदूओं ने ईदगाह आए मुसलमानों पर फूल बरसाए। हिंदुओं ने मुसलमानों पर फूल बरसा कर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की। हिंदू मुस्लिम एकता समिति के बैनर तले हिंदुओं ने ईद-उल-फितर मनाने के लिए ईदगाह आए मुसलमानों पर फूल बरसाए। दिल्ली रोड स्थित ईदगाह पर हजारों लोग त्योहार मनाने के लिए एकत्र हुए थे।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

ईद-उल-फितर के मौके पर देशभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में भी इसे लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। जयपुर में स्थित दिल्ली रोड पर स्थित ईदगाह में हजारों मुस्लिम सुबह-सुबह नमाज पढ़ने के लिए एकत्रित हुए। नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं।

### उधर, कई अलग तस्वीरें भी आईं सामने

## टोंक के मालपुरा में मचा बवाल, जुलूस के दौरान पुलिस से भिड़ गए लोग

टोंक। जिले के मालपुरा से ईद उल फितर की नमाज के बाद जब बड़ी संख्या में नमाजी एक साथ बाहर निकले तो उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान



केकड़ी मार्ग कुछ समय के लिए अवरुद्ध हो गया। हालात तब और तनावपूर्ण हो गए जब जुलूस को बाजार में ले जाने के लिए प्रदर्शन किया गया। पुलिस और मुस्लिम समाज के आमने-सामने आने से बढ़ा तनाव बाद में पुलिस और मुस्लिम समाज के लोगों के बीच तनाव बढ़ गया, जिससे जयपुर-मालपुरा-दूदू स्टेट हाइवे जाम हो गया। प्रशासन ने तत्काल भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया। वरिष्ठ अधिकारियों ने लोगों से समझाइश की, जिसके बाद हाइवे को खुलवाया गया।

### लोग अफवाहों पर ध्यान न दें

स्थानीय प्रशासन का संदेश पुलिस और प्रशासन ने आमजन से शांति बनाए रखने की अपील की है। सतर्कता बरती जा रही है। किसी भी अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी गई है।

### मेरठ में नमाज के बाद भिड़े दो पक्ष

## सफेद कपड़ों पर उछाला कीचड़ मारपीट, पथराव और फायरिंग

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ में ईद की नमाज के बाद दो पक्षों में जमकर संघर्ष हुआ। यहां सिवाल खास में नमाज के बाद मुस्लिमों के दो पक्षों में



फायरिंग पथराव भी हुआ। संघर्ष में 6से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। कस्बा सिवालखास में सोमवार को ईद की नमाज पढ़ने के बाद मुस्लिम समाज के लोग फातिया पढ़ने के लिए नहर वाले कब्रिस्तान में जमा थे। इस दौरान फातिमा पढ़ने के दौरान दो पक्षों में पूर्व हुए विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में लाठी डंडे चल गए। कई लोगों के सफेद कुर्ते पायजामों पर कीचड़ भी उछाला। दोनों पक्षों के बीच कई राउंड फायरिंग भी हुई।

### नूंह में नमाज के बाद झड़प



## जमकर चले लाठी-डंडे, 10 लोग घायल

नूंह। हरियाणा के नूंह के बिछौर थाना इलाके में ईद की नमाज के बाद दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान जमकर लाठी-डंडे चले। इस घटना में दोनों ओर के 10 लोग घायल घायल बताए जा रहे हैं। नूंह के बिछौर थाना अंतर्गत आने वाले तिरवाड़ा गांव में ईद की नमाज अदा करने के बाद दो पक्षों में झड़प हो गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। मौके पर स्थिति फिलहाल शांत और नियंत्रण में है।

### खबर संक्षेप

#### मुख्यमंत्री धामी ने 15 जगहों के नाम बदले

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में 15 जगहों के नाम



बदलने की घोषणा की। भगवानपुर ब्लॉक के औरंगजेबपुर का नाम बदलकर शिवाजी नगर, गाजीवाली का नाम आर्य नगर, चांदपुर का नाम ज्योतिबाफुले नगर, मोहम्मदपुर जट का नाम मोहनपुर जट नाम कर दिया गया है।

#### अब दिल्ली में 5 दिन नहीं बिकेगी शराब

नई दिल्ली। दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार ने 5 ड्राई डे घोषित किए हैं।



यह 2025-26 वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के लिए यानी अप्रैल से जून के बीच इन दिनों में शराब नहीं बिकेगी। दिल्ली में हर साल विभिन्न अवसरों पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध (ड्राई डे) लागू होता है। इनकी तिथियां राज्य सरकार तय करती है।

#### वित्त मंत्री आज 'राज्य आर्थिक मंच' करेंगी शुरू

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को नीति



एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच पोर्टल का शुभारंभ करेंगी। पोर्टल पर 2022-23 तक के राज्यों के आंकड़े उपलब्ध होंगे। यह पोर्टल 5 श्रेणियों- जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना,राजकोषीय, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े डाटाबेस को आसानी से उपलब्ध कराएगा।

#### पूर्वी दिल्ली के अस्पताल में आग, सभी सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने की सूचना है। मरीजों को




तुरंत बाहर निकाल लिया गया। फायर सर्विस के अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकल की 4 गाड़ियां भेजी गईं। आग पर काबू पा लिया गया है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## रिजिजू ने वक्फ बिल का विरोध करने वालों को आड़े हाथों लिया

# जिन्होंने करोड़ों की जमीन पर किए कब्जे वही 'शक्तिशाली' लोग अब विरोध कर रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मौजूदा बजट सत्र में वक्फ बिल संसोधन पेश होना है। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार 2 अप्रैल को इसे लोकसभा में पेश कर सकती है। इससे पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ बिल का विरोध करने वालों को आड़े हाथों लिया है और कहा है कि इस बिल का विरोध वही लोग कर रहे हैं, जो वक्फ की करोड़ों की संपत्तियों पर कब्जा कर बैठे हुए हैं।

रिजिजू ने कहा कि इसका इसका विरोध करने वाले लोग शक्तिशाली हैं और वे भोले-भाले लोगों को गुमराह कर रहे हैं। विधेयक की आलोचना करना हर किसी का अधिकार है, लेकिन उस आलोचना का कुछ सार होना चाहिए। रिजिजू ने कहाकि वे कौन लोग हैं जो इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं? कुछ ताकतवर लोग हैं जिन्होंने वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण कर रखा है। वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि विधेयक असंवैधानिक है।

**मंत्री बोले- होना चाहिए हिसाब किताब**

कई लोग भोले-भाले लोगों को गुमराह कर रहे

**2 अप्रैल को लोकसभा में पेश होने की संभावना**



#### केरल के बिशप भी इसके पक्ष में

रिजिजू ने कहा कि केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल द्वारा भेजा गया अनुरोध पत्र सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न समुदायों के कई संगठन वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। हमें यह समझना चाहिए कि विधेयक मूल रूप से गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है और यह भी सुनिश्चित करता है कि वक्फ की संपत्तियों का प्रबंधन पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से हो।सरकार आम लोगों का कल्याण सुनिश्चित करना चाहता है।

#### धार्मिक आधार पर कई संगठन कर रहे इसका समर्थन

केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी) द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक को समर्थन देने और राज्य के सांसदों से भी ऐसा करने का अनुरोध करने वाले पत्र के बारे में रिजिजू ने कहा कि धार्मिक आधार पर कई संगठन केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इस विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है। उन्होंने कहा कि यह वक्फ बोर्ड के तहत संपत्तियों के प्रबंधन के मामले में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा।

#### कई ईसाई संगठन केंद्र भी सरकार के साथः चंद्रशेखर

केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि केरल कैथोलिक



बिशप काउंसिल सहित कई ईसाई संगठन विधेयक का समर्थन कर रहे हैं, क्योंकि मुनंबम उपनगर में गरीब परिवारों ने दावा किया है कि वे वक्फ बोर्ड द्वारा जमीन जब्त किए जाने के खतरे में जी रहे हैं। उन्होंने लोगों की सहायता करने का आग्रह किया है।

#### अजमेर दरगाह के चिश्ती बोले
#### वक्फ में बदलाव जरूरी, होने चाहिए

ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन और अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख के उत्तराधिकारी सैयद



नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हम गंगा-जमुनी तहजीब वाले देश में रह रहे हैं। यहां विभिन्न संस्कृतियों के लोग मिलजुलकर रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने ये सुनिश्चित किया है कि 'सौगात-ए-मोदी' देश के 22 लाख लोगों तक पहुंचे। मेरा मानना है कि वक्फ बिल में संशोधन की जरूरत है। उम्मीद है कि इस बिल से पारदर्शिता आएगी. विरोध और समर्थन करना लोकतंत्र का हिस्सा है। संवैधानिक तरीके से अगर कोई विरोध कर रहा है तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है।

#### कांग्रेस के जयराम ने किया बिल का विरोध




#### संशोधन को बताया संविधान पर सीधा आक्रमण, गलत

इस विधेयक पर विपक्ष का विरोध जारी है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि वक्फ विधेयक संविधान पर सीधे तौर पर हमला है और इसकी नींव के खिलाफ है। हर विपक्षी दल इसका विरोध कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि धर्मनिरपेक्ष दलों जेडीयू और टीडीपी का क्या कहना है। रमेश ने कहा कि सबसे बड़ा तो वक्फ विधेयक है। वो जेपीसी में बुलडोज किया गया। उस पर हमने वक्तव्य भी जारी किया है। हम तो बिल्कुल उसके खिलाफ हैं, क्योंकि वक्फ बिल हमारे संविधान पर सीधा आक्रमण है। हमारे संविधान के बुनियादी संरचना के खिलाफ है। लेकिन इसे बुलडोज किया जा रहा है। सारी विपक्ष की पार्टियां इसका विरोध करेंगी। सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही नहीं समाजवादी पार्टी, टीएमसी, आम आदमी पार्टी सभी लोग इसका विरोध करते हैं।

## पॉलिसीधारकों को हाईकोर्ट से राहत

# मुआवजे से नहीं काटी जा सकती 'मेडिक्लेम राशि'



एजेंसी ▶▶ मुंबई

किसी व्यक्ति को मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत चिकित्सा व्यय के लिए मिले मुआवजा राशि से नहीं काटा जा सकता। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। इस फैसले से बीमाधारकों को बड़ी राहत मिल सकती है।न्यायमूर्ति एएस चांदुरकर, न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की पूर्ण पीठ ने 28 मार्च को अपने फैसले में कहा कि मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत राशि दावेदार की ओर से बीमा कंपनी के साथ किए गए अनुबंध के आधार भुगतान होना चाहिए। पीठ ने कहा कि हमारे विचार में, मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत दावेदार की ओर से प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं होगी।

### परिपक्वता पर पूरी राशि दावेदार की

विभिन्न एकल व खंडपीठों की ओर से इस पर अलग-अलग विचार रखे जाने के बाद इस मुद्दे को पूर्ण पीठ को सौंप दिया गया था। पूर्ण पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को न केवल उचित मुआवजा देने का अधिकार है, बल्कि यह उसका कर्तव्य भी है। इसमें कहा गया है कि बीमा के कारण प्राप्त राशि, बीमाधारक द्वारा कंपनी के साथ किए गए संविदात्मक दायित्वों के कारण है। अदालत ने कहा कि प्रीमियम का भुगतान करने के बाद यह स्पष्ट है कि लाभार्थी राशि या तो पॉलिसी की परिपक्वता पर या मृत्यु पर, चाहे मृत्यु का तरीका कुछ भी हो, दावेदार के हिस्से में आएगी।

### वित्तीय निवेश का लाभ नहीं उठा सकता

अदालत ने कहा कि आरोपी मृतक की दूरदर्शिता और बुद्धिमानी से किए गए वित्तीय निवेश का लाभ नहीं उठा सकता। यह कानून की स्थापित स्थिति है। पूर्ण पीठ मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के उस निर्णय के विरुद्ध न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें चिकित्सा व्यय के अतिरिक्त मौद्रिक मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। बीमा कंपनी ने दावा किया कि मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत प्राप्त बीमा राशि के अंतर्गत चिकित्सा व्यय भी कवर किया गया था।

# हरियाणा में अब बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी की व्यवस्था, युवाओं में बढ़ा विश्वासः शाह

कहा, 5 साल में देश का एक भी ऐसा जिला नहीं बचेगा, जहां मेडिकल कॉलेज नहीं होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि हरियाणा में अब पहले की तरह नौकरियों में भेदभाव, जातिवाद नहीं किया जा रहा। एक क्षेत्र के लोगों को तवज्जो नहीं दी जाती बल्कि बिना खर्ची पर्ची के अब युवाओं को रोजगार मिलते हैं। ऐसी व्यवस्था नायब सरकार ने की है, जो उदाहरण बनी है। हरियाणा में बिना पर्ची और खर्ची के पारदर्शिता से नौकरी की व्यवस्था कायम होने से युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह सोमवार को जिला हिसार के अग्रोहा स्थित महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में आयोजित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा



का अनावरण और आईसीयू ब्लॉक का उद्घाटन तथा पीजी हॉस्टल के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी , जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव भी उपस्थित रहे।

#### सीएम सैनी की सराहना की

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के सादगी स्वभाव और कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि नायब सिंह सैनी शांत, सौम्य व्यक्तित्व के साथ साथ एक कुशल प्रशासक भी हैं। शाह ने कहा कि आज स्वर्गीय ओपी जिंदल की पुण्यतिथि है, उनकी सोच पर चलते हुए आज अग्रोहा मेडिकल कालेज जन सेवा का कार्य कर रहा है। यह अस्पताल कारोबार से पहले करुणा की उनकी सोच को दर्शाता है। इस अस्पताल में 5 लाख लोग ओपीडी की सेवा लेते हैं। स्वास्थ्य सेवाओ में यह संस्था अपना अलग स्थान बनाए हुए हैं। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में आधुनिक तरीको से यहां मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में सिलेंडर ब्लास्ट

# धमाका के बाद पटाखों में लगी आग 7 की मौत, कई अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के ढोलाहाट इलाके में एक भीषण विस्फोट में 7 लोगों की मौत हो गई। यह धमाका एक घर में सिलेंडर फटने के बाद वहां रखे पटाखों में विस्फोट होने से हुआ, जिससे पूरा घर तहस-नहस हो गया। पाथरप्रतिमर विधायक समीर कुमार जाना ने बताया कि आतिशबाजी बनाते समय अचानक विस्फोट हो गया। पूरा घर



आग में जल गया। कई लोग मर गए हैं। घर के अंदर कुछ और लोग होने की संभावना है। घटना स्थल पर धोलाहाट थाने में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है।

#### ढोलाहाट इलाके में मची अपरा-तफरी

बताया जा रहा है कि सुंदरबन के ढोलाहाट इलाके में एक घर में सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ। इस धमाके से घर में रखे पटाखों ने आग पकड़ ली और बड़ा विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि पूरा घर ढह गया और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई घायलों को भर्ती कराया गया है।

## हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास पहुंचा बुलडोजर

# पुलिस और छात्र आमने-सामने, कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास एक जमीन पर बुल्डोजर एक्शन को लेकर पुलिस और छात्र आमने-सामने आ गए। यूनिवर्सिटी के पास स्थित 400 एकड़ भूखंड को साफ करने वाली टीम के खिलाफ छात्रों ने प्रदर्शन किया। थोड़ी देर के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी ले लिया था। मामला ये है कि इस जमीन को विकसित करने और वहां एक आईटी पार्क स्थापित करने की योजना बना रही है। कांचा गीचाबोवली में 400 एकड़ भूमि हैदराबाद विश्विधायल (यूओएच) के बॉर्डर पर है।

### छात्र पार्क स्थापित करने के फैसले के खिलाफ



छात्रों ने पर्यावरण संबंधी चिंता जाहिर करते हुए पार्क स्थापित करने के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन किया। हैदराबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ ने एक प्रेस रिलीज जारी कर प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लेने की आलोचना की है।

**जबरन हिरासत में लिया गया: यूनिवर्सिटी**

यूनिवर्सिटी ने कहा कि जब छात्र विरोध करने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर रहे थे, तो पुलिस कर्मियों ने कई छात्रों को जबरन हिरासत में लिया, उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इस मौके पर 50 से ज्यादा छात्रों को हिरासत में लिया गया।

## सीएम ममता के ईद पर दिए गए भाषण से भाजपा आगबबूला

# यह शर्म की बात... सनातन को बता दिया 'गंदा धर्म'

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर तीखा हमला किया। उन पर रेड रोड पर ईद-उल-फितर के जश्न के दौरान 'उकसाने वाला भाषण' देने का आरोप लगाया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए अधिकारी ने बेनर्जी के बयान पर सवाल उठाया और आरोप लगाया कि उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए विवादित बातें कहीं।

### विपक्ष के नेता सुवेंदु ने बेनर्जी पर तीखा हमला किया



#### सांप्रदायिक हिंसा भड़काने का आरोप लगाया

सुवेंदु ने आरोप लगाया कि बेनर्जी ने बार-बार 'दंगा' शब्द का इस्तेमाल किया और सवाल किया कि क्या यह कार्यक्रम धार्मिक था या राजनीतिक। उन्होंने उन पर समुदायों के बीच दुश्मनी पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी। भाजपा की प्रतिक्रिया उस वक्त आई जब बेनर्जी ने ईद पर घोषणा की कि वे सभी धर्मों के लिए जीवन बलिदान करने के लिए तैयार हैं।

**आप किस धर्म की बात कर रही थीं?**

उन्होंने लिखा कि कौन सा धर्म गंदा है मिस ममता बेनर्जी? रेड रोड पर मुस्लिम समुदाय को खुश करने के लिए आपने अपनी लगभग समझ में न आने वाली उर्दू बोली में कहा कि आप 'गंदा धर्म' या 'डर्टी रिलिजन' का पालन नहीं करतीं। आप किस धर्म की बात कर रही थीं? सनातन हिंदू धर्म?

#### मुसलमानों को हिंदुओं को निशाना बनाने की खुली छूट दे दीः मालवीय

भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर कहा कि क्या



बेनर्जी के लिए सनातन धर्म 'गंदा धर्म' है? उनके शासन में कई बार हिंदू विरोधी दंगे हुए हैं, फिर भी उन्हें उनके धर्म का अपमान करने की हिम्मत है। एक बार फिर, उन्होंने मुसलमानों को हिंदुओं को निशाना बनाने की खुली छूट दे दी है।

## अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान को लगाई फटकार

# कहा- भारत के साथ संबंध सुधारो, कश्मीर में चल रहे आतंकवाद को तत्काल बंद करो, इजराइल को दो मान्यता, हमारी सभी 5 शर्तें मानो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने एक बार फिर पाकिस्तान के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। हाल ही में पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर, शहबाज शरीफ, मरियम नवाज, आईएसआई चीफ और विदेश सचिव अचानक सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे थे। अमेरिका और सऊदी अरब के अधिकारियों ने पाक नेतृत्व से मुलाकात कर उनके सामने पांच महत्वपूर्ण शर्तें रखी हैं, जिनमें भारत, चीन, इजराइल, ईरान और आतंकवाद से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। अमेरिका की ओर से कहा गया है कि अगर पाकिस्तान इन मांगों को नहीं मानता है तो जनरल असीम मुनीर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा।

**पाक आतंकवाद विरोधी अभियानों में मदद करे**

**गाजा में युद्ध बंद करने में अपनी भूमिका निभाए**





### भारत का आधिपत्य स्वीकार करो

*अमेरिका और सऊदी अरब ने भारत को लेकर भी पाकिस्तान को फटकार लगाई है। पाकिस्तान से कहा गया है कि वह कश्मीर में चल रहे आतंकवाद को तत्काल बंद करे। भारत के साथ रिश्ते सामान्य करे। इतना ही नहीं अमेरिका ने पाकिस्तान पर दबाव बनाया है कि वो कश्मीर का मुद्दा भी सुलझाए और भारत का आधिपत्य स्वीकार करे।*

### गाजा में शांति सैनिक भेजे

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका चाहता है कि पाकिस्तान भी इजराइल को मान्यता दे और अगर गाजा में शांतिरक्षक सेना तैनात होती है तो वहां पाकिस्तान भी अपनी सेना भेजे। सऊदी अरब अगर इजराइल के जुड़ी कोई डील करता है तो पाकिस्तानी सेना गाजा में युद्ध बंद करने में अपनी भूमिका निभाए। दरअसल, पाकिस्तान की सेना यमन में हूतियों के खिलाफ सैन्य अभियान में सऊदी अरब की सेना की मदद कर चुकी है।

### चीनी से ज्यादा करीबी न बढ़ाए

पाकिस्तान की चीन के साथ बढ़ रही करीबी भी डोनाल्ड ट्रंप को खटक रही है। इसीलिए पाकिस्तान के नेतृत्व से अमेरिका ने कहा है कि वो चीन के साथ ज्यादा करीबी न बढ़ाए। दरअसल, पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सीपेक के निर्माणकार्य में जुटे चीनी इंजीनियरों और मजदूरों पर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हमला कर दिया था। जिसके बाद चीन ने पाकिस्तानी राजदूत को फटकार लगाई थी। इतना ही नहीं अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए चीन ने पाकिस्तान में अपने सुरक्षा बलों की भी तैनात कर दी है।

### ईरान को लेकर भी दी नसीहत

*अमेरिका और सऊदी अरब ने ईरान को लेकर भी पाकिस्तान को नसीहत दी है। दरअसल, पाकिस्तान और ईरान के रिश्ते कभी खट्टे तो कभी मीठे रहते हैं। अमेरिका ने पाक नेतृत्व से कहा है कि अगर कभी ईरान में सत्ता परिवर्तन के लिए अभियान शुरू किया जाता है तो इस्लामाबाद न्यूट्रल नहीं रहेगा। उसे सऊदी और अमेरिका के इस कदम का समर्थन करना होगा। अमेरिका ने अपनी पांचवीं मांग में कहा है कि पाकिस्तान आतंकवाद विरोधी अभियानों में उसकी मदद करे।*


### मुनीर के खिलाफ लग सकता है बैन

अमेरिका ने पाकिस्तानी नेतृत्व को धमकी देते हुए कहा है कि अगर वह अमेरिका की इन पांच शर्तों को नहीं मानता है तो वह सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के खिलाफ बैन लगा देगा। इसको लेकर अमेरिकी कांग्रेस में प्रस्ताव भी पेश किया जा चुका है। इस प्रस्ताव में पूर्व पीएम इमरान खान के कथित मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान की सरकार और सेना प्रमुख मुनीर के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान चालीसा की 60 हजार प्रतियां वितरित की

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने देश भर के आठ मंदिरों में हनुमान चालीसा की 60,000 छोटी प्रतियां वितरित की हैं। 'एसए हिंदूज' संगठन के सदस्यों ने ग्वातेंग प्रांत के विभिन्न क्लबों के मोटरसाइकिल सवार लोगों के नेतृत्व में वितरण अभियान चलाया और उन्होंने जरूरतमंदों में वितरित करने के लिए लगभग दो टन किराने का सामान भी एकत्र किया। 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडित लूसी सिगबन ने यह काम किया।




### खदान दुर्घटना में पांच की मौत, चार घायल

**मैड्रिड।** उत्तरी स्पेन में सोमवार को एक खदान में हुई दुर्घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। क्षेत्र के आपातकालीन सेवा प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि घायलों में दो को हेलीकॉप्टर से और अन्य दो को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। खदान में काम कर रहे अन्य दो श्रमिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। प्राधिकरण ने कहा कि उसने डेगाना नगरपालिका में बचाव कार्यों में सहायता के लिए तीन हेलीकॉप्टर भेजे हैं।




## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान से मचा हड़कंप

# आने वाले दिनों में हम सभी देशों पर लगाएंगे टैरिफ, देखते हैं क्या होगा?

**एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह पूरी दुनिया पर टैरिफ लगाएंगे। उन्होंने ये घोषणा एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे। अब तक अमेरिका ने उन देशों पर टैरिफ लगाने की बात कही थी जो अमेरिकी वस्तुओं और सेवाओं पर आयात शुल्क लगाते हैं या फिर उन देशों पर जिनके साथ अमेरिका का व्यापार असंतुलित है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने ताजा बयान देकर सभी को चौंका दिया है क्योंकि उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने हमें इस तरह ठगा है जैसा इतिहास में किसी देश ने कभी नहीं ठगा है और हम उनके साथ उनसे कहीं ज्यादा अच्छा व्यवहार करने जा रहे हैं लेकिन फिर भी यह देश के लिए बहुत बड़ी रकम है।

### कोई कटऑफ नहीं



राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हम सभी देशों के साथ शुरुआत करेंगे, इसलिए देखते हैं क्या होता है। यह केवल कुछ मुट्ठी भर देशों के बारे में नहीं है जो प्रभावित होंगे। उन्होंने केवल 10 या 15 देशों पर पारस्परिक टैरिफ की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि मैंने 10 या 15 देशों के बारे में कोई बात नहीं की है। हम सभी देशों के बारे में बात कर रहे हैं, कोई कटऑफ नहीं।

### रूस ने युद्ध रोकने से मना किया तो उस पर भी द्वितीयक टैरिफ

ट्रंप ने कहा कि जब पुतिन ने जेलेंस्की की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना शुरू किया तो मैं बहुत नाराज हुआ, क्योंकि यह सही दिशा में नहीं हो रहा था। ट्रंप ने कहा कि रूस यूक्रेन में नया नेतृत्व चाहता है। मगर नए नेतृत्व का मतलब यह है कि आप लंबे समय तक कोई समझौता नहीं कर पाएंगे। ट्रंप ने धमकी दी है कि समझौता नहीं होने पर रूस पर द्वितीयक टैरिफ लगाई जा सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर रूस और मैं यूक्रेन में रक्तपात रोकने के लिए कोई समझौता करने में असमर्थ हैं। अगर मुझे लगता है कि यह रूस की गलती की वजह से हुआ है तो मैं रूस से आने वाले सभी तेल पर द्वितीयक टैरिफ लगाऊंगा।

### जो हमारे साथ, उन पर कम शुल्क

डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी घोषणा की कि वे उन देशों के साथ अधिक अच्छे, अधिक उदार और दयालु होंगे जो अमेरिका पर शुल्क लगाते हैं। उन्होंने कोई आंकड़ा दिए बिना दावा किया कि शुल्क उन देशों की तुलना में कहीं अधिक उदार होंगे जो हमारे साथ थे, जिसका मतलब है कि वे उन देशों की तुलना में अधिक दयालु होंगे जो दशकों से संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ थे।

**अधिक टैरिफ लगाने वालों को बताया डर्टी 15**

*ऐसी अटकलें थीं कि ये पारस्परिक शुल्क उन एक दर्जन से ज्यादा देशों पर असर डालेंगे, जिनके बारे में ट्रंप प्रशासन का मानना है कि वे अमेरिका के साथ अनुचित व्यापार करते हैं। यानि कि अमेरिका के ऊपर भी ज्यादा टैरिफ लगाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने ऐसे देशों के ग्रुप की बात की थी, जिन्हें उन्होंने डर्टी 15 बताया था।*

## ईरान को दी धमकी, ऐसी बमबारी करूंगा जो पहले कभी नहीं देखी

तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा ईरान को सीधे धमकी दी है कि अगर ईरान ने हमारे साथ नया परमाणु समझौता नहीं किया तो ऐसी बमबारी करूंगा कि ईरान ने इससे पहले कभी नहीं देखी होगी। ट्रंप ने धमकी दी कि डील मत करो। बमबारी होगी। यह बमबारी ऐसी होगी। जैसी उन्होंने (ईरान) पहले कभी नहीं देखी होगी। एक मौका है। अगर ईरान डील नहीं करता है तो ईरान पर द्वितीयक टैरिफ भी लगाऊंगा।

### ईरान बोला हम तैयार

ईरान ने भी अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी कर ली है। जानकारी के मुताबिक ईरान की सेना ने अपनी मिसाइलों को रेडी टू लॉन्च मोड पर तैनात कर दिया है। एक्स पोस्ट पर ईरान की सेना ने कहा कि ईरान की मिसाइलें सभी भूमिगत मिसाइल शहरों में लॉन्चरों पर लोड की गई हैं। वे लॉन्च को तैयार हैं। अमेरिका और उसके सहयोगियों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### ट्रंप के साथ बातचीत से ईरान का इनकार

इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने परमाणु कार्यक्रम पर ट्रंप के साथ सीधी बातचीत से इनकार कर दिया है। हालांकि उन्होंने पर्दे के पीछे बातचीत की इच्छा जताई है। राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा कि हमने ओमान के माध्यम से अमेरिकी राष्ट्रपति को जवाबी पत्र भेजा है। हमने सीधी बातचीत के विकल्प को अस्वीकार कर दिया है। मगर पर्दे के पीछे बातचीत को तैयार हैं।

## म्यांमार में ऑपरेशन 'ब्रह्मा'

# एनडीआरएफ की टीम ने उह्ला थीन मठ में बचाव अभियान किया शुरू



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारत की राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) टीम ने म्यांमार के मांडला स्थित उहला थीन मठ में ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत बचाव अभियान शुरू कर दिया है, जहां लगभग 170 भिक्षु अभी भी फंसे हुए हैं। भारतीय सेना की टीम सोमवार को अस्पताल का दौरा करेगी और मंगलवार को अपनी चिकित्सा सेवाएं स्थापित करेगी। मंत्रालय के अनुसार, एनडीआरएफ स्काई विला में भी टीम तैनात करने का प्रयास कर रहा है, जहां 11-11 मंजिलों वाले चार टावर ढह गए हैं। टावरों में कई विदेशी लोग हैं। इसके अलावा, राहत सामग्री राज्य महानायक समिति के महासचिव को भी दी जाएगी, जहां मठ के बाहर लगभग 2,000 भिक्षु बैठे हैं।

### नमाज के दौरान 700 मुसलमान मारे गए

मांडले। रमजान में जुमे की नमाज के दौरान म्यांमा में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के कारण 700 से अधिक नमाजियों की मौत हो गई। म्यांमा के एक मुस्लिम संगठन 'स्प्रिंग रेवोल्यूशन म्यांमा मुस्लिम नेटवर्क' की संचालन समिति के सदस्य तुन की ने सोमवार को बताया कि देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के निकट आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के कारण लगभग 60 मस्जिदें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गईं। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि मस्जिदों में मारे गए लोगों की यह संख्या भूकंप में अब तक मारे गए 1,700 से अधिक लोगों की आधिकारिक संख्या में शामिल है या नहीं। एक वीडियो में भूकंप के दौरान कई मस्जिदें गिरती हुई दिखाई दे रही हैं और लोग इधर-उधर भागते नजर आ रहे हैं।

### भारतीय समुदाय के सदस्यों को भी दे रहीं राहत

भिक्षुओं को कोई चोट नहीं आई है, लेकिन उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है और न ही उनके पास कोई बुनियादी सुविधाएं हैं। बयान के अनुसार, मंडाले पैलेस, महा मुनि पैगोडा, एमआईआईटी तथा अन्य ऐसे स्थानों पर भी टीमें तैनात की जाएंगी, जहां भारी क्षति हुई है। ये टीमें भारतीय समुदाय के सदस्यों को रहने और भोजन के लिए सहायता प्रदान कर रही हैं। दरअसल, म्यांमार में 28 मार्च को दोपहर में आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप के बाद बचाव कार्य जारी हैं। इस भूकंप में कम से कम 1,700 लोगों की मौत हो गई है और व्यापक पैमाने पर विनाश हुआ है।

## केंद्रीय मंत्री सिंह ने की बड़ी घोषणा

# कठुआ एनकाउंटर में हुए शहीदों के परिजनों को मिलेगी सरकारी नौकरी



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कठुआ मुठभेड़ में बलिदान हुए दो पुलिसकर्मियों के परिवार में एक-एक को सरकारी नौकरी देने और अपने सांसद निधि कोष से 70-70 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए सरकारी स्कूलों का नाम बदलकर उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। बलिदान हुए दो पुलिसकर्मियों जसवंत सिंह और बलविंदर सिंह के परिवारों से रविवार को लौंडी और कन्ना चक में मुलाकात कर यह घोषणा की।

### दोनों शहीदों का बनेगा स्मारक

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक सांसद के रूप में मैं दोनों शहीदों के लिए स्मारक बनाने की घोषणा करता हूं। उनके सम्मान में कुछ स्कूलों का नाम रखा जाएगा। हम इसका प्रस्ताव रखेंगे। उन्होंने कहा कि देश अपने सुरक्षाबलों के प्रति कृतज्ञ है और उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कठुआ जिले के दो बेटे शहीद हुए, मैं उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने आया हूं। ये वे परिवार हैं जिन्होंने न केवल पीढ़ियों से मातृभूमि की रक्षा की है, बल्कि महान बलिदान भी दिए हैं।

## भारत बोला, स्वदेशी कंपनी ने नहीं तोड़ा अंतरराष्ट्रीय कानून

# ब्रिटेन की कंपनी ने भारत के मार्फत रूस को नहीं भेजे सैन्य उपकरण, संवेदनशील तकनीक, रिपोर्ट पूरी गलत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने उस मीडिया रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है जिसमें कुछ दस्तावेजों के हवाले से यह दावा किया गया था कि ब्रिटेन के एयरोस्पेस निर्माता एच.आर. स्मिथ ग्रुप के भारत की रक्षा क्षेत्र की एक कंपनी को दिए गए कुल करीब 2 मिलियन डॉलर के सैन्य उपकरण और संवेदनशील तकनीक रूस की प्रतिबंधित कंपनी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट को बेची गई है। सूत्रों ने बताया कि यह रिपोर्ट तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है, जिसमें राजनीतिक इस्तेमाल के लिए मुद्दों को गढ़कर तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। साथ ही किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पहले उसके बारे में बुनियादी जांच-पड़ताल करने के महत्वपूर्ण सिद्धांत का भी पालन नहीं किया है। भारतीय कंपनी ने कभी भी अंतरराष्ट्रीय मानकों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन नहीं किया है।

सूत्रों ने कहा कि भारत की कंपनी ने सामरिक व्यापार नियंत्रण और आपूर्तिकर्ता प्रतिबद्धता से जुड़ी हुई अंतरराष्ट्रीय बाध्यताओं और दायित्वों का कोई उल्लंघन नहीं किया है। मामले पर भारत में एक व्यापक कानूनी और नियामक तंत्र मौजूद है। मीडिया रिपोर्ट में वर्ष 2023 से 2024 तक 2 मिलियन डॉलर की ब्रिटेन की जिस सैन्य सामग्री का भारतीय कंपनी के जरिए रूस पहुंचने का उल्लेख किया गया है। उसमें ट्रांसमीटर, कॉकपिट से जुड़े उपकरण, एंटीना और अन्य संवेदनशील तकनीक शामिल हैं।

### बिक्री कानूनी रूप से वैध

एस.आर. स्मिथ समूह के अधिवक्ता ने अपने बयान में कहा कि कंपनी की पूरी बिक्री कानूनी रूप से वैध है और संबंधित उपकरणों को भारत के सर्च एंड रेस्क्यू नेटवर्क को दिया गया था। इसमें जीवनरक्षक अभियानों के लिए सहयोग से जुड़े पार्ट्स को सैन्य उपयोग के लिए डिजाइन नहीं किया गया था। बता दें, रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय कंपनी को ब्रिटेन की कंपनी से उपकरण मिले और कुछ ही दिनों में उन्हीं पहचान कोड वाले हिस्सों को रूस भेज दिया गया। मीडिया ने एचआर स्मिथ के शिपिंग रिकॉर्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि ब्रिटेन की कंपनी ने वर्ष 2023 से 2024 तक भारत की कंपनी को शिपमेंट्स भेजीं। जिसमें से कुछ रोसोबोरोन एक्सपोर्ट को भेजी गईं।

## नेपाल के पीएम ओली ने पूर्व राजा पर लगाया आरोप

# कहा- ज्ञानेंद्र अशांति फैलाने का काम कर रहे, फिर से राजशाही लाना चाहते

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के पीएम केपी ओली ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह देश में अशांति फैलाने और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का आरोप लगाया लगाया है।

पीएम ओली ने सोमवार को कहा कि पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह देश में सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने और समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप राजतंत्र समर्थक प्रदर्शनों में हिंसा भड़क गई। प्रतिनिधि सभा में बोलते हुए पीएम ओली ने आरोप लगाया कि पूर्व राजा शाह ने उन व्यक्तियों के साथ मिलकर काम किया है जिन्होंने बैंक ऋण चुकाने से इनकार किया। शाह ने अपनी महत्वाकांक्षाओं के लिए सामाजिक अशांति फैलाने की कोशिश की, जिससे तिनकुने क्षेत्र में हिंसक घटनाएं हुईं।

### हिंसा में शामिल लोगों को नहीं बख्शेंगे



पीएम ओली ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की और प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसपैठ की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और तेल निगम के डिपो में आग लगाने जैसी आतंकवादी गतिविधियां कीं। पीएम ने कहा कि इन हिंसक गतिविधियों को राजनीतिक गतिविधियां नहीं माना जा सकता है और हिंसा में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रहे


पीएम ओली ने कहा कि गृह मंत्रालय जल्द ही इस घटना की विस्तृत जानकारी संसद को देगा और पूरे मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल की घटनाओं का विश्लेषण करना जरूरी है और धर्म, संस्कृति और परंपरा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर लोगों की भावनाएं भड़काकर हिंसा को उकसाने की कोशिश की गई। ओली ने दावा किया कि पूर्व राजा ने अराजक तत्वों को अपने घर बुलाया और एक तथाकथित कमांडर नियुक्त किया, जो देश में अशांति फैलाने के प्रयासों में शामिल था।

## 1 से 13 अप्रैल तक पूर्वी तट पर दो चरणों में पूरा होगा अभ्यास

# भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच आज से होगी 'टाइगर ट्रायंफ' युद्धाभ्यास की शुरुआत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका की सशस्त्र सेनाओं के बीच मंगलवार से विशाखापट्टनम में द्विपक्षीय त्रि-सेवा मानवीय सहायता और आपदा राहत युद्धाभ्यास 'टाइगर ट्रायंफ-2025' की शुरुआत होगी। कुल 13 दिनों (1 से 13 अप्रैल तक) का यह युद्धाभ्यास चलेगा। नौसेना ने बताया कि इस वर्ष टाइगर ट्रायंफ का यह चौथा संस्करण होगा। जिसका उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच एचएडीआर अभियानों का संचालन करते वक्त आपसी समझ बढ़ाना, संयुक्त समन्वय केंद्र की स्थापना के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करना होगा। इनकी मदद से भारत और अमेरिकी संयुक्त टास्क फोर्स के बीच युद्धाभ्यास, संकट और आपात परिस्थितियों में तेजी से सुचारू ढंग से समन्वय हो सकेगा। 1 अप्रैल को नौसेना के उभयचरी युद्ध कौशल में माहिर युद्धपोत जलस्वा पर युद्धाभ्यास का उद्घाटन समारोह होगा।



### जलस्वा, घड़ियाल, पी8आई होंगे शामिल

*युद्धाभ्यास में भारतीय सशस्त्र सेनाओं से नौसेना का जलस्वा, घड़ियाल, मुंबई और शक्ति युद्धपोत हेलिकॉप्टरों और लैंडिंग क्राफ्ट्स के साथ शामिल होंगे। जबकि बल के लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमान पी8आई की भी टाइगर ट्रायंफ में हवाई गर्जना सुनने को मिलेगी। सेना की 91 इन्फेंट्री ब्रिगेड, 12 मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री बटालियन और वायुसेना का सी-130जे सुपर हरक्युलिस परिवहन विमान और मी-17 हेलिकॉप्टर रैपिड एक्शन मेडिकल टीम के साथ युद्धाभ्यास में शामिल होंगे। यूएस की तरफ से उनकी नौसेना का जहाज कॉमस्टॉक और राल्फ जॉनसन यूएस मरीन डिवीजन की सैन्य टुकड़ी शामिल होगी।*

## तुर्की-पाक की धड़कनें बढ़ाने को तैयार इनीयोकॉस-25

# युद्धाभ्यास में हिस्सा लेने ग्रीस पहुंची भारतीय सेना


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तुर्की में आए भूकंप के बाद भारत ने मदद के लिए अपने दरवाजे खोले थे। उसके बाद भी तुर्की पाकिस्तान के खेमे में ही खड़ा दिखाई देता है। तुर्की और पाकिस्तान के बीच सामरिक रिश्तों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पाकिस्तान को बड़ी तादाद में अपने हथियार बेचने में लगा है। वहीं भारत के साथ ग्रीस के सामरिक रिश्ते और मजबूत हो रहे है। इससे पाकिस्तान और तुर्की को घुटन महसूस हो सकती है। भारतीय वायुसेना को फिर से ग्रीस ने अपने मल्टीनेशनल इनीयोकॉस-25 अभ्यास के लिए न्योता दिया। इसने एक बार फिर से पाकिस्तान को असहज कर दिया। तुर्की तो नेटो में ही फूट डलवाने के काम में भी जुटा है। तुर्की और ग्रीस जो की दोनों नेटो के सदस्य देश हैं। पूर्वी भूमध्य सागर में एजियन समुद्र और उनके द्वीप को लेकर दशकों पुराने विवाद पर आमने सामने है।

**11 अप्रैल तक चलेगा इनीयोकॉस-25 युद्धाभ्यास**

**15 देशों की वायुसेना अपना रणकौशल दिखलाएंगी**

### युद्धाभ्यास में सुखोई, आईएल-78 और सी-17 विमान शामिल




31 मार्च-11 अप्रैल तक चलने वाले इनीयोकॉस-25 युद्धाभ्यास में दुनिया के 15 देशों की वायुसेना अपने रणकौशल को साझा करेंगे। भारत, अमेरिका, ग्रीस के अलावा फ्रांस, इजरायल, स्पेन, इटली, कतर, यूएई, पोलैंड, स्लोवेनिया, ऑस्ट्रिया सहित कुल 15 देशों की वायुसेनाएं हिस्सा ले रही हैं। भूमध्य सागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी का एहसास कराने के लिए भारतीय वायुसेना ने 2023 में इस अभ्यास में शिरकत की थी। इस बार भारतीय वायुसेना की तरफ से सुखोई फाइटर जेट, आईएल-78 रिफ्यूलर और सी-17 ग्लोबमास्टर के साथ वायुसेना की टीम के साथ ग्रीस के एंड्राविडा एयर बेस पहुंच चुकी है। अभ्यास की शुरूआत भी हो चुकी है।

### रियल वारजोन बनाकर होगा अभ्यास

*इस अभ्यास के दौरान फाइटर फुल रेंज कॉपलेक्स मिशन को ग्रीस और मेडिटेरियन समुद्र में अंजाम देगें। इसके अलावा दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम से निपटने और जमीनी टार्गेट को भी निशाना बनाने का अभ्यास करेंगे। इनीयोकॉस-25 में भारतीय वायुसेना की भागीदारी वैश्विक रक्षा सहयोग और समनवय को दर्शाती है। यह अभ्यास भारत की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। साथ ही मित्र देशों के साथ साझा अभियानों में इसकी क्षमताओं को बढ़ाएगा।*




# आईपीएल : लखनऊ को पहली जीत की तलाश, आज पंजाब देगा चुनौती

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को यहां जब फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स की मेजबानी करेगी। नए कप्तान ऋषभ पंत की नजरें अच्छा प्रदर्शन करने और टीम को घरेलू मैदान पर सत्र की पहली जीत दिलाने पर टिकी होंगी।

पिछले साल नीलामी में आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने पंत शुरुआती दो मैच में बल्लेबाज के तौर पर नाकाम रहने के बाद 27 करोड़ रुपए की अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पंत शुरुआती दो मैच में शून्य और 15 रन की पारियां ही खेल पाए हैं। यह आक्रामक भारतीय खिलाड़ी रन बनाकर अपने अपने आलोचकों को चुप कराने के लिए बेताब होगा।



## सबसे महंगे खिलाड़ियों के बीच होगा मुकाबला

पहली बार पंत का सामना दिल्ली कैपिटल्स के अपने पूर्व कोच रिकी पोंटिंग से होगा जो इस सत्र में पंजाब किंग्स में शामिल हुए हैं। यह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे और दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा जिसमें श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स की अगुआई करेंगे। आईपीएल नीलामी में 26.75 करोड़ रुपये में बिके। अय्यर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 42 गेंद पर नाबाद 97 रन बनाकर मैच जिताने वाली पारी खेली। आईपीएल विजेता कप्तान अय्यर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना पसंद करते हैं और इसी लय को जारी रखना चाहेंगे।



## लय में पंजाब की टीम

शशांक सिंह ने पिछले सत्र की शानदार लय बरकरार रखी है जबकि प्रियांश आर्य ने आईपीएल पदार्पण करते हुए पंजाब के लिए 23 गेंद में 47 रन बनाकर अपने करियर की धमाकेदार शुरुआत की। भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे मध्यम गति के गेंदबाज विजयकुमार वैशाख ने पंजाब के लिए प्रभावी गेंदबाजी की है। इकाना स्टेडियम की पिच गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों और धीमी गति के गेंदबाजों के अनुकूल है और दोनों टीम के स्पिनर मैच के नतीजे में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

खास खबर

# रॉयल्स कप्तान पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

गुवाहाटी। राजस्थान रॉयल्स के कार्यवाहक कप्तान रियान पराग पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स पर अपनी टीम की छह रन की जीत के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाने के बाद सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। आईपीएल ने कहा, 'यह न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के नियम 2.22 के तहत उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'



टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली रॉयल्स की टीम अब पांच अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

# स्ट्राइक रेट बेहतर करना चाहता हूं



नई दिल्ली। अफगानिस्तान और पंजाब किंग्स के हरफनमौला अजमतुल्लाह उमरजई वनडे प्रारूप में मिली सफलता को टी20 में दोहराना चाहते हैं और उसके लिये वह अपनी रफ्तार के साथ बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट पर भी मेहनत कर रहे हैं। पिछले 12 महीने उमरजई के लिये बेहतरीन रहे जिसमें उन्हें आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर का पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार पाने वाले वह अफगानिस्तान के पहले खिलाड़ी हैं। वह आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष हरफनमौला भी हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 गेंद में 41 रन बनाए और पांच विकेट लिए जिसके दम पर उनकी टीम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 3 | 1 | 2 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### सिल्वा लगातार चौथी बार बने एसएलसी अध्यक्ष

कोलंबो। शम्मी सिल्वा को सोमवार को यहां 64वीं वार्षिक आम सभा में श्रीलंका क्रिकेट का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एसएलसी ने कहा कि उन्हें 2025-27 के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया। यह अध्यक्ष के रूप में उनका लगातार चौथा कार्यकाल है और तीसरी बार उन्हें निर्विरोध चुना गया है।सिल्वा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के वर्तमान प्रमुख भारत के जय शाह के सहयोगी के रूप में देखा जाता है। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में शाह की जगह ली थी। सिल्वा का कार्यकाल 2023 में तत्कालीन खेल मंत्री रोशन राणासिंघे के साथ उनके टकराव से प्रभावित रहा था।



### वनडे नहीं टी20 श्रृंखला खेलेंगे पाक-बांग्लादेश

कराची। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने एशिया कप और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला की जगह मई में पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने पर सहमति जताई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि दोनों बोर्ड को लगा कि दो बड़ी टी20 प्रतियोगिताओं को देखते हुए लंबी टी20 श्रृंखला खेलना अधिक समझदारी भरा है और इससे दोनों टीम को अपने युवा खिलाड़ियों को अनुभव देने का मौका मिलेगा।

### बैसाखी के सहारे चल रहे द्रविड़ से ऐसे मिले धोनी

गुवाहाटी। आईपीएल 2025 के 11वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह रन से हरा दिया। इस जीत के बाद आरआर के कोच राहुल द्रविड़ बेहद खुश दिखे। यह राजस्थान की इस सीजन की पहली जीत थी। मैच के बाद द्रविड़ बैसाखी के सहारे मैदान पर आए। वहीं, धोनी टीम इंडिया के अपने पूर्व साथी को इस हालत में देखकर खुद को रोक नहीं सके। वे द्रविड़ के पास पहुंचे और उनसे हाथ मिलाया। फिर उन्होंने पैर की ओर इशारा उनसे इसके पीछे की वजह भी पूछी। दोनों ने बात भी की। आखिर में द्रविड़ ने धोनी की पीठ थपथपाई और धोनी वहां से चले गए।

आईपीएल
गत चैंपियन कोलकाता को आठ विकेट से हराया

# मुंबई की पहली जीत, अश्वनी डेब्यू मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को सोमवार को आईपीएल के मैच में आठ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। पंजाब के 23 वर्ष के अश्वनी कुमार ने आईपीएल में पदार्पण मैच खेलते हुए 24 रन देकर चार विकेट लिए। मुंबई ने इस सत्र में पहली बार वानखेड़े स्टेडियम पर खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 16.2 ओवर में 116 रन पर आउट कर दिया जो इस सत्र में उसका न्यूनतम स्कोर है। अश्वनी आईपीएल में पहले ही मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए। अश्विनी डेब्यू मैच में पहली गेंद पर विकेट चटकाने वाले आईपीएल इतिहास के 10वें गेंदबाज बने।

जवाब में इस सत्र में मुंबई से जुड़े दक्षिण अफ्रीका के रियान रिकेल्टन ने 41 गेंद में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 62 रन बनाकर मेजबान टीम को 12.5 ओवर में ही दो विकेट खोकर 121 रन तक पहुंचा दिया। यह इस सत्र में मुंबई की पहली जीत है जिसे पहले दो मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा। सूर्यकुमार यादव नौ गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 27 रन बनाकर नाबाद रहे। रोहित शर्मा 13 और विल जैक्स 16 रन बनाकर आंद्रे रसेल का शिकार हुए। इस जीत के साथ पांच बार की चैंपियन मुंबई टीम सबसे निचले स्थान से तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और उसका नेट रनरेट भी 0.309 हो गया।



### 4 विकेट लेकर रचा इतिहास

अश्विनी कुमार ने 3 ओवर गेंदबाजी की और 8 की इकोनॉमी से 24 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने चौथे ओवर की पहली गेंद पर अजिंक्य रहाणे को तिलक वर्मा के हाथों कैच आउट कराया। 11वें ओवर में अश्विनी कुमार को 2 सफलताएं मिलीं। तीसरी गेंद पर उन्होंने रिंकू सिंह को और छठी गेंद पर उन्होंने मनीष पांडे को पवेलियन भेजा दिया। 13वें ओवर में अश्विनी कुमार ने आंद्रे रसेल की गिल्लियां बिखेर दीं। इसे साथ ही अश्विनी आईपीएल डेब्यू में 4 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने।



### अश्विनी डेब्यू मैच में पहली गेंद पर विकेट चटकाने वाले आईपीएल इतिहास के 10वें गेंदबाज

### डेब्यू पर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

| प्रदर्शन | खिलाड़ी | वर्ष |
|---|---|---|
| 6/12 | अल्जारी जोसेफ | 2019 |
| 5/17 | एंड्रयू टाई | 2017 |
| 4/11 | शोएब अख्तर | 2008 |
| 4/24 | अश्विनी कुमार | 2025* |
| 4/26 | केवोन कूपर | 2012 |
| 4/33 | डेविड विजे | 2015 |

### डेब्यू सुनकर भूख नही लगी

अश्विनी कुमार ने कहा, "मुझे बहुत अच्छा लगा, दबाव तो था लेकिन टीम के माहौल ने मुझे शांत रहने में मदद की। मैंने आज लंच नहीं किया, मैंने सिर्फ केला खाया, थोड़ा दबाव था इसलिए मुझे भूख नहीं लगी। मैंने थोड़ी योजना बनाई, टीम मैनेजमेंट ने मुझसे कहा कि यह मेरा डेब्यू मैच है इसलिए इसका लुत्फ उठाओ और अपनी स्किल पर ध्यान दो। कप्तान ने भी अपनी भूमिका निभाई, हार्दिक भाई ने मुझे विकेट पर गेंद डालने को कहा। गांव में हर कोई मुझे खेलते हुए देख रहा होगा, मुझे आज मौका मिला और मैं बहुत खुश हूं।/"

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का अश्वनी बो चाहर | 01 | 03 | 0 | 0 |
| सुनील नारायण बो बोल्ट | 00 | 02 | 0 | 0 |
| रहाणे का वर्मा बो अश्वनी | 11 | 07 | 1 | 1 |
| रघुवंशी का धीर बो पंड्या | 26 | 16 | 3 | 1 |
| वेंकटेश का रिकेल्टन बो चाहर | 03 | 09 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह का धीर बो अश्वनी | 17 | 14 | 1 | 1 |
| मनीष पांडे बो अश्वनी | 19 | 14 | 2 | 1 |
| आंद्रे रसेल बो अश्वनी | 05 | 11 | 1 | 0 |
| रमनदीप का पंड्या बो सेंटनेर | 22 | 12 | 1 | 2 |
| हर्षित राणा का धीर बो पुथुर | 04 | 08 | 0 | 0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |


अतिरिक्त : 07, योग : 16.2 ओवर में 116/10
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-23-1, चाहर 2-0-19-2, अश्वनी 3-0-24-3, पंड्या 2-0-10-1, पुथुर 2-0-21-1, सेंटनेर 3.2-0-17-1.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का राणा बो रसेल | 13 | 12 | 0 | 1 |
| रियान रिकेल्टन नाबाद | 62 | 41 | 4 | 5 |
| जैक्स का रहाणे बो रसेल | 16 | 17 | 0 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 27 | 09 | 3 | 2 |

अतिरिक्त : 03, योग : 12.5 ओवर में 121/2
गेंदबाजी : जॉनसन 2-0-14-0, राणा 2-0-28-0, चक्रवर्ती 3-0-12-0, रसेल 2.5-0-35-2, नारायण 3-0-32-0.


# धोनी के घुटने में चोट, 10 ओवर बल्लेबाजी मुश्किल : फ्लेमिंग

गुवाहाटी। चेन्नई सुपरकिंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने खुलासा किया कि महेंद्र सिंह धोनी पूरी ताकत से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते क्योंकि उनके घुटने में समस्या है और यह पूर्व कप्तान मैच की स्थिति के आधार पर अपना बल्लेबाजी क्रम तय करता है। पिछले सप्ताह चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सुपरकिंग्स की 50 रन की हार के दौरान नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए 43 वर्षीय धोनी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। रविवार को धोनी ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की जब सुपरकिंग्स को 25 गेंद पर 54 रन की जरूरत थी लेकिन वह 11 गेंद पर सिर्फ 16 रन ही बना सके और टीम को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह रन से हार का सामना करना पड़ा। फ्लेमिंग ने कहा, 'यह समय की बात है। धोनी इसका आकलन करते हैं। उनका शरीर, उनके घुटने पहले जैसे नहीं हैं। वह ठीक से मूव कर रहे हैं लेकिन इसमें पोषण संबंधी पहलू भी है। वह पूरी ताकत के साथ 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते।



नेशंस लीग फुटबॉल

# जोकोविच के 100वें खिताब का सपना टूटा, याकुब बने चैंपियन



एजेंसी ▶▶ मियामी गार्डन्स

चेक गणराज्य के किशोर खिलाड़ी याकुब मेनसिक ने सोमवार को यहां नोवाक जोकोविच को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल का खिताब जीता जो उनका पहला एटीपी खिताब है।

मैच साढ़े पांच घंटे से अधिक के विलंब से शुरू हुआ जबकि बारिश के बाद काफी अधिक उमस के कारण कोर्ट पर फिसलन भी थी।

इसके अलावा जोकोविच की आंख में भी संक्रमण था। मेनसिक ने जोकोविच के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की और सर्बिया के 37 वर्षीय खिलाड़ी के 100वें एटीपी खिताब के इंतजार को बढ़ा दिया।

दुनिया के 54वें नंबर के खिलाड़ी मेनसिक ने 14 ऐस लगाए और सिर्फ एक बार अपनी सर्विस गंवाई। चेक गणराज्य के खिलाड़ी ने मैच प्वाइंट पर सर्विस विनर के साथ खिताब अपने नाम किया।

# राणा की पारी शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने नितीश राणा की प्रशंसा करते हुए उनकी 36 गेंद में 81 रन की पारी को 'शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी' कहा और चेन्नई सुपरकिंग्स पर छह रन की जीत का श्रेय राजस्थान रॉयल्स के क्षेत्ररक्षण को भी दिया। नितीश ने आक्रामक पारी खेली जिससे रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाए और फिर सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोककर सत्र की पहली जीत दर्ज की। वानिंदु हसरंगा के चार विकेट और कार्यवाहक कप्तान रियान पराग का शिवम दुबे का एक हाथ से शानदार कैच लपकने सहित टीम के बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने जीत में अहम भूमिका निभाई।



# बिहार के राजगीर में होगा पुरुष हॉकी एशिया कप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पुरुषों के एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन राजगीर में 29 अगस्त से सात सितंबर के बीच किया जाएगा जो बेल्जियम और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जाने वाले 2026 एफआईएच विश्व कप का क्वालीफायर भी होगा।

बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर को महिलाओं की एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के सफल आयोजन के बाद मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। टूर्नामेंट का विजेता सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा जिससे प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है। महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें सत्र में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया,



चीन और मलेशिया सहित आठ टीम हिस्सा लेंगी। शेष दो टीम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता एएचएफ कप के जरिए अपना स्थान सुरक्षित करेंगी।

राजगीर को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के आयोजन स्थल के रूप में अंतिम रूप देने के लिए हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच सोमवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

# रोहित को प्लेइंग-11 में नहीं मिली जगह

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस की प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली है। रोहित का नाम इम्पैक्ट प्लेयर की लिस्ट में शामिल है और इस बात की प्रबल संभावना है कि वह इसी भूमिका में उतरेंगे। मुंबई ने केकेआर के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम पर खेले जा रहे मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस से पहले रोहित टीम हडल में बात करते नजर आए थे। इससे पहले सीएसके के खिलाफ भी रोहित का इस्तेमाल इम्पैक्ट सब के तौर पर किया गया था। हालांकि, उस मैच में रोहित प्लेइंग-11 का हिस्सा थे, लेकिन फील्डिंग के दौरान रोहित की जगह विग्नेश पुथुर को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर लाया गया था।



# नरेंद्र को विश्व मुक्केबाजी कप में भारत की कमान

नई दिल्ली। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल सोमवार से ब्राजील के फोज डू इगुआकु में शुरू होने वाले पहले विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय भारतीय पुरुष मुक्केबाजी टीम की अगुआई करेंगे जिसे मिश्रित ड्रॉ मिला है। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में मुक्केबाजी को शामिल किए जाने और फरवरी में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से अस्थाई मान्यता प्राप्त करने के बाद यह टूर्नामेंट विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली प्रतियोगिता है।



**भारतीय टीम** : जादुमणि सिंह मंडेंगबम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), अभिनाश जामवाल (65 किग्रा), हितेश (70 किग्रा), निखिल दुबे (75 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), जुगनू (85 किग्रा), विशाल (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक)।

16 साल की उम्र में अंडर-19 विश्व कप टीम के थे सदस्य

# अनदेखी के बाद जीशान ने आईपीएल में छोड़ी छाप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीशान अंसारी 2016 में 16 साल की उम्र में भारतीय अंडर-19 विश्व कप टीम के सबसे कम उम्र के सदस्य थे जिस टीम के कई सदस्यों ने बाद में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। ऋषभ पंत, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, सरफराज खान, आवेश खान और खलील अहमद जहां अगले स्तर पर पहुंचने के लिए प्रयास कर रहे थे तो वहीं जीशान गुमनामी में खो गए। तब से उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए सिर्फ पांच रणजी ट्रॉफी मैच और एक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबला खेला है। लखनऊ के हजरतगंज का यह लेग स्पिनर उस टीम में आकर्षण का केंद्र नहीं था जिसके छह खिलाड़ियों ने बाद में विभिन्न प्रारूप में भारत की सीनियर टीम की ओर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला। वर्षों की गुमनामी के बाद रविवार की दोपहर अब 25 वर्षीय और बेहतर



कद-काठी वाले अंसारी ने आईपीएल में पदार्पण करते हुए फाफ डु प्लेसिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क और लोकेश राहुल जैसे उम्दा बल्लेबाजों को आउट किया लेकिन उनकी टीम सनराइजर्स को हार का सामना करना पड़ा। जीशान गेंद को फ्लाइट करने से नहीं डरते और इससे पूर्व अंडर-19 भारतीय चयनकर्ता और उत्तर प्रदेश के दिग्गज ज्ञानेंद्र पांडे उस समय प्रभावित हुए थे।

### यूपी राज्य ने नहीं दिया मौका

भारत के लिए 1999 में दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले पांडे ने कहा, 'उसे ईद से पहले ईदी मिल गई। वह काफी कड़ी मेहनत करने वाला गेंदबाज है। मैं इस बात में नहीं पड़ना चाहता कि उन्होंने इतने वर्षों में घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए अधिक मैच क्यों नहीं खेले लेकिन वह मेरठ मैवरिक्स के लिए यूपी टी20 लीग में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे और इसी कारण सनराइजर्स हैदराबाद के स्काउट्स ने उन्हें चुना।' हजरतगंज में एक दर्जी के बेटे जीशान ने पांच रणजी मैच में 17 विकेट लिए जो कि शानदार प्रदर्शन तो नहीं हैं लेकिन फिर भी 2020 से किसी भी प्रारूप में मौका नहीं मिलने से सवाल उठ सकते हैं।







ईदगाह पर नमाज अदा करते मुस्लिम धर्मावलंबी। इनसेट में ईद की मुबारकबाद देकर खुश होते बच्चे।

एक दूसरे से गले मिलकर दी मुबारकबाद फिर शीर-खुरमे से मुंह कराया मीठा, बच्चों को दी गई ईदी

# ईदगाह में करीब सवा लाख लोगों ने पढ़ी सामूहिक नमाज, फिर ईद-उल फितर का जलवा हुआ अफरोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रमजान माह की इबादतों और रोजे के बाद सोमवार को ईद-उल फितर का जलवा अफरोज हुआ। कहते हैं ईद मसर्रतों का आगाज है, खुशखबरी की महक है। मुस्कुराहटों का मौसम है और रौनक का जश्न है। इसलिए ईद पर पूरे शहर में गजब का उल्लास दिखा। सुबह ईद की पहली नमाज के बाद सिवइयों या शीर-खुरमे से मुंह मीठा कर ईद की मुबारकबाद का दौर चला।

सामूहिक रूप से ईद उल फितर की नमाज अता की गई। इसके बाद शहर की अन्य मस्जिदों में नमाज अदा की गई। नमाज अता करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं बच्चे भी खुश थे, क्योंकि ईद की मुबारकबाद के बाद उन्हें ईदी जो मिली थी। इसके साथ ही घरों में आने वाले मेहमानों को मुस्लिम समाज के लोगों ने सेवइयों से मुंह मीठा कराया। समाज के लोगों ने एक दूसरे को गले मिल कर बधाई दी। ईदगाह पर नवाज के बाद छोटे-बड़े, अपने-पराए, दोस्त-दुश्मन भी एक दूसरे से गले मिले और मोहब्बत का पैगाम देते नजर आए।

## काजी सैय्यद ने जामा मस्जिद में सुबह 7.15 पर तो ताजुल मस्जिद में 8 बजे पढ़ी गई नमाज

ईदगाह में नमाज में करीब सवा लाख से भी ज्यादा मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। शहर काजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी ने नमाज अदा करवाई। राजधानी भोपाल की जामा मस्जिद में सुबह 7:15 पर तथा ताजुल मस्जिद पर सुबह 8:00 बजे की ईद की विशेष नमाज अदा की गई। शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी ने ईद की नमाज से पहले कहा कि ईद रोजा रखने वालों को अल्लाह तआला का खास इनाम है। नमाज के बाद खुतबा हुआ और बाद में दुआ की गई।

## हिंदू समाज और सिख समाज के लोगों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को दी बधाई

ईद की आमद के लिए शहर की तमाम मस्जिदों में विशेष नमाज अता की गई। बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग तक सभी ने हाथ उठाकर अल्लाह से रोजे और इबादत की हिम्मत के लिए खुदा का शुक्रिया अदा किया। सिर्फ मुस्लिम भाई ही नहीं, दीगर लोगों ने भी ईद की मुबारक दी। हिंदू समाज व सिख समाज के लोगों ने मुस्लिम भाइयों का स्वागत किया। ईदगाह में नमाज अदा करने आए सैयद फारूक ने बताया कि शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी ने ईदगाह में नमाज अदा करवाई। पहले उन्होंने तकरीर भी की। शहर काजी ने कहा, इस्लाम का असल मकसद मोहब्बत का पैगाम देना है। गले मिलने से पहले दिलों से नफरतों को मिटा दें। तभी सही मायने में ईद की खुशी होगी। ईद का मतलब एक-दूसरे के दुख को महसूस करना,जरूरतों में काम आना और मोहब्बत का पैगाम देना है।

**एक रास्ते से आमद, दूसरे से वापसी**

*ईदगाह की नमाज में शामिल होने के लिए अकीदतमंदों के हुजूम अल सुबह से ही मंजिल की तरफ बढ़ने लगे थे। सिर पर टोपी, बदन पर नए नवेले कपड़े, महकती खुशबू और जुबां पर अल्लाह का जिक्र लिए लोग हर तरफ दिखाई दे रहे थे। इस्लामी मान्यता अनुसार इनका वापसी का रास्ता कुछ बदला हुआ था।*

पंजीयन विभाग को मिला 48 करोड़ रुपए का राजस्व

# आखिरी दिन ईद के अवकाश पर रात 12 बजे तक रिकॉर्ड 1560 रजिस्ट्रियां दर्ज

भोपाल पंजीयन विभाग ने 1700 करोड़ रुपए का लक्ष्य भी किया पूरा

*» प्रदेश के महानगरों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भोपाल का रहा, आज बंद रहेंगे दफ्तर*

*रात तक हुए कारोबार के अनुमान से लगभग 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में पुराने दामों पर सोमवार को रिकार्ड 1560 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई, जिससे पंजीयन विभाग को लगभग 48 करोड़ रुपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ है। वहीं इसके साथ ही पंजीयन विभाग भोपाल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का लक्ष्य 1700 करोड़ भी पूरा कर लिया है। बता दें कि जिले में प्रापर्टी के नये दाम एक अप्रैल से लागू हो गए हैं, जिनके आधार पर ही रजिस्ट्री शुल्क जमा करना होगा। हालांकि मंगलवार को सॉफ्टवेयर में रखरखाव कार्य के चलते पंजीयन कार्यालय बंद रहेंगे। वहीं, पंजीयन अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के महानगरों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भोपाल का रहा है, रात तक हुए कारोबार के अनुमान से लगभग 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी प्राप्त हुई है।

## कम पड़े 700 स्लॉट तो विभाग ने खोले असीमित स्लॉट

मार्च महीने के अंतिम दिनों में लोगों ने पुराने दामों पर जमकर रजिस्ट्री करवाई। सोमवार को आइएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालयों में सुबह 10 बजे से लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था, जहां देर रात 12 बजे तक काम चलता रहा। लोगों ने एक दिन पहले ही पूरे 700 से अधिक स्लाट बुक कर लिए थे, लेकिन यह भी कम पड़ गए तो विभाग ने असीमित स्लाट खोल दिए, जिससे लोगों को अधिक से अधिक रजिस्ट्री कराने का मौका मिल गया और रात 12 बजे तक 1560 रजिस्ट्रियों के साथ करीब 48 करोड़ रुपये का राजस्व विभाग ने प्राप्त किया है। बता दें कि पिछले साल 31 मार्च को 800 रजिस्ट्रियां दर्ज हुईं थी जिसकी अपेक्षा इस बार 760 रजिस्ट्रियां अधिक दर्ज हुई हैं।

## सर्वाधिक रजिस्ट्री की वजह संपदा-1 का बंद होना

राजधानी सहित पूरे प्रदेश में आज से यानि एक अप्रैल से पंजीयन विभाग का साफ्टवेयर संपदा-1 पूरी तरह से बंद हो जाएगा। इसके जरिए किसी भी तरह के कोई दस्तावेज रजिस्टर्ड नहीं किए जा सकेंगे। अब पूरी तरह से ई रजिस्ट्री व स्टांप का काम संपदा-2 साफ्टवेयर पर होगा। यही कारण रहा है संपदा-1 बंद होने के चलते लोगों ने जमकर ऑफलाइन माध्यम से रजिस्ट्रियां करवाई, जिससे यह आंकड़ा 1500 के पार पहुंच गया।

कोलार के कजलीखेड़ा कृष्णा डेयरी की घटना, पड़ोसी फंदे से उतारकर ले गए थे अस्पताल

# शराब के नशे में पति से हुआ था विवाद, बेटी रूठकर गई, मां ने घर में लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित गेहूंखेड़ा चर्च के पास कृष्णा डेयरी में रविवार रात एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसका पति से विवाद हुआ था। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस के अनुसार लता राजपूत पति प्रकाश राजपूत (40) चर्च के पास गेहूंखेड़ा, कृष्णा डेयरी में रहती थी। डेयरी में चार कमरे बने हुए हैं। कमरों में अन्य मजदूर भी रहते हैं। कल्याणपुर छोला निवासी लता भी पति और दो बच्चों के साथ यहीं रह रही थी। रविवार को परिवार ने खाना खाया और सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी शराब के नशे में धुत प्रकाश राजपूत का लता से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने लगा तो लता की 13 साल की बच्ची घर से गुस्सा होकर चली गई। पड़ोस में रहने वाले मजदूर बच्ची की तलाश करने निकले और उसे तलाशकर घर ले आए। इस दौरान कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो लता फांसी के फंदे पर लटकी मिली। करीब 11 बजे मजदूर उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर लता को मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंची तो वहां प्रकाश राजपूत शराब के नशे में धुत बेसुध मिला। घटना की जानकारी लता के अन्य करीबी परिजनों को दी गई। वे सुबह पहुंचे और पीएम कराया गया।

# युवक ने जहर खाकर दी जान

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित तरावली कलां गांव में एक युवक ने जहर खा लिया। परिजन उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अनूप कंजर पिता शुक्ला कंजर (18) तरावली कला में रहता था। गत 20 मार्च को उसने जहर खा लिया। परिजन उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान रविवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मृतक के बयान नहीं हो सके थे। परिजन शोकाकुल हैं। उनके बयान के बाद ही स्पष्ट हो सकेंगे।

# डॉ. संजय तिवारी होंगे हेमंत चंद्र विवि दुर्ग के कुलपति



**भोपाल।** भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. संजय तिवारी को हेमंत चंद्र विश्वविद्यालय दुर्ग का कुलपति नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के उपसचिव हिना अनिमेष नेताम ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं।

महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विवि का 5वां दीक्षांत समारोह

# विश्व के प्राचीन ज्ञान का बोध संस्कृत भाषा से ही संभव: राज्यपाल पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि संस्कृत भाषा विश्व की सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है। विश्व के प्राचीन ज्ञान का बोध संस्कृत भाषा के माध्यम से ही संभव हो सकता है। हमारी भारतीय संस्कृति के खजाने में छुपे ज्ञान और विज्ञान को अपनी प्रतिभा से जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प समस्त उपाधी प्राप्तकर्ता विद्यार्थी लें।

विद्यार्थी प्रयास करें कि वे अपने ज्ञान से वंचित लोगों का उद्धार करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि समाज और राष्ट्र की शिक्षा जगत पर बहुत सारी आशाएं टिकी हैं। आने वाले समय में भारत को विकसित बनाने में सभी विद्यार्थी अपना योगदान दें। राज्यपाल एवं कुलाधिपति



मंगुभाई पटेल ने कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के पंडित सूर्य नारायण व्यास संकुल सभागृह में महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विवि के 5वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की।

## स्थानीय खेल समाचार

### स्व. अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट कल से



**भोपाल।** 13वीं स्वर्गीय अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता (वर्ष 1986) ओल्ड कैंपियन मैदान पर बुधवार से खेला जाएगा। समिति के अध्यक्ष अभय कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि उद्घाटन बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, फेथ क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर, एलएनसीटी ग्रुप के डायरेक्टर अनुपम चौकसे एवं डायरेक्टर सूर्या ग्रुप बॉबी करेंगे। प्रतियोगिता अंडर 22 के 40 ओवर मैच कॉर्पोरेट और डिपार्टमेंट टी20 फॉर्मेट पर खेली जाएगी।

### 35वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट जूनियर के लिए 43 खिलाड़ी हुए चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपीकेसीए के सचिव की अध्यक्षता में चयन समिति द्वारा 35वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट जूनियर महिला पुरुष व सब जूनियर बालक और बालिकाएं चयनित टीम की घोषणा की गई। इसमें कुल 43 चयनित खिलाड़ी एक माह तक आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। इसके बाद 35वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट जूनियर महिला पुरुष व सब जूनियर बालक और बालिकाएं प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उक्त प्रतियोगिता में कोचों की नियुक्ति चयन समिति द्वारा की गई है। इनमें पीके बरोई, सोहेल खान होंगे व महिला कोच बिश्बेस्वरी देवी होंगी।

प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट

### मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने एकतरफा मुकाबले में एनसीसी अकादमी को 91 रन से पराजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार का मैच मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी और एनसीसी के बीच खेला गया, जिसमें मयंक अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 40 ओवर मे 8 विकेट पर 231 रन बनाए।

जिसमें ऋषभ पांडे ने 80 रन ठोक। एनसीसी के गेंदबाज सोम दुबे और अभिजोत ने 2-2 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी एनसीसी की टीम 36.5 ओवर में 140 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, जिसमें पृथ्वीराज ने 26 रन बनाए। मयंक अकादमी की तरफ से



गेंदबाजी करते हुए ऋषभ पांडे ने 3 विकेट लिए। ऋषभ पांडे को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। उन्हें वार्ड 34 के पार्षद पप्पू विलास और कृष्णा घाड़गे सदस्य भाजपा प्रदेश कार्यसमिति और सचिन दास बब्बा ने पुरस्कृत किया।

रोमांचक मुकाबले में अकीरा अकादमी को हराया

### रेलवे यूथ ने 7 विकेट से जीता मैच चार विकेट लेकर युग बने हीरो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में आयोजित अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी और अकीरा क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। रेलवे यूथ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और अकीरा क्रिकेट अकादमी को 113 रनों पर ऑल आउट कर दिया। इसमें हित्विक पाटीदार ने सर्वाधिक 24 रन बनाए। वहीं युग सुइयां ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 और अर्पित राजपूत ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे यूथ ने बड़ी आसानी से 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। युग सुइयां ने 55 रन की पारी खेली। ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए युग सुइयां को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930